फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 303 प्रभात जयपुर, बुधवार 8 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**Boxing Royalty Vs the Change**

The Royalty of the boxing world had to react; it had to set the record straight. After all they represented not only themselves but a style of boxing.

**SPACE: Stargazing Month**

**RESEARCH: How Diabetes Promote Tooth Decay**

# चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ के चयन के दायरे में युवा अफसरों व वैज्ञानिकों को लाना चाहती है सरकार

## पहले चयन के दायरे में थल सेना, वायु सेना व जल सेना के चीफ ही आते थे

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पर, अब यह महसूस किया जा रहा है कि, आधुनिक युद्ध केवल टैंक व बंदूक की लड़ाई ही नहीं, बल्कि अब लेज़र, ड्रोन व अन्य नवीनतम टैक्नोलॉजी पर आधारित नये-नये हथियारों का उपयोग हो रहा है। उदाहरण के लिये, यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की मदद व उपयोग से रूस के लगभग हजार टैंकों को नष्ट किया यूक्रेन ने।
- इसी प्रकार यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की सैटलाइट से संकलित इंटैलिजैंस से उपलब्ध जानकारी के उपयोग से यूक्रेन ने रूस के फ्लैगशिप को ब्लैक सी में चिन्हित करके, केवल दो मिसाइल्स के उपयोग से डूबो दिया था।
- ड्रोन, लेज़र, सैटलाइट आधारित इन्टैलिजैंस के उपयोग में युवा अफसरों को ज्यादा सिद्धहस्त माना जाता है। अतः चीफ ऑफ डिफैन्स स्टाफ के चयन का दायरा बढ़ाया गया है। चयन अब जल, थल व वायु सेनाध्यक्षों तक सीमित नहीं रखा जायेगा।
- पर, चयन प्रक्रिया व मापदण्ड में यह परिवर्तन करना आसान नहीं, क्योंकि, इससे सेना का सुसंगठित व सुनियोजित ''कमाण्ड स्ट्रक्चर'' बदलेगा और एक युवा ले. जनरल अपने पुराने बॉस सेनाध्यक्ष से वरिष्ठ बन सकता है, सी.डी.एस. का मुखिया बन कर।
- सेना के ''कमाण्ड स्ट्रक्चर'' से ऐसी छेड़छाड़ खतरे से खाली नहीं।

नई दिल्ली, 7 जून। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सी.डी.एस.) के चयन के मानदंडों के बारे में जारी की गई सरकार की नई गाइडलाइनों से पूरी तरह नये अवसरों के द्वार खुल गये हैं। सीधे शब्दों में कहें तो, नई गाइडलाइनों ने इस पद के लिये उपयुक्त अधिकारी की तलाश के क्षेत्र को बढ़ाकर, तीनों सैन्य प्रमुखों से लेकर उनसे युवा उम्मीदवारों तक पहुँचा दिया है। इससे जटिल समस्या, अर्थात् प्रतिस्थापन (सुपरसैशन्स) या फिर वृहद क्षेत्र से चयन के दरवाजे खुल गये दिखाई दे रहे हैं।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ मात्र उच्च विशिष्टता युक्त सेवारत अधिकारी नहीं होता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एवं स्वप्नदृष्टा तथा व्यापक सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे की स्थितियों एवं संभावनाओं के बारे में सोचने वाला होता है। उसकी सोच सेना की तीनों शाखाओं- थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना में से किसी एक शाखा तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिये।

पिछले सी.डी.एस., जनरल विपिन रावत का निधन पिछले दिसम्बर में हुई एक दुखद हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हो गया था। तब से किसी नये सी.डी.एस. की नियुक्ति नहीं हुई है। जनरल रावत अपने समय के एक बहुत ही उच्च स्तरीय सैन्य अधिकारी थे तथा बहुत आगे की सोच के लिये प्रसिद्ध थे।

चूँकि वर्तमान सैन्य प्रमुखों में से अभी तक कोई भी चयनित नहीं हुआ है, इसलिये इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि सरकार के विचार से कोई भी सैन्य प्रमुख इस पद के पूर्णतः अनुकूल नहीं था। अब चूँकि तलाश का क्षेत्र बढ़ा दिया गया है, तो इसके पीछे यह विचार होना संभावित है कि सैन्य प्रमुखों के अलावा भी कोई अधिकारी इस पद के लिये लिया जा सकता है।

इसका मतलब है कि अपेक्षाकृत युवा अधिकारी भी सी.डी.एस. बन सकेंगे। इस वर्तमान पद-क्रम निश्चित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोनिया गांधी

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, जो पांच दिन पहले कोविड-19 पॉज़िटिव आई थीं, नैशनल

- 5 दिन पहले कोविड पॉज़िटिव आईं सोनिया गांधी खराब स्वास्थ्य के कारण ई. डी. के समक्ष नहीं उपस्थित हो पाएंगी। इसलिए उन्होंने अगली तारीख मांगी है।

हैरल्ड केस में मनी लॉण्डरिंग के कथित आरोपों की पूछताछ हेतु संभवतः

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मस्कट में फंसा परिवार

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। मीना पांडे ने मीडिया को खुला पत्र लिखकर मांग की है कि प्रधानमंत्री मोदी उसे और उसके

- 5 महीने से मस्कट में फंसे एक भारतीय परिवार ने मीडिया को खुला पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से जान बचाने की गुहार की है।

परिवार को बचाएं जो गत 5 माह से मस्कट में फंसा हुआ है और भारतीय दूतावास से कोई मदद नहीं मिल रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस को अकबर रोड स्थित ए.आई.सी.सी. का मुख्यालय खाली करना होगा

## नगर विकास मंत्रालय, शीघ्र ही इस बंगले को खाली कराने के मकसद से कांग्रेस को नोटिस जारी करेगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, 44 साल से, 1969 से, जब से कांग्रेस का विभाजन हुआ था, कांग्रेस पार्टी इस बंगले को ए.आई.सी.सी. के मुख्यालय के रूप में काम में ले रही थी।
- 1969 में कांग्रेस के पुराने ''ओल्ड गार्ड्स'' ने कांग्रेस पार्टी के परम्परागत, 7, जंतर-मंतर, पर कब्जा कर लिया था तथा इंदिरा गांधी ने कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय, 24, अकबर रोड को बनाया था तथा मध्य रात्रि को डॉ. शंकर दयाल शर्मा एक ट्रक भर के पुराने कागजात इकट्ठे कर के, 24, अकबर रोड ले आये थे।

नई दिल्ली, 7 जून। शहरी विकास मंत्रालय जल्दी ही कांग्रेस को यह नोटिस भेजेगा कि वह 24, अकबर रोड के उस सरकारी बँगले को खाली कर दे, जो पिछले 44 साल से अर्थात्, 1969 में हुये कांग्रेस के विभाजन के समय से ही कांग्रेस के पास है।

इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाला गुट इस बँगले में आ गया था तथा डॉ. शंकर दयाल शर्मा पूर्ववर्ती पार्टी मुख्यालय, 7, जन्तर-मन्तर रोड, जो सरकार पटेल मेमोरियल ट्रस्ट की सम्पत्ति थी, फाइलों को एक ट्रक में भरकर आधी रात के समय नये मुख्यालय में लाये थे। कांग्रेस के पुराने दिग्गज उसी भवन में बने रहे थे तथा उसके बाद, वह भवन कई पार्टियों का मुख्यालय बन चुका है, जिनमें जनता दल एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो इसके सबसे बाद वाले किरायेदार हैं, की अध्यक्षता वाला जनता दल (यू.) भी शामिल है।

अकबर रोड का बँगला नं. 24 कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के लिये काफी सुविधाजनक था, क्योंकि वे, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु के बाद, इससे सटे हुये 10, जनपथ में ही रह रही थीं। वे एक से दूसरे भवन में जाने के लिये इन दोनों बँगलों के पीछे वाले दरवाजों को काम में लेती थीं। कांग्रेस ने अपने 'सेवा दल' के लिये इसके पड़ोस वाला 26 नम्बर बँगला भी ले लिया था, जिसे पार्टी को अभी हाल ही में खाली करना पड़ा था।

24, अकबर रोड, बँगला आन्ध्र प्रदेश के सांसद जी. वैंकटस्वामी का आवास था, जो उन्हें एक सांसद की हैसियत से आवंटित किया गया था। जनवरी 1978 में, इन सांसद, जो इंदिरा गांधी पक्के वफादार थे, के आग्रह पर कांग्रेस (इंदिरा) यहाँ आ गई थी।

सरकार कांग्रेस पर यह दबाव बना रही है कि वे दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर बने अपने मुख्यालय में पहुँच जाये। ज्ञातव्य है कि इसी मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी तथा कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सी.पी.आई.) के मुख्यालय भी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कांग्रेस तथा भाजपा को संबंधित जमीन आवंटित की गई थीं।

भाजपा अपने इस भव्य मुख्यालय में 2018 में ही पहुँच गई थी। कांग्रेस ने अपने मुख्यालय का भवन तो बनवा लिया है लेकिन वह भाजपा के दिग्गज नेता रहे दीनदयाल उपाध्याय के नाम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यसभा चुनाव में कालाधन

जयपुर, 7 जून (कासं)। राज्यसभा चुनाव को लेकर हॉर्स ट्रेडिंग और कालेधन के लेन-देन की खबरों के बीच पहले कांग्रेस ने एसीबी और निर्वाचन आयोग को शिकायत दर्ज करवाई थी तो उसके पलटवार में भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मुख्य निवार्चन अधिकारी के माध्यम से चुनाव आयोग के पास मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंची। भाजपा की ओर से प्रवर्तन

- कांग्रेस ने चुनाव आयोग व ए.सी.बी. तथा भाजपा ने ई.डी. व चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई।

निदेशालय को भेजे पत्र में कहा गया है कि राजस्थान में राज्यसभा चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग व कालेधन के लेनदेन की आशंका है। इसे रोका जाना आवश्यक है। इसी तरह चुनाव आयोग से शिकायत में भी कहा गया है कि राज्य की कांग्रेस सरकार सत्ता का दुरुपयोग, विधायकों को प्रताड़ित व प्रभावित करने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '91 के ''प्लेसेस ऑफ वर्शिप'' एक्ट के खिलाफ कई याचिकाएं दायर'

## इन याचिकाओं में 91 के एक्ट की वैधानिकता को चुनौती दी गयी है सुप्रीम कोर्ट में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। सुप्रीम कोर्ट में प्लेस ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रोवीज़न्स) एक्ट 1991 पर एक और याचिका दायर की गई है। यह याचिका सेवानिवृत्त लैफ्टिनैंट कर्नल अनिल काबोत्रा ने दायर की है जिसमें उक्त अधिनियम 15 अगस्त 1947 की कट ऑफ डेट को चुनौती दी गई है।

उन्होंने 1991 के अधिनियम के सैक्शन 2, 3, और 4 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है और दावा किया है कि ये प्रावधान धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं क्योंकि वे कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को प्रतिबंधित करते हैं और पूजा स्थलों के परिवर्तन की अनुमति नहीं देते हैं।

उक्त एक्ट के खिलाफ कई याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है जिनमें दिल्ली के भाजपा नेता

- याचिकाओं का मूल तर्क है, इस विधेयक के जरिये सरकार ने सुप्रीम कोर्ट व अन्य न्यायालयों के अधिकारों को सीमित कर दिया और ये अधिकार इन न्यायालयों को संविधान द्वारा प्रदत हैं।

एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका भी शामिल जिस पर गत वर्ष मार्च में केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किया गया था।

गत सप्ताह एक मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए- हिंद ने भी सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी और उपाध्याय की लम्बित याचिका में हस्तक्षेप की मांग की गई थी। जिसमें 1991 एक्ट के सैक्शन 2,3, और 4 को चुनौती दी गई थी। जमीयत की याचिका में दावा किया गया था कि उन्होंने जो मुद्दे उठाए है उन पर पहले ही सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ सुनवाई कर चुकी है।

सैन्य अधिकारी की याचिका, जो एडवोकेट अश्विनी कुमार दुबे के जरिए दायर की गई है, में कहा गया है कि, कानून में केन्द्र ने मनमाने तरीके से पूर्व व्यापी (रैट्रोस्पैक्टिव) ''कट ऑफ डेट'' दी है, इस कानून के अनुसार पूजा स्थलों का जो स्वरुप 15 अगस्त 1947 को था, उसे बरकरार रखा जाए और घुसपैठिए आक्रांताओं, कानून तोड़ने वाले द्वारा पूजा स्तलों पर कब्जा करने के विवाद पर कोर्ट में कोई सुनवाई नहीं होगी, और ऐसी प्रक्रिया में कमी आनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'औरंगज़ेब की सेना अकबर की सेना से काफी ज्यादा विशाल थी, पर फिर भी अकबर का शासन ज्यादा गौरवशाली व समृद्धिपूर्ण क्यों था?'

## भारत में ब्रिटिश राज के, पहले मुस्लिम हाई कोर्ट जज सैय्यद महमूद ने इस प्रश्न का बहुत तार्किक व विवेकपूर्ण जवाब दिया है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सैय्यद महमूद के अनुसार, औरंगज़ेब ने अपने प्रशासन को सैन्य बल व अनुशासन पर आधारित किया था, जबकि अकबर ने ''मिलजुल कर'', जनता को साथ लेकर गैर शत्रुतापूर्ण रवैया रखा अपने प्रशासन में और यह समृद्धि व वैभव का कारण था।
- सैय्यद महमूद, इंग्लैण्ड से बार एट-लॉ करने के बाद, आई.सी.एस. में चयनित हुए तथा 1879 में डिस्ट्रिक्ट जज बने।
- उन्होंने अपने छः साल के हाई कोर्ट जज (इलाहाबाद) के कार्यकाल में प्राचीन हिन्दू व मुस्लिम कानून व फिलॉसफी का ब्रिटिश द्वारा पारित कानून के साथ सामंजस्य बिठाने का पूरा प्रयास किया।

नई दिल्ली, 7 जून। इलाहाबाद हाई कोर्ट में पदोन्नत होने वाले भारत के प्रथम मुस्लिम एवं नॉर्थ इण्डिया के प्रथम जज जस्टिस सैयद महमूद की कई विशिष्ताएं थीं क्योंकि उनके विरोधी प्रकृति के निर्णय देने का माद्दा था। ये निर्णय बाद में दक्षिण एशिया महाद्वीप के लिए मार्गदर्शक बने और इन्हें पूरी दुनिया में उद्धृत किया जाता है।

आज की बढ़ती अहिष्णुता और धर्मान्धता के वातावरण में जस्टिस महमूद का जीवन चरित्र अपने आप में अलग ही है क्योंकि उन्होंने अपनी नौकरी बचाने के लिए ब्रिटिश हुकूमत के समक्ष झुकने के बजाए इलाहाबाद हाई कोर्ट से इस्तीफा देने का विकल्प चुना।

ये तथा अन्य तथ्य दो सौ पृष्ठों की बायोग्राफी में बड़े शानदार ढंग से व्यक्त किए गए हैं। ''सैयद महमूद कोलोनियल इण्डियाज़ डिसैंटिंग जज'' नामक यह बायोग्राफी दो युवा विद्वानों मोहम्मद नासिर और समरीन अहमद ने लिखी है और हाल ही में इसका प्रकाशन किया गया है। सैयद महमूद एक धार्मिक और अन्तर धर्मावलम्बी व्यक्ति थे जिनके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

तृण से हल्की रूई होती है और रूई से भी हल्का याचक। हवा इस डर से उसे नहीं उड़ाती कि कहीं उससे भी कुछ न माँग ले।

–चाणक्य

# भारत वैध डिजिटल मुद्रा के युग में प्रवेश को तैयार

भारत अब डिजिटल मुद्रा के युग में प्रवेश करने को तत्पर है। केन्द्रीय वित्त मंत्री इस वित्त वर्ष के बजट में इसकी घोषणा ही नहीं कर चुकी हैं बल्कि वित्त विधेयक में प्रस्तावित डिजिटल मुद्रा के लिए कानूनी ढांचे की व्यवस्था भी कर दी गई है। नई मुद्रा को चलन में लाने के लिये वित्त विधेयक के जरिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 में संशोधन किया गया है। इसलिए कह सकते हैं कि भारत की अपनी डिजिटल मुद्रा जल्द ही एक वास्तविकता होगी। अब जब नयी डिजिटल तकनीक मानव जीवन के प्रत्येक हिस्से में पसरने लगी है और आभासी डिजिटल जगत में रुपयों का लेनदेन बढ़ता जा रहा है ऐसे में केंद्र सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डिजिटल रुपया जारी होने के साथ ही भारत उन चंद देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपनी केन्द्रीय बैंक डिजिटल करेंसी होगी जो फिएट करेंसी के वर्चुअल रूप को संदर्भित करेगी। भारत की यह पहल देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम देने का प्रयास है। हालांकि विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक जल्द से जल्द राष्ट्रीय डिजिटल मुद्रा तंत्र को अपनाने पर जोर दे रहे हैं किन्तु अभी तक इने–गिने देश ही इस तरफ कदम बढ़ा पाये हैं। चीन की 'डिजिटल आरएमबी' दुनिया की किसी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा जारी की जाने वाली पहली डिजिटल मुद्रा थी। पिछले साल नाइजीरिया केन्द्रीय बैंक डिजिटल करेंसी लॉन्च करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। उधर संयुक्त राज्य अमेरिका के फेडरल रिज़र्व बोर्ड की ओर से प्रस्तावित यू.एस. केन्द्रीय बैंक डिजिटल करेंसी के गुणों और अवगुणों की पड़ताल करते हुए एक चर्चा पत्र जारी किया जा चुका है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने पिछले साल जुलाई में ही यह स्पष्ट संकेत दे दिया था कि वह अपनी डिजिटल करेंसी की दिशा में काम कर रहा है और इस साल के केन्द्रीय बजट में आभासी पटल के लिए डिजिटल रुपये की कानूनी व्यवस्था कर भी दी गई। हालांकि आरबीआई ने अभी तक डिजिटल रुपये को जारी नहीं किया है मगर केन्द्रीय वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसार यह चालू वित्त वर्ष में ही होना है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि वह डिजिटल करेंसी की शुरुआत के लिए 'ग्रेडेड अप्रोच' का रास्ता अपना रहा है।

भारतीय अवाम के लिए यह एक नया अनुभव होगा। प्रत्येक देश की मुद्रा वहां की केन्द्रीय बैंक जारी करती है जिसके पीछे राज्य का समर्थन होता है। भारतीय मुद्रा 'रुपया' है जो अभी करेंसी नोट के रूप में चलन में है। एक रुपये का नोट वैध मुद्रा है। इस पर भारत सरकार लिखा होता है और वित्त मंत्रालय के वित्त सचिव के उस पर हस्ताक्षर होते हैं। एक रुपये के अलावा अन्य जितने भी भिन्न–भिन्न मूल्यवर्ग के नोट होते हैं उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक जारी करता है और उन पर केन्द्रीय बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं और उन पर लिखा होता है कि मैं धारक को (उस पर लिखे रुपये) देने का वचन देता हूं। इसकी गारंटी केंद्र सरकार देती है। कागज के नोटों के चलन से पहले चांदी के सिक्कों की मुद्रा का प्रचलन था। सिक्कों के मूल्य की गारंटी उसमें शामिल चांदी की मात्रा के अनुसार होती थी। आधुनिक समय में मुद्रा कागज की हो गई जिसके मूल्य की गारंटी केंद्र सरकार देती है। इसी के चलते रुपये के सिक्के स्टील या अन्य मिश्र धातुओं के बनने लगे क्योंकि उनकी गारंटी वे खुद नहीं होते। सरकार ने कानून के जरिए यह व्यवस्था कर दी है कि डिजिटल रुपये को भी केंद्र सरकार की गारंटी होगी। यह मुद्रा 'सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी'(सीबीडीसी) कहलाएगी जो फिएट करेंसी के समान ही होगी और उसका फिएट करेंसी के साथ बराबरी से आपसी लेनदेन (वन–टू–वन एक्सचेंजेबल) होगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में बताया कि डिजिटल मुद्रा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करके जारी की जाएगी। इसी तकनीक के आधार पर क्रिप्टोकरेंसी भी काम करती है। भारतीय डिजिटल मुद्रा की परिभाषा करते हुए आरबीआई ने पिछले साल कहा था किसी बीडीसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा होगी। लेकिन उसकी क्रिप्टोकरेंसी जैसी निजी आभासी मुद्राओं से तुलना नहीं की जा सकती है जो पिछले एक दशक में खूब बढ़ी हैं। डिजिटल रुपया अनिवार्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समर्थित रुपये का डिजिटल प्रतिनिधित्व करने जा रहा है। हम जानते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक पिछले कुछ समय से रुपये की डिजिटल मुद्रा और निजी क्रिप्टोकरेंसी की विभिन्न विशेषताओं पर मंथन करता रहा है। अपनी खुद की वैध डिजिटल करेंसी के तरीकों पर काम करते हुए आरबीआई ने निजी क्रिप्टोकरेंसी के बारे में गंभीर संदेह व्यक्त किये थे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास पहले ही कह चुके हैं कि वृहद–आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के नजरिए से निजी क्रिप्टोकरंसी एक बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है। उससे निबटने के लिए वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा की कि 1 अप्रैल, 2022 से क्रिप्टोकरेंसी और अन्य आभासी संपत्ति पर उच्चतम दर 30 प्रतिशत का आयकर लगेगा। इससे निजी आभासी दुनिया में सट्टा खेल को रोकने में मदद मिलेगी, खासकर क्रिप्टोकरेंसी के जगत में। यह भी सच है कि निजी क्रिप्टोकरेंसी के प्रति लोगों के उन्माद के कारण ही 'सीबीडीसी' के तेजी से विकास में योगदान मिला है। हालांकि डिजिटल रुपया निजी क्रिप्टोकरेंसी की प्रत्यक्ष जगह नहीं ले सकता है क्योंकि यह भिन्न उद्देश्यों के लिए होगा। क्रिप्टोकरेंसी एक प्रकार का सट्टा होता है जिसका कोई नियंत्रक नहीं होता। हालांकि बिटकॉइन भी अंतर्निहित ब्लॉकचेन तकनीक पर ही निर्मित एक क्रिप्टोकरेंसी है मगर वह उपयोगकर्ताओं को गुमनाम रहने की अनुमति देता है। अर्थात वहां खरीददार और बिक्री करने वाले दोनों गुमनाम होते हैं। यह भी किसी को पता नहीं होता कि क्रिप्टोकरेंसी कौन चला रहा है जबकि आधिकारिक डिजिटल मुद्रा को आरबीआई का समर्थन प्राप्त होगा। बताया जाता है कि भारत सरकार 'सीबीडीसी' को दो रूपों में अपनाने पर विचार कर रही है, थोक सीबीडीसी और खुदरा सीबीडीसी।

**भारत अकेला देश नहीं है जो डिजिटल कानूनी निविदा प्रणाली को लागू करने का प्रयास कर रहा है। यह वक़्त की जरूरत है। दुनिया भर के विभिन्न केंद्रीय बैंक डिजिटल डॉलर, ई-युआन और डिजिटल यूरो जैसी परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। वित्त व्यवस्था से जुड़े लोग भी मानते हैं कि डिजिटल रुपया भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है क्योंकि यह नवाचार, मौद्रिक दक्षता और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए नए रास्ते खोलता है।**

अर्थव्यवस्था में राज्य समर्थित डिजिटल मुद्रा को लाने के लिए नई तकनीक की जटिलताओं को साधना जरूरी है। इसकी तैयारी के लिए आरबीआई अपने 'रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब' नाम की एक सहायक कंपनी पहले ही बना चुकी है। स्थायी और संस्थागत तरीके से नवाचार का समर्थन करने की व्यवस्था करने वाली बेंगलुरू में स्थापित यह कंपनी आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली संस्था है जिसमें एक स्वतंत्र निदेशक मंडल है जिसमें उद्योग और शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व भी हैं। 'आरबीआई इनोवेशन हब' वित्तीय क्षेत्र के संस्थानों, प्रौद्योगिकी, उद्योग और शैक्षिणक संस्थानों के साथ सहयोग करेगा ताकि वित्तीय नवाचारों से संबंधित विचारों के आदान–प्रदान और प्रोटोटाइप के विकास के प्रयासों का आपस में समन्वय किया जा सके और एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके जो वित्तीय सेवाओं तथा उत्पाद तक पहुंच को बढ़ावा दे और वित्तीय समावेशन को मदद करे। इससे फिनटेक अनुसंधान को भी समर्थन मिलेगा। यह उद्यमियों और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग की जमीन तैयार करते हुए आवश्यक आंतरिक बुनियादी ढांचा भी प्रदान करेगा। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी, मूल्य हस्तांतरण के तरीके को बदलने की अपनी अंतर्निहित क्षमता के कारण, घरों, व्यवसायों और अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक लचीली, नवीन और प्रतिस्पर्धी भुगतान प्रणाली प्रदान करेगी। भारत के सॉवरेन–समर्थित डिजिटल रुपये में भौतिक रुपये के समान ही ट्रैपिंग और विश्वास का स्तर होगा और नवीनतम तकनीकों का समावेश होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अधिक कुशल, कम खर्चीला, पारदर्शी और सुरक्षित होगा। भारत अकेला देश नहीं है जो डिजिटल कानूनी निविदा प्रणाली को लागू करने का प्रयास कर रहा है। यह वक़्त की जरूरत है। दुनिया भर के विभिन्न केंद्रीय बैंक डिजिटल डॉलर, ई–युआन और डिजिटल यूरो जैसी परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। वित्त व्यवस्था से जुड़े लोग भी मानते हैं कि डिजिटल रुपया भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम–चेंजर साबित हो सकता है क्योंकि यह नवाचार, मौद्रिक दक्षता और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए नए रास्ते खोलता है। यह भी कि दीर्घावधि में आने वाले दशकों में भारत के पास एक वैश्विक वित्तीय प्रौद्योगिकी नेता के रूप में उभरने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा होगा।

आरबीआई गवर्नर का यह कहना आश्वासन देता है कि रिज़र्व बैंक जल्दबाजी नहीं करना चाहता और सीबीडीसी की शुरुआत से पहले सभी पहलुओं की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। उनका भी यही कहना है कि इससे अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक व्यवस्था के विशेषज्ञ मानते हैं कि आरबीआई को दी गई विनियमन शक्तियों से अनियमित डिजिटल मुद्राओं के उपयोग पर विसंगतियां समाप्त हो सकेगी। साथ ही आरबीआई द्वारा जारी किए जाने वाले डिजिटल रुपये से छपाई की लागत में कमी आएगी, निपटान जोखिम में भी कमी आएगी और टाइम ज़ोन के मुद्दों से बचने और लागत प्रभावी भुगतान प्रणाली की व्यवस्था हो सकेगी। सभी चाहते हैं कि केंद्रीय डिजिटल मुद्रा का डिज़ाइन उसकी मौद्रिक नीति, वित्तीय स्थिरता और मुद्रा और भुगतान प्रणालियों के कुशल संचालन के उद्देश्यों के अनुरूप होनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि सीबीडीसी के लिए प्रयुक्त डिजाइन तत्वों की जांच पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उन्हें बहुत कम या बिना किसी व्यवधान के लागू किया जा सके। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि डिजिटल रूपया फिएट मुद्रा के समान और फिएट मुद्रा के साथ आपस में विनिमय योग्य होना है। उनके और पारंपरिक नकद या फिएट मुद्रा के बीच एकमात्र अंतर रुपये का डिजिटल हैं होना है इसके अलावा कुछ नहीं।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# चूरू में चंदन का चितेरा है स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ बादाम वाले का पूरा परिवार

चन्दन की लकडी पर नक्काशी कार्य के लिए चूरू के स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ का परिवार देश ही नहीं विदेशों में भी ख्याति प्राप्त है। इस परिवार के सदस्यों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक पुरस्कार मिले हैं। परिवार के नौ सदस्यों को बारह राष्ट्रीय योग्यता पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार एवं शिल्प गुरु पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। इस परिवार के सदस्यों के नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज है।

चूरू के स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ को बादाम वाले कलाकार या मालजी कलाकार के नाम से जाना जाता था। प्रारंभ में स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ कोठारी–सुराणा आदि धनवान सेठों की हवेलियों में लकड़ी की चौखट और दरवाजों पर नक्काशी का काम करते थे। उन्होंने सन् 1950 में चंदन की लकड़ी पर खुलने वाला बादाम एवं अखरोट बनाए। इन पर बारीकी से देवी देवताओं की मूर्तियां उकेर कर इस कला को नए आयाम दिए।

स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ परिवार के सदस्य चन्दन की लकडी पर बारीक खुदाई करके किले, दुर्ग, हवेलियां, विजय स्तम्भ, विष्णु दरबार, रामलीला, कृष्ण लीला, ताजमहल, रथ, शंख, तलवार, पंखी, गुलदस्ता, लोकेट, सीप, बादाम एवं तरबूज का बीज आदि अनेक



पन्नालाल मेघवाल

कलाकृतियाँ निर्मित करते हैं।

भारत में चंदन की लकड़ी पर बारीक नक्काशी का कार्य करने वाला चूरू का एक मात्र जांगिड़ परिवार है। इस परिवार में इस काम को करते हुए चौथी पीढ़ी कमलेश, कपिल, मोहित, रोहित, राहुल, मनीष, गौतम, पंकज एवं शुभम भी विविध कलाकृतियां निर्मित कर कला पारखियों को चमत्कृत कर रहे हैं।

इनकी कलाकृतियों में एक ओर जहां राजस्थान के शौर्यपूर्ण इतिहास का दिग्दर्शन होता है वहीं दूसरी ओर जनजीवन की वास्तविक झाँकिया दर्शकों के सामने साकार हो उठती हैं। इनके द्वारा चन्दन की लकडी से निर्मित सामान्य जन–जीवन संदर्भित कृतियों से लेकर राजस्थान के वीरों, वीर गाथाओं



एवं प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों की कलाकृतियां अपनी अलग ही पहचान प्रस्तुत करती हैं।

स्वर्गीय मालचंद जांगिड़ स्वयं सन् 1972 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। उनके बड़े पुत्र चौथमल जांगिड़ सन् 1973 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। उन्होंने चन्दन की लकड़ी पर 65 से.मी. लंबी तलवार बनाई थी। इसकी विभिन्न परतों में राजस्थान शौर्य की पूर्ण गाथा उत्कीर्ण थी। महेशचंद्र जांगिड ने सन् 1993 में चन्दन काष्ठ से निर्मित नारियल में कृष्ण द्वारा नागफन पर बंशी बजाते हुए एवं स्नान करती हुई गोपियों के वस्त्र चुराने के दृश्यांकन पर राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था।

विनोद कुमार जॉंगिड ने सन् 1995 में चन्दन की लकडी का एक गुलदस्ता बनाया था। इस गुलदस्ते में द्रोपदी का चीर हरण, भीष्म पितामह के शैय्या पर लेटने, अर्जुन द्वारा बाण मारकर धरती से पानी निकालते हुए श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए, एकलव्य अपना अंगूठा काटकर देते हुए तथा पाण्डवों द्वारा वनगमन का दृश्य निर्मित किया था। इस गुलदस्ते पर विनोद जॉंगिड को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला था।

सन् 1998 में पवन कुमार एवं सीताराम जांगिड़ को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सन् 2005 में नवरतन मल जांगिड़ राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए। उन्होंने सीप में शेषनाग की शैय्या पर भगवान विष्णु और पैर दिखाते हुए लक्ष्मीजी एवं कमल पर आसीन ब्रह्मा को उत्कीर्ण किया था। सन् 2011 में कमलेश कुमार जांगिड़ एवं सन् 2018 में ओम प्रकाश जांगिड़ को राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया है।

**पन्नालाल मेघवाल**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# वर्ष के 365 दिन अनवरत चलता है "रोटी बैंक"

**बानसूर, (निसं)।** कहते हैं जीवन में जब कुछ कर गुजरने का जुनुन सवार हो जाता है तो व्यक्ति वह सब करने में बखुबी कामयाब हो जाता है जिसकी वह चाह करता है।

बानसूर कस्बे निवासी आर सी यादव में खुद का निजी विद्यालय संचालित कर रहे हैं। यादव को निजी विद्यालय से आमदनी मिलना शुरू हुआ तो यादव ने अपने सपने को 8 अप्रैल 2016 को साकार रूप देते हुए रोटी बैंक की स्थापना की। जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे रखा गया। आर सी यादव ने बानसूर कस्बे में एक ऐसा बैंक स्थापित किया है जो भूख को शांत करने के लिए रोटी का लेनदेन होता है।

कोई भी व्यक्ति एक रुपया से इस बैंक का सदस्य बन सकता है रोटी बैंक के द्वारा प्रतिदिन गरीब, बेसहारा, साधु संतों एवं जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन खिलाया जाता है कस्बे के बाईपास स्थित रोटी बैंक में रोजाना शाम




बानसूर में लोगों की भूख मिटाने के लिए रोटी बैंक संचालित किया जा रहा है।

के समय लोगों को भोजन करते हुए देखा जा सकता है।

रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन अस्पताल परिसर में शाम 6 बजे से 8 बजे तक सभी मरीजों एवं मरीजों के साथ आए परिजनों को निःशुल्क खाना खिलाया जाता है। साथ ही गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को बाईपास रोड पर 5 बजे से निःशुल्क खाना खिलाया जाता है। रोटी बैंक प्रतिदिन ताजा खाना उपलब्ध करवाता है बैंक की टीम खाने में ताजा दाल और चपाती लेकर अस्पताल पहुंचती है।

रोटी बैंक के संचालक पिछले 5 साल से स्वयं के खर्चे पर जरूरतमंद

- **कोई भूखा न सोये इस उद्देश्य से कर दी रोटी बैंक की स्थापना**

लोगों को दाल रोटी खिलाकर इस मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। बैंक के द्वारा कपडा वितरण संग्रहण केंद्र भी स्थापित है इसके माध्यम से कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति कस्बे के मध्य कोटपूतली बस स्टैंड बानसूर से निःशुल्क वस्त्र प्राप्त कर सकता है तथा कोई भी व्यक्ति अपने नए एवं पुराने वस्त्र दान कर सकते हैं।

रोटी बैंक बानसूर द्वारा मोबाइल पर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है जिसके माध्यम से या अन्य सूचनाओं के माध्यम से शादी विवाह भंडारे व अन्य कार्यक्रमों में शेष बचे भोजन की सूचना प्राप्त होने पर बैंक द्वारा वहां से भोजन लेकर रोटी बैंक की वैन के माध्यम से कच्ची बस्ती स्थित जररूरत मंद लोगो तक पहुंचाया जाता है।

# चाकसू में खण्डहर हो रहे हैं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पुराने भवन

**चाकसू, (निसं)।** यहां चम्पेश्वर महादेव मंदिर परिसर के नजदीक स्थित सार्वजनिक विभाग का पुराना डाक बंगला (विश्राम गृह) लम्बे चौड़े परिसर में अपनी पुरानी गरिमा लिए खड़ा है। इसी के आसपास गोदाम एवं कर्मचारियों के आवास बने हुए हैं। अभी अभी सार्वजनिक विभाग के बड़े अधिकारी का नया भवन तैयार हो गया है।

विभाग ने अपनी सम्पत्ति को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सुरक्षा दीवार भी बनवाई है लेकिन कर्मचारियों के लिए बनाए गए पुराने आवास एवं भंडार गृह जिनके ऊपर सीमेंट के टीनशैड अभी भी रखें हुए हैं लेकिन सार संभाल एवं मरम्मत के अभाव में गर्मी सर्दी एवं बरसात के थपेड़ों के कारण धीरे –धीरे जर्जर होने लग गये तथा कुछ की दीवारें गिर गई हैं।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कुछ किवाड़ खिड़कियां तक गायब हो गई हैं। लोगों



चाकसू में सार्वजनिक विभाग के बर्बाद होते पुराने भवन।

को आश्चर्य इस बात का हो रहा है की यहां कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता तक का कार्यालय है। विभाग के पुराने वैभव की बर्बादी इन सभी से छिपी हुई नहीं है लेकिन इनकी सुरक्षा का कोई प्रबंध

- **यहां कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता तक का कार्यालय है**
- **पुराने भवन का लोगों ने सार्वजनिक शौचालय के रुप में उपयोग शुरू कर दिया है**

नहीं कर रहे हैं।

लोगों ने इनका सार्वजनिक शौचालय के रुप में उपयोग शुरू कर दिया है। वार्ड पार्षद एवं चम्पेश्वर कॉलोनी में निवास कर रहे जागरूक युवा पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को विभाग की बर्बाद हो रही सम्पत्ति के बारे में अनेक बार जानकारी दे दी गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## राशिफल बुधवार 8 जून, 2022



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 4:31 तक, सिद्धि योग रात्रि 3:26 तक, बव करण प्रातः 8:31 तक, चन्द्रमा प्रातः 10:04 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–मीन, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 12:37 तक है और सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 4:31 से सूर्योदय तक है। आज दुर्गाष्टमी, बुधाष्टमी, धूमावती जयन्ती और मेला क्षीर भवानी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:42 से 12:26 तक, चर 3:50 से 5:33 तक, लाभ 5:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:15



### मेष

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है।



### वृष

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मिथुन

नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कर्क

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



### सिंह

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।



### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों में चल रही परेशानी दूर होने लगेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



### तुला

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। धन हानि का भय है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



### वृश्चिक

आर्थिक/वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



### धनु

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### मकर

नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।



### कुंभ

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



### मीन

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिनचर्या में सुधार होगा।

# आज मौका चूक गए तो 2028 तक पायलट नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री : सुभाष चंद्रा

## चंद्रा ने प्रेस कॉंफ्रेस बुलाकर दावा किया कि ''मुझे भाजपा के अलावा 8 विधायकों का समर्थन मिला, अब 4 और विधायक वोट देंगे''

**जयपुर, (कासं)।** राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की सरगर्मियां तेज है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. सुभाष चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उनके पास भाजपा के अलावा अन्य 8 विधायकों को समर्थन है, वहीं 4 अन्य विधायकों ने भी उन्हें वोट देने का वादा किया है। वहीं 8 विधायक क्रॉस वोटिंग कर मतदान करेंगे, क्योंकि वे विधायक इस शासन से परेशान हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. सुभाष चंद्रा ने नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल का समर्थन देने पर आभार जताया और कहा कि उन्हें विश्वास है कि वे कामयाब होंगे। डॉ. चन्द्रा ने बताया कि सचिन पायलट के पिताजी से उनकी अच्छी मित्रता रही है। उन्होंने पायलट से भी समर्थन की मांगा और कहा कि सचिन पायलट के पास यह एक अवसर है। वो जुझारू और कर्मठ व्यक्ति हैं। उनके पास यही एक बड़ा अवसर आया है। अब अगर यह अवसर चूके तो 2028 तक उनके पास मुख्यमंत्री बनने का अवसर नहीं होगा। राज्यसभा का चुनाव ही तय करेगा कि राजस्थान में 2023 विधानसभा का चुनाव किस ओर जाएगा।

■ **एसीबी और निर्वाचन अधिकारी को खरीद-फरोख्त की शिकायत के सवाल पर उन्होंने कहा कि ''जो कल तक सरकार का विरोध कर रहे थे, वे आज हवाई जहाज की सवारी कर रहे हैं। बसपा के विधायकों को लेकर दिल्ली चुनाव आयोग को शिकायत भेजी है, ऐसे में हो सकता है वे चुनाव में शामिल ही ना हो पाए।''**

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनके पुराने मित्र हैं। चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा में राजस्थान के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की बात भी कही और बताया कि प्रवासी राजस्थानी हमेशा से उनके संपर्क में रहे हैं। उनके हर एक कार्यक्रम में शामिल रहे हैं और भारत की बात पहले करते हैं। राजस्थान उनके पुरखों की धरा है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने मीडिया संस्थान का इस्तेमाल कभी चुनाव में नहीं किया। हरियाणा से वे 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे हैं और वहां की जनता जानती है कि उनके लिए क्या काम किए हैं। हरियाणा के विधायकों ने चाहा वे जीते तो जीत गए, राजस्थान के विधायक चाहेंगे तो जीत पक्की होगी।

इस दौरान एसीबी और निर्वाचन अधिकारी को खरीद-फरोख्त की शिकायत के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो कल तक सरकार का विरोध कर रहे थे, वे आज हवाई जहाज की सवारी कर रहे हैं। इसको लेकर वे अपनी शिकायत दर्ज करवाएंगे। साथ ही बसपा के विधायकों को लेकर दिल्ली चुनाव आयोग को शिकायत भेजी है, ऐसे में हो सकता है वे चुनाव में शामिल ही ना हो पाए।

## 'राज स्किल-2022' प्रतियोगिता का पहला चरण आज से

**जयपुर।** कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता विभाग की ओर से प्रशिक्षणार्थियों में आपसी प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाकर अधिक कौशल दक्ष बनाने के लिए शुरू की गई 'राज स्किल-2022' प्रतियोगिता का पहला चरण जिला स्तर पर 8 एवं 9 जून को होगा।

तीन चरणों में होने वाली यह प्रतियोगिता औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रशिक्षणार्थियों एवं तकनीकी दक्ष नॉन-आईटीआई युवाओं के लिए अलग-अलग हो रही है। कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने बताया कि आईटीआई श्रेणी के अन्तर्गत व्यवसायवार तैयार मेरिट के प्रथम 25 अभ्यर्थियों के मध्य 8 एवं 9 जून को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें पहले चार-चार स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षणार्थी 15 एवं 16 जून को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें प्रत्येक व्यवसाय के पहले तीन स्थान पर रहने वाले प्रशिक्षणार्थी 21 एवं 22 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## केरल की गृह समिति ने देखी राजस्थान विधानसभा



**जयपुर, (कासं)।** केरल विधानसभा की गृह समिति के सदस्यों ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा का अवलोकन किया। विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने केरल विधानसभा की गृह समिति के सभापति कोवोर कुन्जमोन, सदस्य ऐ. के. एम.सर्राफ, आई. सी. बालाकृष्ण, सुजीत विजायान पील्लेई, सी.के.हरीनन्दरान, पी. नन्दा कुमार एवं वी.ऐ बीनु. अन्डर सचिव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने केरल विधानसभा की गृह समिति के सभापति कोवोर कुन्जमोन को विधानसभा की प्रक्रिया, नियमावली एवं समिति की आन्तोरिक कार्य प्रणाली की पुस्तिका व साहित्य् भेंट किया। साथ ही राजस्थान विधानसभा की गृह समिति की कार्य प्रणाली को विस्तार से बताया। केरल विधानसभा के कुन्जमोन ने केरल विधानसभा की कार्य प्रणाली की जानकारी दी। समिति ने राजस्थान विधानसभा के सदन का अवलोकन किया। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के वरिष्ठ उप सचिव महेश चन्द शर्मा और सहायक सचिव अशोक कुमार बंशिया सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# पूनिया के साथ भाजपा विधायकों ने योग, ध्यान और प्राणायाम किया

**जयपुर (कासं)।** जयपुर में तीन दिवसीय भाजपा विधायक अभ्यास वर्ग चल रहा है, जिसमें पार्टी की रीति-नीति, विकास यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 साल, मिशन 2023 इत्यादि विषयों पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

■ **अभ्यास वर्ग की कार्यशाला में भाजपा विधायकों को सतीश पूनियां, गुलाबचंद कटारिया, चंद्रशेखर और भारती बेन ने संबोधित किया**



भाजपा विधायकों ने मंगलवार सुबह प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के साथ योगाभ्यास किया।

भाजपा विधायक अभ्यास वर्ग का आयोजन 7 जून से 9 जून तक किया जाएगा, जिसका 6 जून शाम को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने उदघाटन कर संबोधित किया, जिसके अंन्तर्गत आज 7 जून को विभिन्न सत्रों का आयोजन हुआ, जिसमें सुबह की शुरूआत विधायकों ने योग, ध्यान और व्यायाम के साथ की, जिसमें डॉ. सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विधायकों ने योगाभ्यास किया।

इसके बाद विधायक पुष्पेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं हमारी विकास यात्रा विषय पर गुलाबचंद कटारिया ने संबोधित किया, विधायक विठठल शंकर अवस्थी की अध्यक्षता में हमारा विचार परिवार विषय पर प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने संबोधित किया, विधायक निर्मल कुमावत की अध्यक्षता में हमारी कार्यपद्धित की विशेषताएं विषय पर डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित किया, विधायक सूर्यकांता व्यास की अध्यक्षता में भाजपा राज्य सरकारों द्वारा सुशासनकारी नीतियां विषय पर प्रदेश सह-प्रभारी एवं सांसद भारती बेन ने संबोधित किया। 8 जून को राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी विधायक अभ्यास वर्ग में संबोधित करेंगे।

8 जून को 8 साल मोदी सरकार-युगांतकारी परिवर्तन, मीडिया एवं सोशल मीडिया, मिशन 2023 एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान, आपातकाल एवं लोकतंत्र बहाली में हमारी भूमिका, 9 जून को जीवन मूल्यों के धनी राजनीतिक व्यक्तित्व, कांग्रेस की जनविरोधी नीतियां एवं जन आंदोलन, राष्ट्रीय पुनर्निमाण में भाजपा का योगदान इत्यादि विषयों पर पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के प्रमुख नेताओं के संबोधन होंगे। साथ ही 7 से 9 जून तक राज्यसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रशिक्षण का अभ्यास भी कराया जाएगा।

## 'गौशालाओं को दी जायेगी 1100 करोड़ रुपये की सहायता'

**जयपुर।** राजस्थान गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम-2016 के तहत गठित निधि के अन्तर्गत प्राप्त राजस्व में से गौशालाओं में आश्रय पा रहे गोवंश के लिए 1100 करोड रूपये की सहायता दी जायेगी। यह जानकारी देते हुए गोपालन विभाग के निदेशक डॉ. लाल सिंह ने बताया कि स्टाम्प ड्यूटी व मदिरा पर बिक्री कर लगाये जाने के फलस्वरूप निधि में प्राप्त राशि में से यह सहायता राशि दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में जारी 358 करोड़ रूपये की राशि में से 180 करोड रूपये का भुगतान गौशालाओं को किया जा चुका है। शेष गौशालाओं को भुगतान की कार्यवाही जारी है। डॉ. सिंह ने बताया कि माह अप्रेल से जुलाई 2022 की सहायता राशि के भुगतान हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की पात्र गौशालाओं में गौवंश के भरण पोषण हेतु वर्ष में अधिकतम 180 दिवसों की सहायता राशि नियमानुसार 90-90 दिवस के दो चरणों में दिये जाने का प्रावधान है। बड़े गोवंश हेतु 40 रुपए तथा छोटे गोवंश हेतु 20 रुपए प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

गोपालन निदेशक ने बताया कि बायोगैस, गौशाला विकास योजना, जिला व पंचायत समिति स्तरीय नन्दीशालाओं पर 727 करोड रूपये का व्यय किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 1.56 करोड़ रूपये के अनुदान से प्रत्येक ब्लाक में नन्दी शालाएं खोली जा रही हैं, जिससे बेसहारा गोवंश को आश्रय मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौशालाओं को भरण-पोषण हेतु 565.48 करोड़ राशि की सहायता दी गई। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 624.80 करोड की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई तथा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रथम किश्त के रूप में 358.00 करोड की सहायता राशि जारी की जा चुकी है।

डॉ. लाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा हाल ही में की गई घोषणा अनुरूप अब वर्ष में 6 की जगह 9 महीने गौशालाओं को सरकारी अनुदान मिलेगा, जिससे गौशालाओं को संबल मिलेगा। उन्होंने बताया कि गौवंश का संवर्द्धन करने, गौशालाएं खोलने में आने वाली सभी प्रकार की प्रशासनिक अड़चनों को दूर करने व गोचर भूमि का संरक्षण करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।


**सूचना** मैं सलमा सितारा पत्नि सईद खान 571, शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, जयपुर को खरीद रही है इस मकान का आवंटन पत्र सं. 84/1426 सन् 1986 व कब्जा पत्र सं. 86/1291 सन् 1988 जो कि रामस्वरूप पुत्र गोविन्दराम के नाम से जारी किया था यह कागज घर से कहीं गुम हो गए है मैं इस भूखण्ड पर एसबीआई जवाहर नगर ब्रांच कोड-31868 से लोन ले रही हूँ यदि किसी को आपत्ति हो तो मुझे और एसबीआई जवाहर नगर कोड-31868 से 15 दिवस के अन्दर संपर्क करें। मो. 8824628600

**नवयुवक गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (राज.)**
क्रमांकः 04 **आम सभा की सूचना** दिनांकः 07.06.2022
नवयुवक गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर में नवीन उपनियम लागू किये जाने हेतु उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर) द्वारा समिति को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों की अनुपालना में सहकारिता अधिनियम के संगत प्रावधानों के तहत् नवीन उपनियम लागू करने के संबंध में विचार किये जाने हेतु सोसाइटी की आम सभा की बैठक का आयोजन दिनांक 22.06.2022 को प्रातः 11.00 बजे, समिति कार्यालयः- प्लॉट नं. 01, लक्ष्मी कॉलोनी, बढ़ारणा रोड़, हरमाड़ा, जयपुर में किया गया है। समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आमसभा में उपस्थित होवें।
मंत्री, नवयुवक गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं भंवर सिंह आर्मी नंबर 2896792N, Rank NK, मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम प्रियांशु सिंह दर्ज जो कि गलत है सही नाम प्रियांशु सिंह शेखावत है अतः भविष्य में इसे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।

I Army no 2992554Y Rank Ex Hav Virendra Singh Shekhawat S/o Narain Singh R/o Village post Jaipahari Teh. Jhunjhunu Dist. Have changed my daughter name From KAMNA KANWAR (DOB 1/9/2003) is Wrong Entered in service documents to SHIYA SHEKHAWAT (DOB 28/06/2002) & SIYA SHEKHAWAT is Wrong Entered in service documents to RIYA SHEKHAWAT (DOB 28/06/2004) Vide affidavit dated 4 June 2022 before District Notary Court Jaipur.

**खोया पाया**

मैं मनोज सोनी पुत्र श्री सूरजमल सोनी, निवासी-पुराना खण्डार रोड, अलनपुर, तहसील सवाईमाधोपुर, राजस्थान का हूँ, मैं वर्तमान में जे.बी.बी. स्टोन्स इण्डिया प्रा. लि. 405, फोर्थ फ्लोर, क्राउन स्कवायर, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर में अकाउण्टेन्ट के पद पर कार्यरत हूँ हमारी कम्पनी के स्वामित्व की वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ समपरिवर्तित भूमि नया खसरा नम्बर 1604, पुराना खसरा नम्बर 1209, ग्राम गिदानी, तहसील मौजमाबाद, कुल रकबा 500 वर्गमीटर है का असल समपरिवर्तन आदेश संख्या 568 दिनांकित 28.01.2002 कहीं गुम हो गया है जिस किसी भी व्यक्ति को मिले तो इस नम्बर 9829501479 पर सूचित करें। (मनोज सोनी पुत्र श्री सूरजमल सोनी) अकाउन्टेन्ट जे.बी.बी. स्टोन्स इण्डिया प्रा.लि., पता-405, फोर्थ फ्लोर, क्राउन स्कवायर, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर, मो. 7742277320

मैं दीपक कुमार मीणा पुत्र शरी रामकरण मीणा निवासी बिलोद, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर मेरी डी.एल. इंड द्वितीय वर्ष की अंकतालिका रोल नं. 2166241 वर्ष 2021 की टोंक फाटक जयपुर में खो गई। जिसकी रिपोर्ट 1468523/2022, SCRB में 04/06/2022 को दर्ज करवा दी।

मैं शिवांगी शुक्ला पुत्री श्री स्व. श्री प्रमोद कुमार शुक्ला रोल नम्बर 1301604, रजिस्ट्रेशन नम्बर 1165056 (10वीं यूपी बोर्ड 2007) एवं रोल नम्बर 0914427 रजिस्ट्रेशन नम्बर 1076693 (12वीं यूपी बोर्ड 2009) की मूल अंकतालिका व सर्टिफिकेट कहीं गुम हो। मिलने पर सूचित करें-9799226764


## बाल श्रम कराने वाले और कारखाना मालिक को सजा

**जयपुर (कासं)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने 3 बच्चों से श्रम कराने वाले राजेश चौधरी और कारखाना मालिक विनोद चौधरी को पन्द्रह साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल 1 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 मई 2017 को मानव तस्करी निरोधक यूनिट, उत्तर ने विद्याधर नगर के सेक्टर एक स्थित जेपी कॉलोनी के एक मकान पर छापा मारा था। टीम को यहां एक कमरे में तीन बच्चे चूड़ियों पर नगीने लगाते मिले। इससे यह काम वहां मौजूद राजेश करवा रहा था। पूछताछ में राजेश ने बताया कि कारखाना विनोद चौधरी का है। वहीं बच्चों ने टीम को जानकारी दी की उन्हें पांच माह पहले रोजगार के लिए बिहार से लाया गया था।

# 'सरकार भले निर्दलियों को साथ रखे, लेकिन संगठन से बगावत करने वालों को दूर रखा जाये'

## कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी मनीष यादव, रितेश बैरवा, दौलत मीणा और सुभाष मील ने राजस्थान के संगठन चुनाव प्रभारी संजय निरुपम से शिकायत की

**जयपुर (कासं)।** एक ओर तो सरकार कांग्रेस उम्मीदवारों को हराकर आने वाले निर्दलीय और अन्य दलों के उम्मीदवारों की मान मनोव्वल में लगी है, तो दूसरी ओर हारने वाले कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवारों ने भी संगठन चुनाव को लेकर मोर्चा खोलते हुए राजस्थान के निर्वाचन अधिकारी संजय निरुपम से स्पष्ट कर दिया है कि जो लोग कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ कर आए हैं, उन्हें संगठन चुनाव में किसी प्रकार की तवज्जो नहीं दी जानी चाहिए।

■ **चारों कांग्रेस नेताओं ने एक सुर में कहा कि ''इस पूरे कार्यकाल में हमारे साथ नाइंसाफी हुई है। 2023 और 2024 में चुनाव जीतना है तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरा मौका मिलना चाहिए।''**

2018 का चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के चार प्रत्याशियों ने राजस्थान के संगठन चुनाव के प्रभारी संजय निरुपम से मुलाकात करने के बाद कहा कि चाहे मजबूरी हो या कोई और कारण, भले ही सरकार निर्दलीयों को अपने साथ रखे, लेकिन संगठन से तो कम से कम कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले निर्दलीयों को दूर रखा जाए। निरुपम से मुलाकात करने शाहपुरा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनीष यादव, दूदू से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रितेश बैरवा, बस्सी के कांग्रेस प्रत्याशी दौलत मीणा और खंडेला से प्रत्याशी सुभाष मील पहुंचे। उन्होंने निर्दलीयों के खिलाफ शिकायतें करने के साथ संजय निरुपम से कहा कि हर किसी को पता है कि विधानसभा में कांग्रेस के उन प्रत्याशियों और क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के क्या हालात हैं, जिनके सामने निर्दलीय चुनाव जीते हैं। चारों कांग्रेस प्रत्याशियों ने एक सुर में संजय निरुपम से कहा कि हमारे साथ इस पूरे कार्यकाल में नाइंसाफी हुई है।

अब 2018 में जिन्हें कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया और जो कार्यकर्ता हमारे साथ लगे, अब उन्हें संगठन में जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। कांग्रेस प्रत्याशियों ने कहा कि हम चुनाव हार गए, यह अलग बात है, लेकिन जिस तरह से पंचायत चुनाव में हमें पीछे धकेला गया और यहां तक की सदस्यता अभियान में भी चीफ एनरोलर बनाने में निर्दलीयों की ही भूमिका रही, उससे कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। इन नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं, लेकिन भारत कैसे जुड़ेगा, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत नहीं किया जाएगा? इन नेताओं ने अपना दुःख जताते हुए कहा कि हमारे विधानसभा में जो पंचायतीराज चुनाव हुए, उसमें भी टिकट ऐसे लोगों को दिया गया, जिन्होंने पार्टी की खिलाफत की। ऐसे में अब इतनी सी मांग है कि भले ही हमें सरकार में कोई स्थान नहीं मिले, लेकिन 2023 और 2024 में चुनाव जीतना है तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरा मौका मिलना चाहिए।

## 'साक्षात्कार प्रक्रिया जारी रखें, लेकिन नियुक्ति नहीं दें'

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि समग्र शिक्षा अभियान में अतिरिक्त परियोजना समन्वयक कार्यक्रम अधिकारी पद के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया जारी रख सकते हैं, लेकिन इन पदों पर तैनात याचिकाकर्ताओं की जगह चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति नहीं दी जाए। जस्टिस अनूप ढंड की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश सुभाष चौधरी व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं को संतोषजनक सेवा के आधार पर पांच जून 2019 को राजस्थान स्कूल सेवा शिक्षा परिषद में समग्र शिक्षा अभियान के पदों पर एक साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेजा था। इसके बाद वे लगातार वहां काम कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि आमतौर पर प्रतिनियुक्ति चार साल के लिए की जाती है। याचिकाकर्ताओं की यह अवधि पूरी नहीं हुई है। इसके बावजूद गत 13 मई को परिषद के एक आदेश में याचिकाकर्ताओं के पदों को संभावित रिक्त पद दिखाते हुए साक्षात्कार प्रस्तावित किया गए।


**JOB OPPORTUNITY**
Skill Tree Consulting (P) Ltd — Empowering People with Skills

**Recruitment of Vocational Trainers (Contractual Basis)**

**Skill Tree Consulting Private Limited,** an NSDC empaneled Training Partner, invites **Applications** from candidates with prescribed qualification & experience for deployment as **Vocational Trainers in Secondary & Higher Secondary Schools in the state of Rajasthan**

**Eligibility Criteria: Qualification: IT/ITES (73) :** Bachelor of Engineering / Technology in C.S. / I.T. OR Master of Computer Science OR Master of Computer Application OR Master of Information Technology OR DOEACC B Level Certificate. Master of Engineering / Techchnology in C.S. / I.T. Minimum of 1 year of work experience in the same job role.

**BEAUTY & WELLNESS (14) :** Diploma in Cosmetology/ Beauty Therapy/ Beauty Culture from a recognized Institution Minimum 1 year work/teaching experience in the relevant field.

**Minimum Competency :** Effective Communication Skills (oral and written), Basic Computing Skills, Technical Competency.

**Age Limit :** 18-37 years (as on Jan. 01, 2022).

Note: All communication for job application to be done through e-mails. **All Positions Purely on Contractual basis. This is not a Government job and The selection process is strictly based on merit** and Management reserves the Right to accept/rejectan Application without assigning any reasons whatsoever. The final selection of the candidates will be subject to necessary document verification.

**All-inclusive Gross Honorarium 20,000/-permonth**
**Last date for receipt of CV:16-June-2022**
**Only shortlisted candidates will be called for Written Test and Personal Interview**
**For Queries Call: +917697185181 | Email: recruitment@skilltree.org.in**



**नम्बर मिलाइए 9587884433**





सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## 2 जुलाई को होगी कांस्टेबल भर्ती की रद्द परीक्षा

**जयपुर।** कांस्टेबल भर्ती की 14 मई को दूसरी पारी में आयोजित की गई लिखित परीक्षा अब 22 जून के स्थान पर 2 जुलाई को होगी। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय द्वारा 2 जुलाई को परीक्षा कराये जाने के नये आदेश जारी किये गए है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड बिनीता ठाकुर ने बताया कि कॉन्स्टेबल भर्ती 2021 की 14 मई 2022 को दूसरी पारी में आयोजित लिखित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से 17 मई के आदेश द्वारा निरस्त कर दी गई थी।

इस पारी में उपस्थित अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दुबारा 2 जुलाई,2022 को आयोजित की जाएगी। एडीजी ठाकुर ने बताया कि इस परीक्षा की सफलता के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि

## राज्य में मंगलवार को 61 नए संक्रमित मिले, सोमवार को 34 रोगी सामने आए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को नए संक्रमितों की संख्या में एक बार फिर वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 61 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच नए संक्रमितों के बराबर ही रिकवरी होने से एक्टिव केसों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है।

■ **राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 27 नए मरीज मिले हैं**

■ **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में नए संक्रमितों के बराबर ही रिकवरी होने से एक्टिव केसों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है**

प्रदेश में मंगलवार को 11 जिलों में 61 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 34 रोगी पाए गए थे। राजधानी जयपुर में भी आज थोड़ी वृद्धि के बाद 27 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 8, अलवर में 7, चूरू व नागौर में 4-4, उदयपुर में 3, बीकानेर, गंगानगर व सीकर में 2-2 तथा दौसा व जालोर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच 22 जिलों अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में मंगलवार को नए संक्रमितों के बराबर ही रिकवरी हुई है। इस दौरान 61 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या सोमवार के बराबर 349 ही रही। राजधानी जयपुर में भी 30 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 175 रह गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9557 संक्रमितों की मृत्यु हो चुकी है।

### मालवीय नगर व मानसरोवर में 5-5 नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में मंगलवार को सबसे ज्यादा 5-5 नए संक्रमित मालवीय नगर व मानसरोवर में मिले हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 3, बापू नगर व बरकत नगर में 2-2, अजमेर रोड, बनीपार्क, चाकसूं, दुर्गापुरा, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, लालकोठी, मुरलीपुरा, राजापार्क और सांगानेर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।


**तीये की बैठक**



हमारी पूजनीया माताजी **श्रीमती हरफूली देवी** धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री चांदमल जी नरेडा का देवलोक गमन 07.06.2022 को हो गया है। तीये की बैठक 9.6.22 को हमारे निवास स्थान ग्राम सावरदा में सायं 5.00 बजे से 6.00 बजे तक होगी।

**शोकाकुल-** रामावतार शर्मा, रामगोपाल शर्मा (देवर), महावीर प्रसाद, अशोक, अरूण, अजय, हरि, कैलाश, गोवर्धन, दीनबंधु, भगवती प्रसाद, ओमप्रकाश (पुत्र)



**INDUS EDUtr@in** — **JOB OPPORTUNITY**

**Recruitment of Vocational Trainers (Contractual Basis)**

An NSDC empaneled Training Partner, invites **Applications** from candidates with prescribed qualification & experience for deployment as **Vocational Trainersin Secondary & Higher Secondary Schools in the state of Rajasthan.**

**Eligibility Criteria: Qualification: Beauty & Wellness (Positions -41) :** Diploma in Cosmetology/ Beauty Therapy/ Beauty Culture from a recognized Institution Minimum 1 year work/teaching experience in the relevant field.

**Retail (Positions -18) :** Graduate or Diploma in Retail Management, P.G. Diploma in Marketing with at least 50% marks and 1 year teaching / work experience. Preference given to higher education with MBA (Retail Marketing) and/ or PG Diploma in Retail Management.

**Apparel Made-ups & Home furnishing (Positions -9) :** Post-graduation in Textile and Clothing or Relevant area from a recognized Institute / University, with at least 1year work/teaching experience in Textile and clothing Or MSc/MHSc in textile and clothing (Fresher's) Or 4 years B.E/B.Tech Degree in Textiles/ Fashion Technology (in which the candidates have done 10+3 years Diploma and joined B.E/ B.Tech degree through lateral entry with at least 6 months Apparel/ Fashion/Garment Industry exposure or internship or project work is completed and pattern making and sewing knowledge are good. Or 3 years B.Sc Degree or 3 Years Diploma with 2 years industrial Experience in Apparel/Fashion/Garment Industry with through pattern making and sewing knowledge Or Diploma in fashion designing/technology, B.Sc. fashion design/technology with 2-year experienceOr ITI/AMT/DIPLOMA from NIFT, or any other poly technique/reputed institute in the core subject. Experience the candidate should have a minimum of 3 years of industrial experience in stitching and should possess good knowledge of industrial sewing machines, needles etc. He should be able to communicate in English and local language. He should have knowledge of equipment ,tools, material,Safety, health & hygiene

**Electronics & Hardware/Electrical & Electronics (Positions -4) :** Bachelor of Engineering in Electronics/ Electrical. Additionally should have done a Diploma or certificate course in Control Panel Wiring of residential/ Industrial systems. The suggested qualification is the minimum criteria. However higher qualifications such as Bachelor of Engineering in Electronics.

**IT/ITES (Positions -7) :** Bachelor of Engineering / Technology in Computer Science / Information Technology OR Master of Computer Science OR Master of Computer Application OR Master of Information Technology OR DOEACC B Level Certificate. The suggested qualification is the minimum criteria. However higher qualifications such as Master of Engineering / Technology in Computer Science / Information.

**Tourism and Hospitality (Positions -6) :** Diploma/Degree in Hotel Management from a recognized Institute /University, with at least 5 years work/teaching experience in Food and Beverage service including one year as supervisory capacity in a classified Hotel or Facility Management Company.

**Minimum Competency :** Effective communication skills (oral and written), Basic Computing Skills, Technical competency, Soft Skills, Facilitation Skills.

Note: All communication for job application to be done through e-mails. **All Positions Purely on Contractual basis. This is not a Government job and The selection process is strictly based on merit** and Management reserves the right to accept/reject an application without assigning any reasons whatsoever. Candidate selection will finalize after written examination, interview & document verifications.

**All-inclusive Gross Honorarium 20,000/-per month**
**Last date for receipt of CV : 14 June 2022**
**Only shortlisted candidates will be called for Written Test and Personal Interview**
**For Queries Call: +91 9599030301 | Email: recruitment@indusedutrain.com**

# गुड़ामालानी के बांटा फांटा पर सड़क दुर्घटना में आठ की मौत

## गुड़ामालानी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे विश्नोई समाज के लोग

**गुड़ामालानी,** (निसं)। गुड़ामालानी क्षेत्र के बांटा का फांटा पर सोमवार देर रात्रि को जालोर जिले के सेडिया गांव से काधी की ढाणी गुड़ामालानी में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे विश्नोई समाज के लोगों कि वाहन की मेगा हाईवे पर सड़क दुर्घटना हो गई जिसमें आठ लोगो की मौत हो गई।

दुर्घटना की सूचना पर गुड़ामालानी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को गुडामालानी सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। वही एक गम्भीर घायल को उपचार के लिए आगे रैफर किया गया।

सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव एवं उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार सहित कइ्र अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीआई चौधरी ने बताया कि मेगा हाईवे बांटा का फाटा के पास एक्स यू वी गाडी



घटना के बाद पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों ने जायजा लिया।

सेडिया गांव से गुड़ामालानी कि ओर आ रही थी। इसी दौरान सामने आ रहे ट्रक जो कपडे की गडिया भरकर सांचौर की तरफ जा रहा था। बांटा का फाटा के पास जबरदस्त भिडंत हो गई। जिससे एक्सयूवी वाहन में सवार पुनमाराम पुत्र धीमाराम निवासी खारा, प्रकाश पुत्र पेमाराम निवासी खारा, मनीष पुत्र पुनमाराम निवासी खारा, प्रिंस पुत्र मांगीलाल निवासी सेडिया, भागीरथ पुत्र पोकरराम निवासी जुंजाणी भीनमाल, पुनमाराम पुत्र भगवानाराम निवासी खारा कि मौके पर ही मौत हो गई।

बुधाराम पुत्र कानाराम निवासी सेडिया हेड कांनिस्टेबल करडा, मांगीलाल पुत्र नैनाराम निवासी सेडिया जो गम्भीर घायल थे। इनको उपचार के लिए आगे भेजा जिन्होंने ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया तथा प्रकाश पुत्र हरजीराम निवासी खारा भी घायल हुआ। घटना के बाद आप - पास के लोगों ने एक्सयूवी वाहन में फंसे लोगों मुश्किल से बाहर निकाला। शादी में शरीक होने जा रहे सभी आपस में एक ही परिवार से हैं।

# रीट भर्ती-2016: शिक्षा सचिव परीक्षण कर सौंपेंगे मंत्री को रिपोर्ट

## शिक्षा मंत्री ने गत सप्ताह उदयपुर दौरे में प्राप्त ज्ञापनों पर लिया संज्ञान

**उदयपुर,** (कासं)। गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापसी के बाद भी रिक्त सैंकड़ों पदों पर निदेशालय को जल्द ही नयी चयन सूची जारी करने की अनुमति मिलने की उम्मीद जगी है। वर्षों से लंबित इस भर्ती को पूरा करने के लिए सरकार अब गंभीर नजर आ रही है।

गत सप्ताह शिक्षा मंत्री के चार दिवसीय उदयपुर, प्रतापगढ़ , राजसमंद, व चित्तौड़गढ़ दौरे के दौरान अनेक पीड़ित अभ्यर्थियों व कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं ने इस भर्ती की नयी चयनसूची जारी कर रिक्त सैंकड़ों पदों पर संघर्षरत बेरोजगारों को नियुक्ति देने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था। अब शिक्षा मंत्री डॉ.बीडी कल्ला ने शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को मामले की विस्तार से तथ्यात्मक परीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही वर्षों से नियुक्ति का इंतजार कर रहे बेरोजगारों की उम्मीदें पुनः जीवंत गई हैं। साथ

- **वर्षों से लंबित रीट भर्ती पूर्ण होने की उम्मीद जगी**
- **एससी से वापस ली गई एसएलपी सार्थक साबित हो सकती है**

ही सीएम द्वारा सुप्रीम कोर्ट से वापिस ली गई एसएलपी भी सही अर्थों में सार्थक साबित हो सकती है।

गौरतलब है कि रीट भर्ती 2016 के पूर्ण होने से पहले ही गत भाजपा सरकार ने चुनावी वर्ष के मद्देनजर रीट 2018 की भर्ती का आयोजन करवा दिया था,जिससे रीट 2016 की यह भर्ती अधर में लटक गई थी। पीड़ित अभ्यर्थियों के अनुसार निदेशालय ने रिक्त पदों का विवरण सचिवालय को प्रेषित कर नयी चयनसूची जारी करने हेतु मार्गदर्शन माँगा हुआ है, लेकिन कार्मिक विभाग अपनी भ्रामक राय से पुनः इस भर्ती को अटकाने पर तुला हुआ है। पीड़ित बेरोजगार ने गत सप्ताह लिखित ज्ञापन की मार्फत विभाग के मंत्री को अवगत करवाया था कि कार्मिक विभाग भर्ती की प्रक्रिया के वास्तविक तथ्यों तथा हाईकोर्ट की खंडपीठ के स्पष्ट जजमेंट को दरकिनार कर मामले में अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जा रही है।

निदेशालय की सूचना अनुसार नॉन टीएसपी में विज्ञान-गणित के 874 में से करीब 424 पद तथा अंग्रेजी के 511 में से 200 से अधिक पद रिक्त हैं। वहीं टीएसपी में भी इन दोनों विषयों के लगभग आधे पद रिक्त रह गए हैं। अनेक विधायक इस भर्ती को पूर्ण करने हेतु शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री मंत्री को पत्र लिख चुके हैं।

# आबकारी इंस्पेक्टर व दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार



एसीबी की गिरफ्त में पुनीत शर्मा व उसका दलाल श्यामवीर।

**बयाना,** (निसं.)। बयाना में एसीबी की टीम ने आबकारी अधिकारी पुनीत शर्मा व उनके कथित दलाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। यह कार्रवाई एसीबी के एडिशनल एसपी महेश मीणा व इंस्पेक्टर नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने देर शाम को की। उन्होंने बताया यह कार्रवाई उच्चैन के शराब ठेकेदार उदयवीर सिंह की शिकायत पर उनकी शिकायत का सत्यापन होने के बाद की गई।

एसीबी की टीम ने इनसे रिश्वत के 50 हजार रूपए नगद भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के दौरान बयाना के बजरिया मार्केट स्थित आबकारी कार्यालय के बाहर तमाशबीन लोगों की भी काफी भीड़ रही। समाचार भेजे जाने पर कार्रवाई जारी थी। परिवादी की माने तो पकड़े गए आबकारी अधिकारी पुनीत शर्मा ने शराब की दुकान की लोकेशन पास करने व मंथली के तौर पर अपने कथित दलाल व निजी वाहन चालक श्यामवीर के जरिए रिश्वत की राशि वसूल की थी।

# पाक से आया झंडा बना गुब्बारा, लिखे हैं उर्दू शब्द

**श्रीगंगानगर,** (निस)। रायसिंहनगर इलाके में धानमंडी कैंपस में एक ऐसा गुब्बारा मिला जिस पर पाकिस्तान का झंडा बना था। मंडी में आए मजदूरों ने जब इसे देखा तो चौंक गए। इन लोगों ने उलट-पलट कर देखा लेकिन इसमें ट्रांसमीटर या अन्य संदिग्ध चीज नहीं थी। ऐसे में उन्होंने इसे एक पेड़ से बांध दिया और मामले की सूचना रायसिंहनगर पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गुब्बारे पर कुछ उर्दू शब्द लिखे हुए हैं। ऐसे में मजदूरों को इसके सीमा पार से पाकिस्तान की ओर से आने की आशंका हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर पूरी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। रायसिंहनगर इलाका पाकिस्तान सीमा के नजदीक है। ऐसे में इस तरह की किसी भी संदिग्ध चीज पर आसपास के लोगों और किसानों की नजर रहती है। इलाके में पहले भी पाकिस्तान से कई बार गुब्बारे आ चुके हैं।

# मालपुराः पालिका के भूखण्डों पर अतिक्रमण की शिकायत पर जमादार ने लीपापोती की

**मालपुरा,** (निसं)। नगरपालिका शहरी क्षेत्र में अस्पताल रोड पर मुख्य सड़क किनारे पालिका की करोड़ो रूपयों की जमीन पर लगे सरकारी बोर्ड को उखाड़ अतिक्रमियों द्वारा दिन-दहाडे किये जा रहे अतिक्रमण की मिली शिकायत पर पालिका ईओ व अध्यक्ष के आदेशों पर मौके पर पहुंचे जमादार द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज कागजी खानापूर्ति कर बिना निर्माण सामग्री जप्त किये वापस लौट जाने से देर शाम को पुनः निर्माण कार्य शुरू होने का मामला सामने आया।

मामले के अनुसार सांवरकर सर्किल से सरकारी अस्पताल सड़क मार्ग पर मुख्य सड़क किनारे मंगलवार को प्रभावशाली अतिक्रमियों द्वारा अपने राजनैतिक आकाओं के इशारे पर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसकी मिली शिकायत पर पालिका ईओ सुरेन्द्र मीणा व अध्यक्ष आशा नामा के आदेशों पर जमादार राजेश कुमार जेसीबी मशीन



अस्पताल रोड पर अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति कर लौटा पालिका दस्ता।

- **पालिका ईओ व अध्यक्ष के आदेशों पर मौके पर गए जमादार ने सामग्री जब्त करने की व कानूनी कार्रवाई नहीं की**
- **जमादार के लौटने के कुछ घंटों बाद ही पुनः निर्माण कार्य शुरू**

व दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज आस-पास लगे मिट्‌टी के ढेर को खुर्द-बुर्द कर कागजी खानापूर्ति की गई और मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री को जप्ती की कार्यवाही नहीं की गई और ना ही अतिक्रमी के विरूद्ध कोई पुलिस कार्यवाही एवं विभागीय कार्यवाही की गई। जमादार के लौटने के कुछ घंटों बाद ही अतिक्रमी के ठेकेदार ने पुनः चोरी छुपे निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। उक्त स्थान पर पूर्व में भी मिली शिकायत पर अतिक्रमण हटाने की फोरी कार्यवाही की गई। दोनों बार लीपापोती कर कागजी खानापूर्ति करना पालिका व अतिक्रमी के बीच आपसी सांठ-गांठ तो करोडों रूपयों की सरकारी भूमि पर सहमति से अतिक्रमण होना सामने आया है।

कमोबैस यही हाल शहर के इन्द्र कॉलोनी, जवाहर नगर, टोडारोड, केकडी रोड, अजमेर रोड, घाटी रोड आदि आवासीय कॉलोनी व मुख्य सडक किनारे का है जहां पालिका की करोडों रूपयों की बेसकिमती जमीनों पर भूमाफिया व अतिक्रमियों की कच्चे-पक्के निर्माण कर काबिज होने का क्रम बदस्तूर जारी है। लेकिन नगरपालिका प्रशासन द्वारा सरकारी सम्पति की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# बारदाने के अभाव में आज से बंद होगा खरीद केन्द्र

## आज से खरीद केन्द्र बंद होने के आदेश, 1500 पंजीकृत किसानों का चना तुलना शेष

**मालपुरा,** (निसं)। केन्द्र सरकार के आदेशों पर राजफेड द्वारा क्रय-विक्रय सहकारी समिति के माध्यम से 1 अप्रेल से मालपुरा कृषि मंडी में समर्थन मूल्य पर चना, सरसों व गेंहू खरीद के लिए शुरू किये गये खरीद केन्द्र सहित टोरडी, पचेवर, लाम्बाहरिसिंह, लावा सब सेन्टरों के माध्यम से दो महिने में 21 करोड़ 54 लाख 23700 हजार रूपये से 82380 चने के बैग की खरीद की गई।

लेकिन अब बारदाने के अभाव में 8 जून से खरीद केन्द्र बंद होने के आदेश जारी किये गये हैं। क्रय-विक्रय सहकारी समिति मैनेजर अजीत कुमार शर्मा ने बताया कि 1 मई से समर्थन



मालपुरा कृषि मंडी में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए चने के कट्‌टों की ढेरियां लगी हैं।

मूल्य पर शुरू हुई जिन्सों की खरीद व तुलाई के लिए प्रति काश्तकार 25 क्विंटल चने की खरीद करते हुए 6 जून तक मालपुरा कृषि मंडी सरकारी कांटे पर 40 हजार 899 चने के बैग की तुलाई की गई तो टोरडी सेन्टर पर 9076 बैग, पचेवर सेन्टर पर 13830 बैग, लाम्बाहरिसिंह सेन्टर पर 13062 बैग व लावा सेन्टर पर 5513 चने के बैग की तुलाई की गई।

केवीएसएस व्यवस्थापक भंवर लाल विजय, सुखलाल व सागर मल शर्मा ने बताया कि मंगलवार को बारदाना खत्म हो जाने के चलते बुधवार 8 जून से आगामी आदेशों तक समर्थन मूल्य पर शुरू किया गया खरीद केन्द्र बंद रहेगा। शेष रहे लगभग 1500 किसान जिन्होंने अपना पंजीयन करवा लिया है। उनके टोकन पर 40 क्विंटल प्रति किसान चने की तुलाई सेन्टर पर बारदाना आने के बाद शुरू की जायेगी।

# सूरसागर क्षेत्र में दो समुदायों के बीच तनाव

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के सूरसागर क्षेत्र में मंगलवार शाम दो समुदायों के बीच कहासुनी के बाद तनाव हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थित को नियंत्रित में लेकर धारा 144 लागू की। अभी क्षेत्र में भारी पुलिसबल लगाया गया है। खबर लिखने तक स्थिति काबू में है। पुलिस के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। दो लोगों को चोटें आने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि जोधपुर का सूरसागर संवेदनशील क्षेत्र है। यहां कभी कभी दो समुदायों में तनाव होता रहता है। पिछले दिनों जिन दस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था, उसमें सूरसागर थाना क्षेत्र भी शामिल था। बहरहाल पुलिस अधिकारी अधिक कुछ बताने से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना कोतवाली थाना इलाके में आगवाड़ी फाटक के पास ट्रक व बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत होने का मामला सामने आया है। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को राजकीय कपिल जिला अस्पताल में की मोर्चरी में रखवाया। हादसे में मृतक विश्वेश्वर सिंह (35), श्रुति (19) और विष्णु (6) निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 08 नोएडा मूल निवासी आजमगढ़ यूपी के रहने वाले हैं। जांच अधिकारी गिरधारीलाल ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई हैं।

परिजन आने के बाद बुधवार को शवों का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। परिजनों द्वारा रिपोर्ट देने के बाद जांच शुरू की जायेगी। जानकारी मुताबिक



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक।

सोमवार शाम को मृतक अपने बेटे व बेटी के साथ नोएडा से बाइक पर खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। खाटूश्यामजी के दर्शन कर नोएडा जा रहे थे।

# एसएससी के एग्जाम में डमी कैंडिडेट पकड़ा

**अलवर,** (निसं)। अलवर में एमआरटीसी कॉलेज में एसएससी के एग्जाम में डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा। फर्जी अभ्यर्थी पहली पारी में परीक्षा दे चुका था। दूसरी पारी में दूसरे कैंडिडेट की जगह परीक्षा देते समय उसे पकडा और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस एएसआई रूपचंद ने बताया कि डमी कैंडिडेट 25 वर्षीय सुधीर बबेरवाल पुत्र प्रमोद है। जो सुबह ऑरिजनल कैंडिडेट लोकेश मीणा की जगह एग्जाम दे चुका था। पहली पारी का समय सुबह नौ से 10 बजे का था।

दूसरी पारी में यही डमी कैंडिडेट करौली के ऑरिजनल कैंडिडेट संतोष की जगह परीक्षा देने पहुंचा। परीक्षा देते समय वीक्षक को शक हुआ तो जांच की। पूछताछ की तो कैंडिडेट घबरा गया। इसके बाद पूरा खुलासा हुआ कि परीक्षा देने वाला संतोष नहीं बल्कि सुधीर नाम का युवक है। जिसके पास अभ्यर्थी का पहचान पत्र भी था। पूछताछ की तो सुबह की पारी के कैंडिडेट के कागज भी हाथ लग गए। जिससे कॉलेज को पता लग गया कि यह फर्जी अभ्यर्थी है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कॉलेज की रिपोर्ट के आधार पर युवक की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने बताया कि अभ्यर्थी ने केवल 25 हजार रुपए में एग्जाम देने की बात कही



फर्जी अभ्यर्थी सुधीर बबेरवाल

- **एमआरटीसी कॉलेज में पहली पारी में एग्जाम दे चुका था, दूसरी पारी में दूसरे कैंडिटेड की परीक्षा देते पकड़ा**

है। हालांकि अभी उससे पूछताछ की जा रही है। कॉलेज की ओर से एसएससी को डमी कैंडिडेट पकडे जाने की सूचना भिजवा दी है। लेकिन इधर, कॉलेज की ओर से डमी कैंडिडेट के मामले को छिपाने का प्रयास किया गया। जानकारी किसी को नहीं दी गई। हालांकि बाद में पुलिस युवक को अस्पताल लेकर गई।

# शिक्षा मंत्री कल्ला आज जारी करेंगे 5 वीं व 8 वीं बोर्ड का रिजल्ट

**बीकानेर,** (का.स)। पांचवीं और आठवीं बोर्ड का रिजल्ट बुधवार को जारी हो जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला इन दिनों राज्यसभा चुनाव की बाड़ेबंदी के चलते उदयपुर है। ऐसे में उनसे रिजल्ट जारी करवाने के लिए एक टीम शिक्षा निदेशालय से उदयपुर के लिए रवाना हो रही है। बुधवार दोपहर तक रिजल्ट शिक्षा विभाग की ऑफिशियल साइट शाला दर्पण पोर्टल पर जारी हो जाएगा।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि बुधवार सुबह 11 बजे रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। आठवीं क्लास के 14.63 लाख और पांचवीं के 14.53 लाख स्टूडेंट्स ने इस बार एग्जाम दिया था। दो साल कोरोना के कारण दोनों क्लासेज के स्टूडेंट्स को प्रमोट किया गया था लेकिन इस बार एग्जाम हुए हैं। 17 मई को अंतिम एग्जाम होने के बाद 25 मई को रिजल्ट जारी करने का लक्ष्य था लेकिन ये नहीं हो सका। शिक्षा निदेशालय के अधीन शिक्षा विभागीय पंजीयक कार्यालय से एक टीम रिजल्ट लेकर बुधवार को उदयपुर पहुंचेगी। जहां विभाग के लेपटॉप पर स्वीच करके शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला रिजल्ट जारी करेंगे।

# उदयपुर-अहमदाबाद बॉडगेज का काम लगभग पूरा, जल्द चलेगी ट्रेन

## 299 किमी का सफर, 22 स्टेशन आएंगे, दक्षिण से होगा जुड़ाव

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज का काम लगभग पूरा हो चुका है। अगले माह के आखिरी सप्ताह या 15 अगस्त तक इस ट्रेन के चलने की संभावना है। खारवा से जयसमंद के बीच ओडा पुलिया के पास प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी सुरंग जो कि करीब 821 मीटर लंबी (यानि करीब पौन किमी) भी बनकर तैयार है और इसके आगे करीब पांच किलोमीटर पटरियां डालने का काम जो 20 मई से शुरू हुआ था वो भी करीब-करीब

- **उदयपुर-जयपुर की तरह इस रूट पर भी प्रतिदिन चलेगी इंटरसिटी ट्रैन**

पूरा हो चुका है। अभी खारवा से जयसमंद के बीच सीआरएस होना बाकी है। संभवतः इसी माह सीआरएस निरीक्षण किया जा सकता है। सीआरएस निरीक्षण के बाद रूट पर डेमो ट्रेन चलाकर इसे परखा जाएगा।

उदयपुर से अहमदाबाद मार्ग पर जयपुर की तरह प्रतिदिन इंटरसिटी ट्रेन चलेगी। उदयपुर से अहमदाबाद का यह सफर 299 किलोमीटर का रहेगा। इस मार्ग पर 22 स्टेशन बनाए गए हैं। गत दिनों डूंगरपुर से खारवा तक सीआरएस निरीक्षण व इससे पहले हिम्मतनगर से डूंगरपुर तक सीआरएस हो चुका है और यह ट्रेन डूंगरपुर से असारवा (हिम्मतनगर) तक संचालित हो रही है। अब यह जल्द उदयपुर तक चलेगी। करीब 14 साल से लंबित इस रेल मार्ग पर ट्रेन चलने से मेवाड़ दक्षिण से जुड़ जाएगा। इस ब्रॉडगेज की सौगात के साथ ही उदयपुर गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक के रास्ते दक्षिण भारत से सीधा कनेक्ट हो जाएगा। इस मार्ग पर इलेक्ट्रिफिकेशन के काम को पूरा होने में करीब दो साल का समय लगेगा।



उदयपुर-अहमदाबाद बॉडगेज पर काम करते मजदूर।

# राज्यसभा चुनाव में संभावित हार और विधायकों के असंतोष से बौखलाई कांग्रेस : राजेन्द्र राठौड़

## 'महेश जोशी एसीबी-ईडी को पत्र लिख रहे हैं, अगर उनके पास हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़ा कोई भी तथ्य या प्रमाण है तो वह मीडिया व प्रदेश की जनता के समक्ष सार्वजनिक करने से घबरा क्यों रहे हैं?'

**जयपुर** (कासं)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक व जलदाय मंत्री महेश जोशी ने राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग का हवाला देते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के बाद अब निर्वाचन आयोग, भारत सरकार को पत्र लिखने से स्पष्टत: प्रमाणित हो रहा है कि कांग्रेस सरकार राजस्थान में 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में 1 सीट पर संभावित हार और अपने विधायकों के भारी अंसतोष के कारण बौखलाई हुई है।

राठौड़ ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 164 (2) के अनुसार मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के आधार पर काम करता है, यानी किसी मंत्री का कोई बयान पूरे मंत्रिमंडल का माना जाता है। सरकारी मुख्य सचेतक जिन तथ्यों व सबूतों के आधार पर राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेंडिंग की बात कहकर कभी एसीबी तो

■ **राज्यसभा चुनाव में 1 सीट पर होने वाली संभावित हार से कांग्रेस सरकार इस कदर भयक्रांत है कि विपक्ष के जनप्रतिनिधियों का फोन भी सर्विलांस पर ले रखा है : उपनेता प्रतिपक्ष**

कभी निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर रहे हैं, अगर उनके पास हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़ा हुआ कोई भी तथ्य या प्रमाण है तो वह मीडिया व प्रदेश की जनता के समक्ष सार्वजनिक करने से घबरा क्यों रहे हैं?

राठौड़ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में 1 सीट पर होने वाली संभावित हार के मद्देनजर कांग्रेस सरकार इस कदर भयक्रांत हो चुकी है कि अब लोकतांत्रिक मर्यादाओं की धज्जियां उडाते हुए विपक्ष के जनप्रतिनिधियों का फोन भी सर्विलांस पर ले रखा है। कांग्रेस सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्ष के जनप्रतिनिधियों पर पुलिस का सख्त पहरा, जासूसी, थाने में दर्ज लंबित प्रकरणों को पुन: खोलना तथा फोन टैपिंग करने जैसे हथकंडे अपना रही है।

राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2020 में सरकारी मुख्य सचेतक द्वारा अपनी ही पार्टी के करीब डेढ़ दर्जन विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। तत्पश्चात् बिना किसी जांच के इन मुकदमों को वापिस लेकर एक तरह से उन्हें क्लीन चिट दे डाली।

एसीबी व निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर हॉर्स ट्रेडिंग की बात कहने वाले सरकारी मुख्य सचेतक तो पहले यह स्पष्टीकरण देना चाहिये कि उन्होंने पहली वाली एफआईआर पर बिना जांच के उन मुकदमों को रफा-दफा कैसे कर दिया। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब कोई सरकार लगभग 50 दिन सात सितारा होटल में रही। वहीं सप्ताहभर से चार्टर्ड प्लेन प्रतिदिन 2 से 3 बार जयपुर से उदयपुर के बीच दौड़ रहे हैं। एसीबी को हॉर्स ट्रेडिंग के निराधार आरोपों की जगह पर सबसे पहले कांग्रेस पार्टी के सात सितारा होटल में होने वाले खर्चों व चार्टर्ड प्लेन की राशि के बारे में जांच करनी चाहिये।

राठौड़ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में 1 सीट पर कांग्रेस के वोट बैंक का गणित बिगड़ रहा है, इसलिए ही कांग्रेस सरकार पुलिस व एसीबी के बेजा इस्तेमाल के बाद अब निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर राज्यसभा चुनाव की पवित्रता को नष्ट करने का कुकृत्य कर रही है। अगर कांग्रेस अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आई तो भारतीय जनता पार्टी भी कांग्रेस सरकार द्वारा किये जा रहे कुकृत्यों के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवायेगी।

## 12 आरएएस अधिकारियों का तबादला

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी कर 12 आरएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें से 11 अफसरों को रिक्त पदों पर नियुक्ति दी गई है।

आदेश के मुताबिक सना सिद्दीकी को राजस्थान वक्फ बोर्ड जयपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कमल सिंह यादव को राज्य महिला आयोग जयपुर का उपसचिव, राजेन्द्र सिंह शेखावत-प्रथम को राजस्व अपील अधिकारी अजमेर, विनोद कुमार मीणा को राज्य मंत्री जाहिदा खान का निजी सचिव के पद पर लगाया है। इसी प्रकार हनुमान सिंह राठौड़ को उपखंड अधिकारी गोगुंदा (उदयपुर), अशोक कुमार को उपखंड अधिकारी चाकसू, नीलम लखारा को उपखंड अधिकारी झाडोल, सुनील शर्मा प्रथम को उपखंड अधिकारी कुशलगढ़ (बासंवाड़ा), पंकज गढवाल को उपखंड अधिकारी डेगाना (नागौर) और ओमप्रकाश मीणा को उपखंड अधिकारी राजगढ़ अलवर को लगाया है। इसके अलावा प्रियंका विश्नोई को कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की रजिस्ट्रार और गंगाधर मीणा को अलवर के किशनगढ़बास का उपखंड अधिकारी लगाया गया है।

## नेहरू बालोद्यान की मैंटीनेंस फर्म को ब्लैकलिस्ट करने पर रोक

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक रोड स्थित नेहरू बालोद्यान का रखरखाव करने वाली फर्म का ठेका रद्द कर उसे एक साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर अमानत राशि जब्त करने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश मैसर्स छवि नर्सरी की याचिका पर दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान चौधरी और अधिवक्ता तरुण चौधरी ने अदालत को बताया कि गत 8 जुलाई 2021 को याचिकाकर्ता को बालोद्यान की रखरखाव के लिए 2 साल का ठेका करीब 97 लाख रुपए में दिया गया था। एक माह बाद ही उसे रखरखाव सही नहीं करने को लेकर नोटिस जारी किया गया। याचिका में कहा गया कि गत फरवरी माह में प्रोजेक्ट ऑफिसर ने उसके पक्ष में रिपोर्ट दी थी, लेकिन

■ **हाईकोर्ट ने जेडीए उद्यानविज्ञ के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाई**

उसे दरकिनार कर 7 अप्रैल को वरिष्ठ उद्यानविद् ने उसका ठेका रद्द कर दिया और 1 साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर 20 लाख रुपए की अमानत राशि भी जब्त कर ली। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ पूर्वाग्रह रखते हुए ठेका देने के एक माह बाद से ही उसे प्रताडित किया जा रहा है। ठेका रद्द करने की कार्रवाई से पूर्व उसे न तो नोटिस दिया गया और ना ही उसका पक्ष सुना गया। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने 7 अप्रैल के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

## धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का समापन



जयपुर (कासं)। दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के तत्वावधान में दुर्गापुरा इकाई की ओर से आयोजित धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर 7 जून को संपन्न हुआ। मंगलवार को दुर्गापुरा जैन मंदिर प्रांगण में धूमधाम से समारोह हुआ। दीप प्रज्वलन आशिका जैन व राहुल जैन ने किया। संगीतमय मंगलाचरण प्रथम भाग के बच्चों ने किया। अध्यक्षता डॉ.समा शाह ने की और विशिष्ट अतिथि शालिनी जैन कोटा वाले एवं निर्मला कासलीवाल रहे। विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम में महिलाओं की ही अग्रणी भूमिका रही। धार्मिक अध्यापन कार्य श्रमण संस्कृति संस्थान के पंडित सिद्धार्थ जैन, विकास जैन, दीपक शास्त्री व स्थानीय शिक्षिकाएं विमला पांड्या, कु. आशिका जैन व छवि जैन ने किया। डॉ. शांतामणि, रेखा पाटनी, रिंकु सेठी एवं रेणु पांड्या शिविर की संयोजक रही। केंद्र एवं अंचल की और से सुरेंद्र पांड्या राष्ट्रीय महामंत्री, अनिल जैन आईपीएस अंचल अध्यक्ष, महावीर बाकलीवाल महामंत्री, अशोक लुहाड़िया मंत्री एवं शांति काला मंत्री, डॉ. मोहन लाल मणि उपाध्यक्ष शामिल रहे। दुर्गापुरा ट्रस्ट समिति की और से प्रकाश चांदवाड़, राजेंद्र काला, सुनील संगही, नरेश बाकलीवाल, विमल गंगवाल विमल बड़जात्या, जय कुमार, रमेश छाबड़ा, सत्येंद्र पांड्या राजेंद्र जैन के साथ भागचंद शाह, रणजीत जैन, मनोज सोगानी, गुलाब चंद अजमेरा, राजेंद्र पापड़ीवाल, महिला मंडल से चंदा सेठी, रेखा लुहाड़िया रानी सोगानी व एवं पुष्पा सोगानी, शशिप्रभा शाह, सुशीला काला, सुनीता काला ने भी भाग लिया। परीक्षा में मौखिक में अर्हम जैन, भाग प्रथम में मिशिका जैन, भाग द्वितीय में आरव जैन, भाग तृतीय में प्रिंस जैन, छह ढाला में प्रज्ञा जैन एवं तत्वार्थ सूत्र में सुशीला सेठी व संतोष जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन भागचंद जैन मित्रपुरा ने किया।

## ईएसआई हॉस्पिटल में योग पखवाड़ा शुरू



**अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मंगलवार से योग शिविर के साथ योग पखवाड़े की शुरूआत हुई।**

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी जयपुर में अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मंगलवार से योग शिविर के साथ योग पखवाड़े की शुरूआत हुई।

इस शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल, उपाधीक्षक डॉ. आर पी मीणा सहित सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर्स व स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री भूपेंद्र यादव ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। यादव ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में योगाभ्यास का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया। नोडल ऑफिसर डा. अखिलेश जैन ने बताया कि योग पखवाड़े के तहत प्रतिदिन बिमितों के कार्यस्थल पर हॉस्पिटल की टीम योगा ट्रेनर के साथ सभी को योगाभ्यास करवाएगी। साथ ही योग के महत्व, इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ और स्वस्थ जीवन से समृद्धि जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी दिए जाएंगे। योग को लेकर जन चेतना जागृत करने का काम किया जायेगा।

ईएसआई हॉस्पिटल में लंबे समय से मरीजों व उनके परिजनों को योग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी व इंडोर में योगाभ्यास कराया जाता है। साथ ही उन्हें अपने वेटिंग टाइम में भी योग के लिए प्रेरित कर तनाव दूर करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। जिसे आमजन द्वारा भी बहुत पसंद किया गया है।

## राजस्थान कॉलेज में छात्रों में बीच लाठी-भाटा जंग

**जयपुर**। राजस्थान कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच उत्पात का मामला सामने आया है। 24 घंटे बाद वीडियो वायरल होने पर घटना का पता चला। वीडियो में छात्रों के दो गुट लाठी-सरियों से एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात है कि जब कॉलेज परिसर में यह उत्पात चल रहा था, उसी समय कॉलेज के अंदर परीक्षाएं चल रही थी। उत्पात के बीच कॉलेज का स्टॉफ भी अंदर छुप गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि छात्रों के बीच पत्थरबाजी भी हुई। घटना की सूचना कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को दी। पुलिस के आने के बाद छात्र कॉलेज के भाग गए। दरअसल, कॉलेज में यूजी और पीजी की परीक्षाओं के बीच दूसरे छात्रों को प्रवेश दे दिया। छात्र नेता विमल चौधरी और मोहित यादव के समर्थक कैम्पेनिंग करने आए थे। नारेबाजी के दौरान दोनों गुट भिड़ गए। इस मामले में कॉलेज प्रिंसिपल एसएल शर्मा का कहना है कि कॉलेज में वाहन पार्क करने के बहाने से छात्र प्रवेश कर जाते हैं। घटना की सूचना पुलिस को लिखित में दे दी थी। उत्पात का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है।

## पार्क में लड़कियों को छेड़ रहे तीन मनचले गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती थाना इलाके में स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में लड़कियों को छेड़ रहे तीन मनचलों को निर्भया स्क्वायड ने पकड़वाया है।

मंगलवार को दो युवतियों को छेड़ने की सूचना पर निर्भया स्क्वायड की दो महिला कांस्टेबल स्वर्ण जयंती पार्क में गई थी। तीनों लड़कों को मना किया तो वे महिला कांस्टेबलों के साथ ही झगड़ा करने लगे। इस पर टीम ने भट्टा बस्ती थाने पर सूचना देकर अतिरिक्त जाब्ता मौके पर बुलवाया। तीनों युवकों से पुलिस ने पार्क में मांफी मंगवाई। इसके बाद आरोपित आरिफ, जुबेर और मोहम्मद सरफराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं शिप्रापथ स्थित लैंडस्केप पार्क में ट्यूशन टीचर मोहम्मद अजहरूद्दीन को नाबालिग लड़की के साथ देखा। आरोपी ट्ययूशन पढने वाली किशोरी को अपने साथ लेकर बैठा था। पड़ताल में सामने आया कि आरोपी पहले भी इस नाबालिग के साथ पकड़ा गया था। आरोपी का मोबाइल देखा तो उसमें नाबालिग लड़की की अश्लील वीडियो बना रखे थे। तब आरोपी को शिप्रापथ थाना पुलिस को बुलाकर गिरफ्तार करवाया।

## जलदाय कर्मचारियों से मारपीट

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में जलदाय विभाग के कर्मचारियों से हाथापाई का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में पीएचईडी का कार्यालय है। महिला एईएन उषा चौधरी ने रिपोर्ट दी है कि वह सोमवार शाम कर्मचारियों के साथ चमनबाडी में बूस्टर पंप की चेकिंग के लिए निकली थी।

यहां पर मुमताज खान ने कर्मचारियों के साथ हाथापाई की और राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

## सार-समाचार

### रोडवेज प्रबंधन ने यात्रियों को पौधें बांटे



**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान रोडवेज के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता अभियान के तहत मुख्य प्रबंधक भानु प्रताप सिंह द्वारा यात्रियों व कर्मचारियों को पौधे भेंट कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया गया। मुख्य प्रबंधक ने बताया कि रोडवेज द्वारा 1 जून से 10 जून तक प्रकृति मेरी जिम्मेदारी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पूरे राजस्थान के बस स्टैंड पर लगे पैसेंजर ऑडियो अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण व जल प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग से जागरूकता जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को सिंधी के बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों को प्रकृति को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया यह पौधों का वितरण किया गया।

### 25 सहायक योग प्रशिक्षक बनाये

**जयपुर**, (का.सं.)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में आर्ट ऑफ लिविंग के सहायक योग प्रशिक्षक प्रोग्राम का आयोजन सेवा धाम, प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर, सेक्टर 4, जवाहर नगर, में किया गया। जहां ाेग प्रशिक्षक राजेश पाराशर और शरद कामरा ने प्रशिक्षण दिया। 9 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम को 25 जयपुर वासियों ने मंगलवार को पूर्ण करके योगा वोलंटियर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। नए योग प्रक्षिशक मुख्य रूप कच्ची बस्तियों और पार्को मे सभी आमजनों को नि:शुल्क योग सिखायेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान के स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर राजेश पाराशर ने बताया कि श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा से आर्ट ऑफ लिविंग के मास्टर ट्रेनर्स देश भर में साल 2022 के अंत तक 50 हजार सहायक योग प्रक्षिशक तैयार करने के लिए प्रक्षिक्षण लेंगे। मीडिया कोर्डिनेटर आभा पाराशर ने बताया कि योग दिवस से पहले सशक्त योगाभ्यास के लिए आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से 10 से 12 जून को आदर्श विद्या मंदिर, अंबावाड़ी पर प्राणायाम ध्यान शिविर होगा।

### जर्जर भवन मालिकों को मिलेंगे नोटिस

**जयपुर**, (का.सं.)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज आयुक्त अवधेश मीना ने बताया कि हैरीटैज क्षेत्र में परकोटे के भीतर जर्जर भवनों का सर्वे कर भवन मालिकों को नोटिस जारी कर उनकी मरम्मत कराने का प्रयास किया जायेगा। मीना ने बताया कि संबंधित जोन आयुक्तों को निर्देश दिये है कि जर्जर भवनों का शीघ्र सर्वे कराकर नोटिस जारी करे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि हैरिटेज भवनों का संरक्षण कराने के लिए भवन मालिकों को तत्काल मरम्मत कराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। अगर बरसात में कोई भवन गिरता है तो उसके मलवे को उठाने के लिए टीमें गठित कर रखी है जो गिरने वाले मलवे को तत्काल उठायगी, वहीं मलवा हटाने में होने वाले खर्च का भुगतान संबंधित भवन मालिक से वसूल किया जायेगा।

### उप तहसील बार व टोडरा का सृजन

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमन्द जिले के बार (तहसील भीम) तथा सवाई माधोपुर जिले के टोडरा (तहसील सवाई माधोपुर) को नवीन उप तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गहलोत के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी। नवीन उप तहसील बार में 2 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 7 पटवार मण्डल तथा 36 राजस्व ग्राम तथा नवीन उप तहसील टोडरा में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 11 पटवार मण्डल, 51 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।

### दो आईएफएस के तबादले

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी कर भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 2 अधिकारियों के तबादले किये हैं। आदेश के मुताबिक हरिकिशन सारस्वत को डीएफओ आरएफडब्ल्यूटीआई के पद पर और जग्नेश शर्मा को उप वन संरक्षक बांसवाड़ा के पद पर लगाया है।

## पुलिसकर्मियों की रोडवेज यात्रा सुविधा में कटौती

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम प्रबन्धन द्वारा पुलिस कर्मियों को 300 रू. में देय असीमित यात्रा व दिल्ली तक यात्रा करने की सुविधा में 1 जुलाई से संशोधन किया है। रोडवेज मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार राजस्थान पुलिसकर्मी 1 जुलाई,2022 से एक बस में अधिकतम 5 पुलिसकर्मी एवं राज्य की सीमा में ही 300 रू. में देय यात्रा सुविधा का लाभ ले सकेंगे। पुलिसकर्मियों को राजस्थान राज्य की सीमा में देय असीमित यात्रा की सुविधा का लाभ मिलता रहेगा। राजस्थान पुलिस कर्मियों को 6 जून 2022 को जारी आदेश से पूर्व बस में असीमित पुलिसकर्मियों को यात्रा करने की सुविधा प्रदान की हुई थी साथ ही राजस्थान पुलिसकर्मियों को राजस्थान से दिल्ली आने व जाने की सुविधा भी प्रदान की हुई थी। इसके लिए राजस्थान रोडवेज द्वारा आर.एफ.आई.डी. कार्ड जारी किया हुआ है जिससे पुलिसकर्मियों को यात्रा करने पर शून्य राशि का टिकिट परिचालक द्वारा जारी किया जाता है। ज्ञात रहे कि राजस्थान रोडवेज ऑफिसर्स एसोसिएशन ने पिछले दिनों सीएमडी स्तर पर ज्ञापन देकर पुलिसकर्मियों की सुविधा पर आपत्ति जताई थी और इसे रोडवेज के लिए प्रति माह डेढ़ करोड़ रु. का घाटा बताया था।

## ससुराल से लापता विवाहिता का 8वें दिन भी सुराग नहीं

**जयपुर**। गांधीनगर इलाके में झालाना डूंगरी स्थित ससुराल से अचानक लापता हुई विवाहिता का आठवें दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार झालाना डूंगरी निवासी दिनेश पुरी गोस्वामी की पत्नी पूजा गोस्वामी (29) अपने पति को किसी काम की कहकर 1 जून की दोपहर घर से निकली थी, जोकि देर शाम तक भी वापिस नहीं लौटी तो थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। घटना के संबंध में लापता महिला के भाई प्रदीप गोस्वामी ने डीसीपी कार्यालय में शिकायत दी है। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा उसकी बहन की हत्या कर लाश कहीं छिपा दी गई है।

## मानसून से पहले नाला सफाई पर जोर



**मानसून की बारिश से पहले नगर निगम प्रशासन इन दिनों शहर के गंदे नालों की सफाई करने में जुटा है, ताकि शहरवासियों को बारिश के दौरान बदबू और कीचड़ जैसी परेशानी न झेलनी पड़े।**

## 'ई-वेस्ट पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार हो चुका, इसे जल्द लागू करेगी सरकार'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में खनन क्षेत्र को 33 प्रतिशत ग्रीन कवर सुनिश्चित करना चाहिए। यहां बड़ी संख्या में छोटी और बड़ी माइंस हैं, अगर वे 33 प्रतिशत ग्रीन कवर होंगी तो इससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता भी सुनिश्चित होगी।

■ **माइनिंग क्षेत्र को 33 प्रतिशत ग्रीन कवर सुनिश्चित करना चाहिए : सुधांश पंत**

पंत ने यह बात मंगलवार को जयपुर में कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से आयोजित द 7आर्स कॉन्फ्रेंस: रोडमैप फॉर ए ग्रीनर टुमॉरो के 5वें संस्करण में बतौर मुख्य अतिथि कही।

कार्यक्रम में सुधांश पंत ने ग्रीन रेटिंग कंपनियों को पुरस्कार भी प्रदान दिये। प्लेटिनम अवार्ड हीरो सेंटर फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी कूकस व जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लि. कंक्रोली को मिला। जबकि गोल्ड अवार्ड डीजल लोको और वैगन वर्कशॉप नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे (अजमेर), कैरेज वर्कशॉप नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे (अजमेर), कैरेज वर्कशॉप नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे (जोधपुर), हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (दरीबा स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जयपुर) को मिला। सुधांशु पंत ने कहा कि जहां अधिकांश औद्योगिक परियोजनाएं निर्धारित ग्रीन कवर का ध्यान रख रही हैं, वहीं माइनिंग क्षेत्र को भी उनसे सीख लेनी चाहिए और राज्य में हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने में अपना योगदान देना चाहिए। सीआईआई ने अधिक सस्टेनेबल और हरित पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। इससे पहले सीआईआई के चेयरमैन गौरव रूंगटा ने मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि द 7आर्स कॉन्फ्रेंस: रोडमैप फॉर ए ग्रीनर टुमॉरो के 5वें संस्करण का आयोजन एक सस्टेनेबल हरित पर्यावरण के बारे में चर्चा और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया गया है। सीआईआई के वाईस चेयरमैन अभिनव बांठिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और डब्ल्यूटीडी, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड अरुण मिश्रा ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। सेंट-गोबेन इंडिया प्रा.लि. के ग्लास सॉल्यूशंस एंड स्ट्रेटेजिक प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक आइजनहावर स्वामीनाथन ने कहा कि परियोजनाओं में हाई ड्यूअल एनर्जी एफिशिएंट ग्लास का उपयोग करना चाहिए, जो कि ऊर्जा बचाने के लिए आग प्रतिरोधी भी हो सकता है।




**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन सुधांश पंत ने मंगलवार को ग्रीन रेटिंग कंपनियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।**

## कार सवार लड़कियों से बदमाश ने की छेड़छाड़

**जयपुर**। राजधानी के चित्रकूट इलाके में रेस्टोरेंट से खाना लेने गए दो लड़कियों से थार जीप सवार बदमाश ने बीच सड़क पर छेड़छाड़ की। लड़कियों ने अपने दोस्तों को कॉल कर मदद के लिए बुलाया। कार से आए दोस्तों ने बदमाश को रोक लिया, लेकिन रिवर्स जीप भगाकर बदमाश भाग निकला। महज एक मिनट बाद वह तेज रफ्तार जीप दौड़ाकर लाया और लड़कियों की कार को टक्कर मार दी। फिर भाग निकला। चित्रकूट नगर थाने में पीड़िता ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि चित्रकूट नगर इलाके की 17 वर्षीय लड़की ने मामला दर्ज कराया है। रविवार रात करीब सवा दस बजे वह अपनी सहेली के साथ कार से चित्रकूट स्टेडियम के पास जोयपुर कैफे खाना पैक कराने आई थी। रेस्टोरेंट से निकलते समय कार के पास थार जीप सवार युवक ने गाड़ी रोक ली। दोनों लड़कियों से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर धमकाते हुए कहा कि अपने बाप से पूछना- संदीप चौधरी कौन है? आरोप है कि गालियां देते हुए एक लड़की का गला तक पकड़ लिया। लड़कियों को छूने की कोशिश करने लगा। जीप सवार बदमाश के सरेराह छेड़छाड़ करने का स्थानीय लोग और राहगीरों ने विरोध नहीं किया। लड़कियां वहां से निकल गईं। लड़कियों ने अपने दोस्तों को कॉल कर मदद मांगी। दोस्तों ने रेस्टोरेंट के बाहर कार लेकर रुकने को कहा। लड़कियां दोबारा कार लेकर रेस्टोरेंट के बाहर आकर रुकीं तो जीप सवार बदमाश भी पीछे-पीछे आ गया। कार के पास जीप को सटाकर बीच सड़क पर गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान लड़कियों के कार सवार 5 दोस्त भी वहां आ गए। जीप के आगे कार लगाकर बदमाश को रोक लिया। कार से उतरकर पकड़ने भागे तो बदमाश ने जीप को रिवर्स में दौड़ाना शुरू कर दिया।

कार सवार दोस्त बदमाश का पीछा करने लगे। बदमाश अपनी जीप लेकर गली में भाग निकला। महज 1 मिनट बाद दोबारा जीप को तेज रफ्तार में लाया। रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी लड़कियों की कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के समय एक लड़की कार में बैठी थी, जबकि दूसरी कार से बाहर खड़ी थी। टक्कर मारकर बदमाश जीप लेकर भाग तो लड़की चिल्लाते हुए पीछे दौड़ी। लोगों ने रोड किनारे खड़ी अपनी गाड़ियों को डर के मारे वहां से हटा लिया।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी बदमाश संदीप चौधरी (30) मूलत: सीकर का रहने वाला है। उसके खिलाफ कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट, मारपीट, पॉक्सो एक्ट आदि के मुकदमे शामिल हैं।



**World Oceans Day**

66% of the world is covered in a blanket of rich, vibrant blue. From its depths once came all life on the Earth and it continues to house till date. This blanket is the world's oceans, serving as one of the most popular vacation spots in the world playing a vital role in the economy of countries worldwide. World Oceans Day celebrates the ocean and the important role it plays in our lives.

#SPACE

# Stargazing Month

In a rather remarkable turn of events the five naked-eye planets will be arranged in their natural order from the Sun across 91° of the sky.




It's the stargazing highlight of the month, but how much do you know about how, why and where the five naked-eye planets are aligning to adorn the south-eastern horizon this weekend and throughout June 2022?

Here's everything you need to know to see Mercury, Venus, Mars, Jupiter, Saturn stretching across the sky-which began this Friday, June 3 and Saturday, June 4, 2022, and will get easier over the next three weeks:

**1. It's all happening before sunrise.**

Yes, a bit of bad news to start with. You'll need to get up before sunrise and cast your eyes to the south-eastern horizon to see Mercury closest to the horizon followed by Venus, Mars, Jupiter and Saturn. Those latter four planets will be easy, but you'll need an unobstructed eastern horizon (and probably binoculars) to see little Mercury. If you can't see Mercury then keep trying at the same time for the rest of June because it will be rising higher into the pre-dawn sky.

**2. You only have 30 minutes to see it.**

Timing is everything because the Sun will rise soon after Mercury. Visit timeanddate.com and enter your city, change the date to June 3 or June 4, then scroll down to see what time Mercury rises where you are. That's when to set your alarm for. If you don't have binoculars and/or a clear, low view of the horizon then you can get up even earlier to see the other planets in a darker sky (in that case Venus-rise would be a good time to wake up).

**3. They'll appear in their order from the Sun.**

In a rather remarkable turn of events the five naked-eye planets will be arranged in their natural order from the Sun across 91° of the sky. That's the closest they've appeared to be for about 100 years. First will be Mercury (the dimmest) and Venus (the brightest) 18° apart-the two inner planets that orbit the Sun closer than we do on Earth-followed by Mars 4° from Jupiter (the second-brightest) and Saturn the outlier at 39° out. A comparable view has not been possible since 2004 and an alignment like this won't be visible again until 2041.

**4. It's an optical illusion.**

The planets are not really aligned-it's just a line-of-sight thing. For the planets to all appear in the same view means that they must all be clustered on one side of the solar system-which they are-but they will be many millions of miles from each other and from Earth. Nothing is actually happening aside from Earth's orbit taking it to a place in space where the other planets appear to be in a line.

**5. A telescope will bag you two extra planets.**

They're too small to see with the naked-eye (and very difficult in binoculars) and they're not in their 'correct' position with regard to how far they are from the Sun, but if you have a small telescope you could also find Uranus and Neptune in the pre-dawn night sky. Uranus will be between Mercury and Venus, Neptune between Jupiter and Saturn. If you're a 'Pluto is a planet' person then, yes, you're beloved dwarf planet is also up there, due south beyond Saturn ... though it's too small to see with anything but a massive telescope.



**6. It will have no effect on your mood or anything else.**

The 'planetary parade' is cool to look at. That's really it. The position of the planets in the sky do not have any consequences for life on Earth-and certainly not on your mood. No floods, no weird energy, no nothing. This is all about line-of-sight of some very distant objects. How could their alignment have any effect on ... anything? If your mood does suffer then that's probably because you got up so early.

**7. It's happening again later this month.**

Although the view of all the planets within 91° is the appeal of this week's planet parade, it's going to get easier (read: to see Mercury) later this month. According to Sky & Telescope magazine, the planetary line-up on Friday, June 24, 2022 will even more compelling despite it occurring over 107°. Mercury will be easier to see and you'll have about an hour to find all five planets. There will also be a waning 19%-lit crescent Moon between Venus and Mars.

Wishing you clear skies and wide eyes!



For the first time, I think in boxing history, Holmes and the Referee start to have a conversation, whilst the bout is going on: The challenger was standing in his corner, taking the pounding, while Holmes signalled over and over for Lane to stop the fight. "I don't want to hurt him," said Holmes, "I fear that I would." After another right hand sent Frazer's mouthpiece out of the ring, the referee stepped in. 'His Eyes Were Clear' Lane said later: "His eyes were clear and that's why I didn't stop the fight until three or four punches after Mr Holmes would have preferred." The champion later apologized to the referee. "You see things better," he told Lane. "I thought you should have stopped it sooner, but I'm glad you gave the young man a chance." As reported in the New York Times by Michael Katz on the 26th November, 1983.



Larry Holmes and Marvis Frazer in final minutes of their three minutes long bout with referee Mills Lane looking on.

# Boxing Royalty Vs the Change



Divij Sharma
*Arbit Correspondent*

*"The same hand that can write a beautiful poem can knock you out with one punch-that's Poetic Justice."* **-'Irish' Wayne Kelly**

#ICONS

I am going to write about a time which is largely lost. It is part of a rather sweet spot, the time between Mohammed Ali and Mike Tyson. The time when Larry Holmes ruled the world of boxing and a challenger was emerging in the form of Marvis Frazer. The year was 1983; this match was seminal for many reasons. Larry Holmes, the undefeated World Boxing Council heavyweight champion, battered the overmatched 23-year-old son of Joe Frazer, the former heavyweight champion, and scored a first-round knockout at 2:57 minutes of the scheduled 12-round bout at the Caesars Palace Sports Pavilion, Las Vegas.

## The Royalty

Larry Holmes had defeated Mohammed Ali at Caesars Palace in the year 1980, effectively finishing Ali's career as a boxer. Whereas Ali Vs Joe Frazer contest is a thing made for legends. Their contest started with undisputed heavyweight matchup between champion Mohammed Ali and undefeated Frazer on Monday, March 8, 1971, at Madison Square Garden in New York City.

This fight is widely regarded as the biggest boxing match in history and arguably the single most anticipated and publicized sporting event ever. It was the first time ever that two undefeated boxers who held or had held the world Heavyweight title fought each other for that title.

The bout had broad appeal for all boxing enthusiasts, including non-boxing and non-sport fans. Ali, who had been stripped of his titles by boxing authorities for refusing to submit to the draft for the Vietnam War, had become a symbol of the anti-establishment public during his government-imposed exile from the ring, while Frazer had been adopted by the pro-war public. Frazer won in 15 rounds by unanimous decision. It was the first of a trio of fights, followed by the rematch fights Super Fight II (1974) and Thrilla in Manila (1975), both won by Ali.

In short both Joe Frazer and Mohammed Ali were the undisputed royalty of boxing and with Larry Holmes dethroning Ali for good in 1980 was viewed as a palace coup. It challenged everything, the old school, the end of era and for the boxing enthusiast the end of Ali-Frazer way of fighting. You know the broad shoulder, quick movement of the feet, South Paw – South Paw – North Paw (left hand – left hand and right Jab) also popular in boxing lexicon as One – One – Two combination (I can almost hear my coach Mr Rameshwar Singh in my head. May God rest his soul in peace!).

## The Styles

They were the combination of 'Swarmers' and 'The Out-Boxers'; the swarmer (also Crowder, in-fighter) is a fighter who attempts to overwhelm his opponent by applying constant pressure. Swarmers tend to have a very good bob and weave, good power, a good chin, and a tremendous punch output (resulting in a great need for stamina and conditioning). Boxers who use the swarmer style tend to have shorter careers than boxers of other styles. Sustaining the adequate amount of training required to execute this style is nearly impossible throughout an entire career, so most swarmers can only maintain it for a relatively brief period of time. The out-boxer (also out-fighter or pure boxer) is the opposite of the Boxer-Puncher (Larry Holmes Style). The out-boxer seeks to maintain that gap and fight with faster, longer range punches. Out-boxers are known for being extremely quick on their feet, which often make up for a lack of power. Since they rely on the weaker jabs and straights (as opposed to hooks and uppercuts), they tend to win by points decisions rather than by knockout.

> Larry Holmes quick recovery was proved by getting off the floor; he had a big heart to go with his talent. He had a strange but intoxicating mixture of 'Swarmer' and 'boxer-puncher', this is a hybrid style used to describe fighters who possess good all-around boxing/punching skills and capabilities.

Now here was Larry Holmes, the iconoclast, Larry Holmes had classic fighting style edging on slight tilt on right shoulder i.e. the broad shoulder element was not there, great lateral movement of his exceptionally left jab was highly impressive. His athletic ability was uncanny attribute in the ring. Larry Holmes quick recovery was proved by getting off the floor; he had a big heart to go with his talent. He had a strange but intoxicating mixture of 'Swarmer' and 'boxer-puncher', this is a hybrid style used to describe fighters who possess good all-around boxing/punching skills and capabilities. They possess the technical skill and grace of an out-boxer, and also the devastating power of a slugger. Boxer-punchers usually do well against out-boxers, especially if they can match their speed and mobility. Unlike the Ali - Frazer style of fighting a 'boxer-puncher' would not seek the opponent but rather wait for him to move in, at times he would hide his South- Paw bringing out or extenuating his right shoulder outwards, his guard is always up.

## The Bout

The Royalty of the boxing world had to react, it had to set the record straight. After all they represented not only themselves but a style of boxing and most surely the politics of the day. Joe Frazer had seven children, the eldest was Marvis. He, Marvis was trained by his father in the mirror image of his own fighting style. He was to be the crown prince who was to take on this challenge from Larry and reclaim the lost empire. It was also poetic, he was to beat the man who had beaten his father and he was designed to do just that, he was young. So! With his hands on his papa's sturdy shoulders, Marvis Frazer danced into the prize fighting ring with all the poise a 23-year-old man could muster. But not three minutes after he stripped off his gold-and-green brocade robe, Marvis found he was all alone and the world was too much for him.

He stood against a man who had held the title for five and a half years, a champion now with a 45-0 record, 32 knockouts and 17 successful defences. Yet after the match there was 'No Apology' from the Father "I never make mistakes," said the 39-year-old Frazer. "I know what I'm doing." But Marvis did not. He had survived the first two minutes without getting hurt, but also without doing any punching, when Holmes set him up for a right hand with a feint of his left jab. The youngster fell for one of the oldest tricks in the boxing book and was sent sprawling backward for the only knockdown. He was up at the count of 8, but Referee Mills Lane stopped the bout after Holmes landed 19 consecutive punches.



Larry Holmes taunting Marvis Frazer in the final minutes of the match.

Holmes battered Frazer with dozens of punches, snapping back the young man's head like a speed bag. All the while Holmes was mercifully waving in referee Mills Lane to stop the fight. Frazer's mouthpiece went flying out of the ring and landed at his father's feet.

And for the first time, I think in boxing history. Holmes and the Referee start to have a conversation, whilst the bout is going on: *The challenger was standing in his corner, taking the pounding, while Holmes signalled over and over for Lane to stop the fight. "I don't want to hurt him," said Holmes, "I fear that I would." After another right hand sent Frazer's mouthpiece out of the ring, the referee stepped in. 'His Eyes Were Clear' Lane said later: "His eyes were clear and that's why I didn't stop the fight until three or four punches after Mr Holmes would have preferred." The champion later apologized to the referee. "You see things better," he told Lane. "I thought you should have stopped it sooner, but I'm glad you gave the young man a chance." As reported in the New York Times by Michael Katz on the 26th November, 1983.*

Crestfallen, his brow beaten and swollen into an ugly blue knot, Frazer slumped against the turnbuckle. He seemed out of sorts and ready to explain his trespasses to his demanding father. Joe Frazer, who must be considered one of the great heavyweight champions of the century, hugged his son, smiled and whispered consolation in his ear. "I told him I loved him," he said. His son said he was hoping the referee would let the fight continue, but neither Frazer had any dispute with the decision.

*"I'm not a guy who throws in the towel," Joe Frazer said. "Marvis can survive good, but after the ref stopped it, I had no argument. It didn't hurt me. I wasn't the one taking the blows." As reported in The Wall Street Journal by David Remnick.*

> Tyson was 14 years old when Tyson had travelled with his mentor, Cus D'Amato, to watch Mohammed Ali face Larry Holmes at Caesars Palace in Las Vegas. Seeing the treatment met out to Ali at that time. Tyson was mad, really mad. He met Ali after his defeat, it is rumoured, he told Ali "When I grow up, I'll fight Holmes and I'll get him back for you."

## It was not Over

But it was not over, at the time of the aforementioned fight there was a young fighter who was taking root in the world of boxing. Mike Tyson was the young boxer, still learning the ropes of basic boxing, stance, defence etc. He was 14 years old when Tyson had travelled with his mentor, Cus D'Amato, to watch Mohammed Ali face Larry Holmes at Caesars Palace in Las Vegas. Seeing the treatment met out to Ali at that time. Tyson was mad, really mad. He met Ali after his defeat, it is rumoured, he told Ali "When I grow up, I'll fight Holmes and I'll get him back for you." This feeling was further accentuated with the defeat of Frazer's son.

Then on January 22, 1988, Tyson and Holmes met for a title match of the World Heavy Weight Championship. Ali and Frazer were present on that day witnessing this bout. Ali stepped in the ring, just before the bout was to start and whispered in Tyson's ears "Remember what you said - get him for me." In just four rounds, Tyson proved too fast, too strong and too deadly for the former heavyweight champion as he was dropped twice to the canvas before the fight was called off – Holmes knocked out for the first time in his 75-fight career.

The hungry champion had lived up to his promise from eight years before, decimating Holmes in mere minutes to avenge the sustained beating given to his hero Ali and Frazer's son back at Caesars Palace.




Mike Tyson's knockout of Larry Holmes, which effectively finished Holmes career.

## Postscript

This article is for my boxing coach Mr Rameshwar Singh, he taught me well, made me a national medallist and his training came in good stead when I was state and district champion for years. He passed away in 1998.

writetoarbit@rashtradoot.com

#RESEARCH

# How Diabetes Promote Tooth Decay

"There is a great need for treatments that will allow patients to keep their teeth healthy, but it has not been a major area for research."



A new study of mice clarifies why people with both type 1 and type 2 diabetes are prone to tooth decay.

The findings point to reduced strength and durability of enamel and dentin, the hard substance under enamel that gives structure to teeth.

For the study in Archives of Oral Biology, researchers induced type 1 diabetes in 35 mice and used a Vickers microhardness tester to compare their teeth with those of 35 healthy controls over 28 weeks.

Although the two groups started with comparable teeth, enamel grew significantly softer in the diabetic mice after 12 weeks, and the gap continued to widen throughout the study. Significant differences in dentin microhardness arose by week 28.

"We've long seen elevated rates of cavity formation and tooth loss in patients with diabetes, and we've long known that treatments such as fillings do not last as long in such patients, but we did not know exactly why," says Mohammad Ali Saghiri, an assistant professor of restorative dentistry at the Rutgers University School of Dental Medicine.



The study advances a multiyear effort from Saghiri and other researchers to understand how diabetes affects dental health and to develop treatments that counter its negative impact.

Previous studies have established that people with both types of diabetes have significantly elevated rates of most oral health issues, both in the teeth and the soft tissues that surround them. Saghiri and other researchers have also demonstrated that diabetes can interfere with the ongoing process of adding minerals to teeth as they wear away from normal usage.

"This is a particular focus of mine because the population of people with diabetes continues to grow rapidly," Saghiri says.

"There is a great need for treatments that will allow patients to keep their teeth healthy, but it has not been a major area for research."



# Royalty Coach

## Rameshwar Singh

It was 2 in the afternoon; this was a sunny, hot July afternoon of 1996. I was in my room at Jaipur House, Mayo College of Ajmer. This hour in our boarding school was called the 'silent hour'; everyone either slept or just hanged about, doing what boys do in a boarding school. The door of my room was kicked open, like an alarm. Lying on my bed, I stretched my neck to look at the door. There stood Mr Rameshwar Singh, my boxing coach.

He must have left Beawar near Ajmer at 12:30 or 1 o' clock to reach me by 2 for over a year, everyday. He stood all of 5 ft 7 inch tall in a track suit. He had a well cropped navy man moustache, chiselled muscular face. Lean toned physique with a deep baritone of voice. It goes without saying; you took him seriously, as trained boxer you knew messing with him will give you painful after thought.

'5 Minutes' these two words were the bane for my life at the time. This 25 year old man was my Hitler, I miss him a lot. In 5 minutes I was out of the main gate of my hostel, he was exactly 2 steps behind me with a skipping rope, which he used for whipping. We would start our daily jog of 7 km (two complete rounds of the school, I mean the outer boundary). You 'nay' sayers from my school. This had to done before 3 pm or so. The jogs were not mundane, monotonous single speed slow runs; they were interspersed with push-up and stamina – strength exercises.

Post that the 'A' group practice sessions use to start with German drill, Parrying, speed ball test and the sparring. He would not let me rest, once I got extremely frustrated with the aforementioned schedule and while 'sparring' with him I landed a right-hook with a feint of a left jab. He stood there stunned, I was praying to the almighty, he said "Do that again." He was looking at my feet at the time, I was scared and confused. He repeated himself; I did not react and got a tight slap.

In reaction, impulsively I let out a right-hook; he took it on his chin. I was near tears now, he let out a smile and calmly said, "the problem is solved, you are not a North- Paw, you are a South – Paw, your footwork was the key" and just like that my training changed from a 'Swarmer' slugger to 'boxer – puncher' from Joe Frazer to Larry Holmes.

Much later, when I was visiting school with my then girlfriend and now wife, I met with my dining hall waiting staff, and enquired about Mr Rameshwar Singh. I was taken aback, they informed me that he had made friends with them and would enquire about me everyday taking long notes on what was my daily consumption, calorie count et al. No wonder everyday with him in training was different, I can go on and on about how he made fighters out of a Mayo College, privileged, so called blue blood, rolly-pollies like us. He left the school in the year 1997, for personal reasons, the year I got my National medal and place in the Indian Team training camp.

> 5 Minutes' these two words were the bane for my life at the time. This 25 year old man was my Hitler, I miss him a lot.

He committed suicide soon after, that's that. I too left boxing and still choke when I am reminded of him.

*-Divij Sharma*

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मूसेवाला की हत्या: पाक से हथियार आने का अंदेशा, लॉरेंस का नाम आ रहा कड़ी में

## जोधपुर कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई

**जोधपुर, (कासं)।** जाने माने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शेखावाटी के बाद अब जोधपुर से भी कनेक्शन सामने आ रहा है। मूसेवाला को मारने के लिए हथियार पाकिस्तान के रास्ते होते हुए जोधपुर आए थे। यहीं से यह हथियार शूटर को दिए गए। इधर, जोधपुर कनेक्शन सामने आने के बाद यहां की पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लॉरेंस के पुराने गुर्गों का भी रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

इधर, मूसेवाला की हत्या के बाद से लॉरेंस पंजाब जाने से डर रहा है। बताया जा रहा है कि हथियारों का कनेक्शन सामने आने के बाद अब उसे दोबारा जोधपुर लाया जा सकता है। हालांकि, कमिश्नर नवज्योति गागोई ने इस बात से इंकार किया है।

**कई गैंगस्टरों के नाम आ रहे सामने:-** पुलिस की पूछताछ में गैंगस्टर लॉरेंस ने पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान में गैंगस्टर के ठिकानों और हथियार सप्लाई करने वालों के नाम बताए है। इसमें फरीदकोट के रणजीत, हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर स्थित गांव का विजय और राका का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि विजय जोधपुर में था और हथियार जोधपुर से सप्लाई हुए है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर रहने वाला विजय जोधपुर राजस्थान से हथियार लेकर आया था।

**पाक बार्डर से हथियार आने का भी अंदेशा :-** अंदेशा जताया जा रहा है कि हथियार बाड़मेर से सटे पाकिस्तान बॉर्डर से सप्लाई हुए थे। हालांकि पुलिस अभी जांच कर रही है। इसके अलावा इसी एरिया में लॉरेंस के गुर्गे भी एक्टिव हैं। लॉरेंस के आर्म्स एक्ट के पुराने केस में दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने पुलिस रिमांड 5 दिन और बढ़वा लिया है। पटियाला हाउस कोर्ट में गैंगस्टर की पेशी हुई। जिसमें दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह गैंगस्टर को गंगानगर और जोधपुर ले जा सकते हैं।

# चार साल पहले मां पर पट्रोल डालकर जलाने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

## जज ने मृतका द्वारा बर्न अस्पताल में दिये बयान को बनाया निर्णय का आधार

**सादुलपुर, (निसं)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या-1 दीपक पाराशर ने राजगढ थाने में दर्ज लगभग चार वर्ष पुराने मामले में कलयुगी इकलौते पुत्र को अपनी माँ को जान से मारने की नियत से पट्रोल डालकर हत्या करने के आरोप में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा एवं 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक राकेश सांगवान ने बताया कि प्रकरणानुसार ०8 नवम्बर 2018 को सोनी बर्न हॉस्पीटल हिसार में उपचाराधीन सरला देवी पत्नी धर्मवीर जाति जाट निवासी सूरतपुरा

- **अभियोजन की ओर से सत्रह गवाह के बयान करवाये गए**

पुलिस थाना राजगढ नें पर्चा बयान में दर्ज करवाया था।

राजगढ थाना पुलिस ने प्रकरण में अनुसंधान पूर्ण कर सरला की हत्या के आरोप में एसीजेएम कोर्ट राजगढ में चालान पेश कर आरोप पत्र पेश किया। जिसमें अभियोजन की ओर से कुल 17 गवाह के बयान करवाये गये। जिस पर न्यायाधीश अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या-1 दीपक पाराशर ने पत्रावली पर आये मौखिक साक्ष्य एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सुदेश को अपनी माँ की हत्या के आरोप में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अदम अदायगी 3 साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

राज्य सरकार की ओर से पैरवी राकेश सांगवान ने बताया कि न्यायालय ने मृतका सरला द्वारा आखिरी में बयान जो बर्न अस्पताल हिसार में डॉ. की उपस्थिति में पुलिस को दिए थे, उस बयान को सत्य माना एवं मुलजिम सुदेश को दोषी ठहराया है।



मां की हत्या का दोषी पुत्र सुदेश

# महिला के साथ दुष्कर्म व हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार



कुआं थाना पुलिस ने महिला के हत्यारे को गिरफ्तार किया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** कुआ थानान्तर्गत बावडी गांव में 82 साल की एक बुजुग महिला काउडी पत्नि बदजी बामणिया मीणा निवासी बावडी के साथ जबरदस्ती कुकर्म के बाद मारपीट कर बुजुर्ग महिला हत्या कर दी थी जिस पर प्रकरण दर्ज हुआ। इस मामले में कुआ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उक्त बुजुर्ग महिला के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है।

- **कुआ थानान्तर्गत बावडी गांव में 82 साल की एक बुजुर्ग से किया था दुष्कर्म का प्रयास**

कुआ पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग महिला के हत्यारे को पकडने के लिए भरसक प्रयास किये गये जिस पर ज्ञात आया की मुल्जिम घटना के रोज से ही अपनी सकुनत पर नही होकर अपनी गिरफ्तारी के डर से इधर उधर व कडाणा बेक वाटर के टापुओं मे छिप रहा है जिस पर टीम के द्वारा मुखबिर तंत्र, गोपनीय सूचनाओं का सकंलन किया जाकर व तकनीकी सुविधाओ का उपयोग कर बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाले आरोपी हुरजी की तलाश की जा रही थी, की टीम को सूचना मिली की आरोपी हुरजी को बावडी व कोचरी के बीच कडाणा बेक वाटर के किनारे स्थित झांडियों के आस पास देखा गया है, जिस टीम के द्धारा आरोपी हुरजी को घेरा देकर पकडा आरोपी हुरजी पिता मावजी बामणिया निवासी बावडी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# 276 किलोग्राम अवैद्य अफीम डोडा-चूरा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

## पिकअप व स्विफ्ट कार सहित अवैध अफीम के 12 कट्टे जप्त किए

**राजसमंद, (निसं)।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले की धरपकड अभियान के तहत चारभुजा पुलिस ने खाली केरेट की आड में एस्कॉर्टिंग से 276 किलोग्राम अवैद्य अफीम डोडा चूरा की तस्करी करते दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिकअप व एस्कॉर्टिंग में प्रयुक्त कार जप्त की।

चारभुजा थानाधिकारी भवानी शंकर ने बताया कि जिले में अवैध पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी सुधीर चौधरी निर्देशन एवं एएसपी शिवलाल बैरवा, कुंभलगढ डीएसपी नरेश कुमार के सुपरवीजन में थानाधिकारी ने मय जाप्ता हेडकोंस्टेबल फतेहसिंह, कोंस्टेबल रामकरण, भंवरदान, भगवानाराम, आशोक कुमार, ओमाराम, चालक कोंस्टेबल सुरेश कुमार के साथ चारभुजा के समीप मौराना चौराहा पर नाकाबंदी की कार्यवाही की। नाकाबंदी के दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी जिसे नाकाबंदी स्थल पर रूकने का ईशारा किया तो कार चालक व पास वाली सीट पर बैठा व्यक्ति घबराई हुई स्थिति में जल्दबजी में मोबाईल से किसी को कॉल करने लगा लेकिन पुलिस को देखकर मोबाईल पुनः रख गया। इसी बीच एक सफेद रंग की पिकअप भी नाकाबंदी स्थल पर आती नजर आई। जिस पर पिकअप को



चारभुजा पुलिस ने अवैध अफीम डोडा-चुरा की तस्करी करने वालों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने पिकअप, कार व डोडा-चूरा भी जब्त किया।

रुकवाने के लिए पुलिस जाब्ते ने हाथ का इशारा किया। इस पर चालक पिकअप को भगाकर ले जाने का प्रयास करने लगा, तो पुलिस ने तुरंत बेरीकेट लगाकर रोक दिया। पिकअप के रूकते ही स्विफ्ट कार चालक के पीछे बैठा एक व्यक्ति मौका देखकर कार की फाटक खोल मौके से भाग गया।

इस पर पुलिस ने पिकअप व स्वीफ्ट कार व भागने वाले की सारी गतिविधियों का आपस में किसी प्रकार का सम्बन्ध होने की आशंका पर तुरंत कार से भागे व्यक्ति का पीछा किया। किन्तु वह घने जंगल का फायदा उठाते हुए भागन में सफल हो गया। लेकिन पिकअप व कार चालक दोनों को पुलिस ने मौके पर ही पकड लिया। दोनों से उनका नाम पूछा गया तो पिकअप चाल ने अपना नाम राजू पुत्र भंवरलाल माली निवासी बिलिया देसूरी जिला पाली होना बताया तथा स्विफ्ट कार चालक ने अपना नाम बंसी पुत्र धन्ना बंजारा निवासी बंजारा बस्ती ओडा रेलमगरा। पुलिस द्वारा दोनों से स्वीफ्ट कार से भागी व्यक्ति का नाम पूछने पर किशन पुत्र मांगीलाल बंजारा निवासी तेजपुरा कांकरोली का होना बताया। इसके बाद पुलिस द्वारा पिकअप की तलाशी ली तो पीछे प्लास्टिक के केरेट के नीचे काले रंग की कुल 12 कट्टे छुपाए हुए मिले। जिनमें कुल 276 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ पाया गया। पुलिस ने अफीम डोडा चूरा को जप्त कर तस्करी में प्रयुक्त पिकअप तथा एस्कॉर्टिंग कार को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में जब कर लिया गया। दोनों आरोपी राजू माली व बंसी बंजारा को एनडीपीएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया तथा अनुसंधान जारी है।

# राज्य सभा में तीन सीटों पर जीत के प्रति आश्वस्त कांग्रेस

**उदयपुर, (कासं)।** राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर्याप्त मत जुटाने का दावा कर रही है कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह ने एक बार फिर तीन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार के जीत की बात दोहराई है वही चुनाव को लेकर चल रही बाड़ाबंदी के तहत इन दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर में डेरा डाल रखा है और पूरी सरकार को यहीं से चला रहे है। मुख्मंत्री गहलोत ने होटल ताज अरावली में ही एक वर्चुअल सेटअप तैयार करवाया है जहां से सभी विभागों के अधिकारियों से जुड़कर विभिन्न कार्यो पर चर्चा करने के बाद दिशा निर्देश दे रहे हैं।

गहलोत किसी भी तरह से सरकार और संगठन में तालमेल बैठाने की कोशिश में लगे हुए है। सभी मंत्रियों के यहां होने से गहलोत उनके साथ भी बैठक कर रूटिन के काम काज निपटा रहे हैं। दूसरी ओर नाराज विधायकों से सम्पर्क के बाद उनकी मांगो को अधिकारियों से चर्चा कर उनके निस्तारण की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे नाराज विधायक कांग्रेसी खेमे शामिल हो रहे हैं। गहलोत के तरीके से काम भी हो रहा हे व आलाकमान के निर्देश की पालना भी हो रही है। सीएम व सरकार के उदयपुर में होने से आम लोगों के काम भी अब आसानी से होने लगे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पूरे मंत्रिमंडल के उदयपुर में होने से यहां के लोगों को भी फायदा मिलता है। शहर की सड़कों के साथ साथ मूलभूत सुविधाओ से जुड़े सभी

- **नाराज बीटीपी विधायक भी पहुंचे होटल ताज अरावली**
- **विधायक परमार भी पहुंचे बाड़ाबंदी में, मुख्यमंत्री उदयपुर से ही चला रहे हैं सरकार**

कार्य कम समय में पूरे हो जाते है और अधिकारी भी किसी काम के लिए मना नहीं करते है।

इधर जिले की खेरवाडा विधानसभा सीट से नाराज चल रहे कांग्रेस के विधायक डॉ. दयाराम परमार भी मंगलवार को होटल ताज अरावली में पहुंचकर कांग्रेसी खेमें में शामिल हो गए। दूसरी ओर डूंगरपुर जिले की दो विधानसभाओं के बीटीपी विधायक मंगलवार को कांग्रेस के खेमे में पहुंच गए। बीटीपी के दोनों नाराज विधायकों को मनाने में सीएम सफल रहे। दोनों विधायक मुख्य रूप से काकर डूंगरी प्रकरण में दर्ज 65 मामलो को वापस लेने की मांग पर अड़े हुए है। गहलोत ने बीटीपी के विधायकों की मांगो को पूरा करने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

होटल ताज अरावली में मंगलवार को नदबई विधायक जोगेन्दर अवाना की तबियत खराब हो गई। इसके बाद उन्हे एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां जाच व उपचार के बाद उन्होंने होटल पहुंच आराम किया।

# पत्थरों से कुचल पत्नी व पुत्रियों की हत्या करने वाला हत्यारा पिता गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** कोटड़ा कस्बे में एक दिन पूर्व पत्थरा से कुचल पत्नी व दो मासूम पुत्रियों की हत्या के आरोपी पिता को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

प्रकरण के अनुसार रविवार रात में कोटड़ा कस्बे के उपली सूबरी गांव निवासी पोपटराम ने पत्थर से हमला कर मकान के आंगन में सोई अपनी पत्नी काली, पुत्री सुमित्रा व नानी की हत्या कर दी थी। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने केवल 24 घंटो में ही हत्या के आरोपी पोपटराम पुत्र शांतिलाल को गिरफ्तार किया। पोपटराम गुजरात में मजदूरी करता एवं कभी कभार गांव आया करता था।

गत दिनों वह गांव आया एवं रविवार रात में पत्नी काली, उसकी दो बच्चियां सुमित्रा, नानी व दो पुत्र मेहुल, विका मकान के आंगन में सोए थे। रात में उसने पत्थर पत्नी के सिर पर पटक हत्या कर दी। इसको देख मेहुल अपने छोटे भाई विका को लेकर पड़ोसी नाथिया के घर में जाकर छिप गया। इधर पत्नी की हत्या करने के बाद उसने दोनों पुत्रियों सुमित्रा, नानी की भी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर थानाधिकारी पवनसिंह ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियां को घटना की जानकारी देकर पीहर से परिजनों को बुलवा कर मृतका व उसकी बच्चियों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनां को सौंपा।

हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस ने 24 घंटों के भीतर हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक अनुसंधान में पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने की आशंका के चलते पोपटराम द्वारा उसकी हत्या करने की जानकारी सामने आई है।



उदयपुर जिले की कोटड़ा थाना पुलिस ने एक दिन पूर्व पत्नी व दो मासूम बच्चियों की हत्या करने वाले को गिरफ्तार किया।

# ट्रेलर व ट्रक की भिड़ंत में चालक की मौत

**सरवाड़, (निसं)।** अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट एक टेलर एवं ट्रक में हुई भिड़ंत ट्रेलर चालक की मौके पर मौत हो गईभीषण दर्दनाक सड़क हादसे में जिसमें चालक के शव के एक एक टुकड़े एकत्रित करने पड़े। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर दुर्घटना में फंसे चालक व परिचालक को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। वही दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।

बीकानेर निवासी भगवानाराम उम्र 40 वर्ष नसीराबाद की तरफ जा रहे थे तभी मुर्गी के दाने भरकर केकड़ी तरफ जा रहा था। इस दौरान दोनों वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक व ट्रेलर दोनों बुरी तरह से टूट गए थे। हादसा इतना भीषण था कि टेलर के परखच्चे उड़कर टेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया था और चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

# ट्रक की टक्कर से कार में सवार मार्बल व्यवसायी की मौत

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** गेगल थाना अंतर्गत बालाजी मंदिर के पास मंगलवार को ट्रक की टक्कर से कार में सवार एक मार्बल व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मार्बल कारोबारी पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल जेएलएन अस्पताल अजमेर में भर्ती कराया है। दुर्घटना इतनी भीषण थी की कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर होकर कबाड़ में तब्दील हो गया।

काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी नंद सिंह ने बताया कि सांय करीब 5.30 बजे बालाजी मंदिर के पास राजस्थानी ढाबे के सामने 407 ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर अकस्मात ब्रेक लगा दिये, जिससे पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना में शिव कॉलोनी गांधीनगर निवासी मार्बल व्यवसायी श्योचंद ऊर्फ छुट्टन जाट (55) पुत्र लखदेव जाट,

- **मार्बल कारोबारी पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल**
- **तीनों मार्बल कारोबारी राजसमंद माइंस से कार्य कर किशनगढ़ लौट रहे थे**

इंदिरा कॉलोनी निवासी मार्बल कारोबारी धीरज छाबड़ा (54) पुत्र सोहनलाल छाबड़ा व इसका पुत्र आशीष छाबड़ा (30) गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनो घायलों को अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल अजमेर भर्ती कराया, किन्तु श्योचंद जाट की उपचार के दौरान मौत हो गई। इनमें से आशीष छाबड़ा की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कार में सवार तीनों मार्बल कारोबारी राजसमंद माइंस से कार्य कर किशनगढ़ लौट रहे थे।

# बाल अपचारी डिटेन

**उदयपुर, (कासं)।** पानरवा थाना पुलिस ने आपसी रंजिश के चलते वृद्ध की हत्या करने के आरोप में विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित आमड़ा पानरवा निवासी कमला पुत्री अर्जुनसिंह सौलंकी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 4 जून रात में मेरे पिता अर्जुनसिंह (65)पुत्र नानसिंह कुए की मोटर बंद कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान निलेश व उसके साथ दो नाबालिग ने मेरे पिता के साथ मारपीट की। इसका पता चलने पर मै व मेरी बहन बचाव के लिए दौड़ी तो आरोपी फरार हो गए। दौड़कर आए मेरी मां मोतरीबाई, जीजो तख्तसिंह पुत्र नवलसिंह पापा को घायल अवस्था में घर लेकर आए तथा खाट पर सुलाया इस दौरान पानी मांगते मांगते पापा की मौत हा`गई। आरापी निलेश के दादा की हत्या का केस मेरे पिता पर चल रहाथा उस केस मे पापा 6 साल जेल मे बंद थे एवं जमानत पर बाहर आए थे। आरोपियों ने देवीसिंह के षड़यंत्र रचने से पिता की हत्या की।

# अक्षरा के टॉप करने की खुशी में अध्यापकों ने जमकर डांस किया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर की अक्षरा फौजदार ने 12वीं क्लास में टॉप कर भरतपुर का नाम रोशन कर दिया है। आज अक्षरा फौजदार भरतपुर पहुंची। कल अक्षरा का रिजल्ट जारी हो गया था जिन्होंने आर्ट्स साइड से 98.80 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। अक्षरा के टॉप करने के बाद उनके स्कूल और घर में खुशी का माहौल है। अक्षरा के परिजनों का कहना है की अक्षरा ने उनका नाम रोशन कर दिया। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में सभी छात्रों का मिठाई, माल्यार्पण से सम्मान किया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर में छात्रों और स्कूली अध्यापकों ने जमकर डांस किया और सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी शुभकांमनाएं दी। आगे आने वाले भविष्य में अच्छा नाम रोशन करे।

बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कला वर्ग में राजस्थान टॉप करने वाली बाबा सुग्रीव विद्यापीठ की छात्रा अक्षरा फौजदार के भरतपुर आगमन पर बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में अक्षरा फौजदार का एवं 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। गौरतलब है कि अक्षरा फौजदार ने 98.8 प्रतिशत अंक लाकर कला वर्ग में राजस्थान टॉप किया है। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ से भावना सिंह ने 96 प्रतिशत तनु लवानिया ने 94.4 प्रतिशत लावण्या सिंह ने 92.2 प्रतिशत नंदिनी सिंह ने 92.2: खुशी शर्मा ने 92 प्रतिशत शुभम यादव ने 92: हिमांशु 90.4प्रतिशत ओम गुर्जर ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।



बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में अक्षरा को शिक्षकों ने मिठाई खिलाई।

# बाल श्रमिक बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया

**टोंक, (निसं)।** बालश्रम एवं बचपन बचाओ एक्शन मंच के चल रहे अभियान की कार्यवाही में एक नाबालिक को भेड़ चराने की बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया।

एक नाबालिक बाल श्रमिक बंधुआ मजदूर बूंदी जिले का निवासी छोटू मीना निवासी मोलाईपुरा की मां को 30 हजार रुपए सालाना तय कर बालक से भेड़े चरवाई जाने की मुखबिर की सूचना पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट टोंक प्रभारी ब्रजमोहन देवराज मय टीम व चाइल्ड टीम से राहुल गजरा व निसार अहमद ने जाकर मगरा माल पालडी के पास इलाका थाना मेहंदवास से छोटू लाल मीणा निवासी मोलाईपुरा द्वारा चरवाई जा रही भेडों से बालक बाल श्रमिक को दस्तयाब कर नियोक्ता के विरुद्ध अभियोग दर्ज थाना मेहंदवास करवाया। बालक को सीवीसी के समक्ष पेश किया। बालक करीब 12 वर्ष का है, जिससे 7 महीने पूर्व से बंधुआ बनाकर रख रखा था।

# अजमेर के जनाना अस्पताल में प्रसूता ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया

## शादी के चार साल बाद हुए दो लड़के व दो लड़कियां एक साथ, सभी स्वस्थ

**अजमेर, (कास)।** अजमेर के निकटवर्ती ग्राम हटूंडी निवासी असलम खान शादी के चौथे साल में एक साथ चार बच्चों का पिता बन गया। कुदरत का ऐसा तोहफा पाकर असलम ही नहीं पूरा गांव जश्न मना रहा है। असलम की पत्नी और उसके चारों बच्चे जिनमें दो लड़के व दो लड़कियां हैं; अजमेर के राजकीय जनाना अस्पताल में चिकित्सकीय देखभाल में हैं।

असलम खान ने जानकारी दी कि उसका विवाह फरीदा बानो से हुआ था। उसके शादी के चार साल में कोई औलाद नहीं हुई। फरीदा जब गर्भवती हुई तो उन्होंने हटूंडी स्थित चिकित्सक के परामर्श पर सोनाग्राफी कराई थी। जिसमें उसके गर्भ में चार बच्चे होने का पहली बार पता चला था। इस जानकारी से



अजमेर के जनाना अस्पताल में महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया।

उसका परिवार ही नहीं बल्की गांव वाले भी बहुत खुश हुए थे। सभी को फरीदा के स्वस्थ प्रसव की चिंता भी थी। सोमवार की रात फरीदा को प्रसव पीड़ा महसूस होने पर उसे अजमेर के राजकीय जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे के आस पास प्रसूता ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। फिलहाल उसके बच्चों को आईसीयू में रखा गया है। जबकि प्रसूदा को सामान्य वार्ड में उपचार दिया जा रहा है। बच्चों में दो लड़के व दो लड़कियां होना बताया गया है। कौन पहले हुआ कौन बाद में यह अभी ज्ञात नहीं है। अस्पताल स्टाफ के अनुसार प्रसूता और उसके बच्चे स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

असलम ने बताया कि उस पर कुदरत की ऐसी मेहरबानी हुई कि वह एक साथ चार बच्चों को पिता बन गया। वह बहुत खुश है। इस खुशी में पूरे गांव में भी जश्न मनाया जा रहा है। सभी उसे बधाई दे रहे हैं।

## संक्षिप्त

### मनप्रीत को 91.40 प्रतिशत अंक मिले

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर की छात्रा मनप्रीत कंवर ने विद्यालय की कक्षा 12 कला वर्ग में सर्वाधिक 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय की 134 छात्राओं ने 12वीं कला वर्ग की परीक्षा दी थी जिसमें से 106 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी व 25 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शेखावत व स्टाफ ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित रहे की इस विद्यालय का विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है।



### पूर्व मंत्री ने धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत

**नारायणपुर, (निसं)।** पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश्व शर्मा मंगलवार को बानसूर विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर रहे उन्होंने फूटा जोहड़े में आयोजित 108 कुण्डीय यज्ञ में पहुंचकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की । उसके बाद चतरपुरा में आयोजित भोमिया बाबा का मेला व भंडारा कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा के धोक देकर आशीर्वाद लिया । इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ.शर्मा का आयोजकों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया । उन्होंने मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### थड़ी से सामान व नकदी चोरी

**पावटा।** उपखंड पावटा में चूना फैक्टरी के पास सोमवार की रात 1 बजे के करीब एक चोरी का मामला सामने आया है। जिसमें एक चाय की दुकान में से चोर सामान व नकदी चुराकर फरार हो गए।

दुकान का चोरों ने ताला तोडकर सामान व नकदी चुरा लिया। पीडित भैरू राम यादव व उनका बेटा विक्रम यादव ने बताया कि उनकी परचून व चाय की दुकान है। सामान एक लकड़ी की थडी में रखा था। सोमवार रात करीब 1 बजे एक राह चलते व्यक्ति ने दुकान पर लिखे मोबाइल न. पर संपर्क कर बताया कि आपकी थडी का ताला टूटा हुआ है जिस पर पीडित भैरूराम यादव व उनके बेटे ने आकर देखा तो थडी का ताला टूटा हुआ मिला तथा सारा सामान बिखरा मिला। चोरों ने ताला तोडा और थडी में रखी महंगी सिगरेट व चिल्लर सहित अन्य सामान चुरा ले गए।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बौंली।** क्षेत्र के निवाई रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दतवास थाना क्षेत्र के तुरकिया गांव निवासी हंसराज मीणा उम्र 22 वर्ष अपने गांव से जयलालपुरा रिश्तेदारी में मिलने जा रहा था। इसी दौरान बौंली निवाई रोड के कोलाडा मोड के पास तेज रफ्तार से आ रही बजरी माफियाओं की खाली ट्रैक्टर ट्रॉली ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हंसराज की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को बौंली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली। व फरार चालक की तलाश शुरू कर दी।

# आमजन बूंद-बूंद को तरस रहा, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों से व्यर्थ बह रहा पानी

**पावटा, (निसं)।** गर्मी के मौसम में जहां पर हर तरफ पानी के लिए त्राहि त्राहि मच रही है वहीं शहर में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति की पाइप लाइनों में पेयजल बर्बाद हो रहा है।

मंगलवार को पावटा पंचायत समिति में व ग्राम पंचायत खेलना के वार्ड नंबर 7 के फतेहपुर रोड पर रास्ते में पाइप लाइन टूट जाने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। शहर में आए दिन पाइप लाइन टूट रही है। मंगलवार को भी एक तरफ तो पावटा पंचायत समिति में कई अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित लोगों का आना जाना लगा रहता है लेकिन किसी ने भी जलदाय विभाग को सूचित करने की जहमत नहीं उठाई जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं पावटा पंचायत समिति के मुख्य द्वार पर बनी पीने के पानी की टंकी जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी के कारण कई सालों से सूखी पड़ी है। परंतु यह प्याऊ भी देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुकी है। प्याऊ में पानी नहीं होने के कारण लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ता है या राहगीरों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड रहा है।

वहीं ग्राम पंचायत खेलना के वार्ड नंबर 7 के फतेहपुर रोड पर रास्ते में 4-5 दिन से पाइप लाईन टूटने के चलते हजारो लीटर पानी नालियों में बह गया लेकिन पाइप लाईन की मरमत का कार्य शुरू नहीं किया गया। इस प्रकार इन पाइप लाईनों के कई जगहों से लीकेज होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी होती रही। लीकेज के कारण घरों के नलों में पानी का प्रेशर नहीं आता है। इससे उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस और किसी का ध्यान नहीं है। ग्राम पंचायत खेलना सरपंच राजकुमार का कहना है कि पहले लीकेज छोटा था अब बडा हो गया जिसकी जानकारी नहीं थी जल्दी ही सही करवा दिया जायेगा । वही पावटा पंचायत समिति में बह रहे पानी के बारे में कनिष्ठ अभियंता गगन गुर्जर ने कहा कि लीकेज की सूचना मिली है कर्म चारियों को भेजकर लाईन दुरुस्त करवा दी जायेगी।



पावटा में लीकेज पाइप लाइन से बहता पानी।

### संत युधिष्ठिर लाल का भव्य स्वागत

**खैरथल, (निसं)।** सिंधी समाज के विख्यात शदाणी दरबार रायपुर छत्तीसगढ़ के संत युधिष्ठिर लाल के खैरथल पहुंचने पर पुष्पावर्षण एवं आतिशबाज़ी कर भव्य स्वागत किया गया। पूज्य सिन्धी पंचायत के अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालुओं ने बैंड बाजा के साथ स्वामी ध्यानगिरी आश्रम पहुंचे। इस दौरान स्वामी ध्यानगिरी आश्रम के संत स्वामी गोविंद गिरी महाराज द्वारा संत युधिष्ठिर लाल का तिलक लगाकर व पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। इस दौरान सिंधी समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सैकड़ो प्रतिनिधियों ने संत युधिष्ठिर लाल,इंदौर से स्वामी माधवदास उदासी सहित सभी संत महात्माओं एवं मेहमानों का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में संत युधिष्ठिर लाल ने कहा कि अपने धर्म व संस्कृति को बचाना अपना संकल्प होना चाहिए। यह तभी संभव होगा जब समाज के साथ हम समन्वय स्थापित कर एक मंच पर संगठित होकर अपने कर्तव्यों की पालना, संत-महात्माओं एवं महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर सकारात्मक भावना से रखेंगे।

## सार-समाचार

### आश्रित को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**श्रीमाधोपुर।** नगर पालिका श्रीमाधोपुर में विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत की अनुशंसा पर जयपुर स्वायत शासन विभाग द्वारा से डेढ़ वर्ष से लंबित पड़ी सफाई कर्मचारी अनुकंपा नौकरी हरिप्रसाद वाल्मीकि पुत्र महावीर प्रसाद को मंगलवार को नगर पालिका श्रीमाधोपुर ने नियुक्ति दे दी है। पार्षद मनोज बिवाल एवं मदन चौहान ने बताया कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रजत जैन एवं पार्षद मनोज बिवाल व कांग्रेस के सभी पार्षदो की कड़ी मेहनत से कर्मचारी को अपना हक मिल पाया है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रजत जैन ,पार्षद मनोज बिवाल ,पार्षद मदन चौहान ,पार्षद जगदीश प्रसाद मीणा, कनिष्ठ लिपिक अजय पाल सिंह ने कर्मचारी को नियुक्ति पत्र दिया। कर्मचारी की नियुक्ति होने पर श्रीमाधोपुर वाल्मीकि समाज ने खुशी जाहिर की है।

### निःशुल्क राशन वितरण करवाया

**सांभरझील,(निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र फुलेरा की ग्राम पंचायत सीतारामपुरा में 200 से अधिक गरीब परिवारों को नि:शुल्क राशन वितरित करवाया गया।अमृत राशन वितरण कार्यक्रम के दौरान सरपंच हरिराम वर्मा, प्रहलाद मीणा, जसकरण गुर्जर, नारायण, लालचन्द गुर्जर, गजानन्द वर्मा, पाचूराम गुर्जर, मन्त्री देवी गुर्जर सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कर्नल राज्यवर्धन द्वारा लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में अमृत राशन वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील, बस्सी, जिला जयपुर**
टेलीफैक्स-01429-226230, ई-मेल bassitdr057@gmail.com
क्रमांक-रीडर/2022/106 दिनांक-03.06.2022
श्री केलीराम पुत्र श्री रामकरण मीना
जाति मीना निवासी ड्योडा चौड, तहसील बस्सी, जिला-जयपुर।
**नोटिस**
जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आप द्वारा ग्राम ड्योडा चौड, तहसील वस्सी जिला जयपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 284 रकबा 1.6186 है0 ख.नं. 351 रकबा 2.0232 है0 एवं ख.नं. 352 रकबा 0.1012 है0 का हिस्सा 1/4 के संबंध में प्रार्थना पत्र दिनांक 03.03.2022 एवं अनरजिस्टर्ड वसीयतनामा माधो उर्फ महादेव पुत्र श्री दीपाराम मीना निवासी चोड का ड्योडा, पोस्ट नायला, तहसील वस्सी दिनांक 16.08.2021 प्रस्तुत कर नामान्तरण खुलवाने हेतु निवेदन किया गया है, के संबंध में सूचित किया जाता है कि आप द्वारा प्रस्तुत वसीयत के संबंध में आपत्ति नोटिस स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाकर 15 दिवस में प्रकाशित नोटिस की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करें। अतः सूचित रहे।
(प्रेमराज मीना) तहसीलदार, बस्सी, जयपुर

### एनिमिया की रोकथाम को लेकर शक्ति दिवस मनाया

**दौसा, (निसं)।** जिले में बच्चों, किशोर-किशोरियों और महिलाओं में एनिमिया की बढ़ती दर पर नियंत्रण और एनिमियां की रोकथाम के उद्देश्य को लेकर सभी चिकित्सा केन्द्रों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। अब प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन लगातार किया जाएगा। इधर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने भी शक्ति दिवस पर सिकराय ब्लॉक के राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र कैलाई का आकस्मिक निरीक्षण किया और शक्ति दिवस तथा मिशन आर्या की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने चिकित्सा विभाग के कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. सुभाष बिलोनियां, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा मौजूद थे। उन्होंने भी कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर शक्ति दिवस का निरीक्षण किया। इस संबंध में सोमवार को ही स्टेट लेवल से आयोजित वीसी में विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई थी।

## एक माह से धरने पर बैठे नरेगा कार्मिक

**निवाई।** महानरेगा संविदा कार्मिक एक माह से पंचायत समिति परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं।

संविदा कार्मिकों ने बताया कि महानरेगा संविदा कार्मिक संघ के आव्हान पर संविदा कार्मिक स्थायीकरण तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के बराबर मानदेय में बढोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 4 मई से हडताल पर हैं। सरकार द्वारा आश्वासन देने के बाद भी संविदा कार्मिकों की मांगें पूरी नहीं की जा रही है। संविदाकर्मी 15 वर्षों से एक ही मानदेय पर कार्य रहे हैं। इसलिए मजबूर होकर संविदा कार्मिकों को अनिश्चित कालीन हडताल पर जाना पडा है। मंगलवार को धरने पर बैठने वालों में ताराचंद स्वामी, सेवाराम शर्मा, मनोज सारस्वत, कन्हैयालाल हाथीवाल, कमलेश बैरवा, हंसराज, नजीर मोहम्मद आदि संविदा कार्मिक शामिल थे।

### डंपर के नीचे दबने से चालक की मौत

**डिग्गी।** डिग्गी थानान्तर्गत महाराजपुरा कलमंडा के पास मंगलवार को अनियंत्रित हो पलटे डंपर के नीचे दब जाने से चिरंजी लाल खटीक पुत्र श्योजी लाल खटीक निवासी नानेर थाना पीपलू उम्र 28 साल की मौत हो गई। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने डिग्गी थाने में उपस्थित होकर परिवाद दर्ज करवाया कि अचानक डंपर के आगे किसी जानवर के आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर डंपर पलटी खा गया। जिसमें मौके पर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को अचेत अवस्था में मालपुरा सीएचसी में ले जाया गया । जहां पर उपचार के दौरान चालक चिंरजी लाल खटीक की मौत हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1033-34 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-03.06.2022
श्री भगवान सहाय महर्षि पुत्र श्री मोहनलाल महर्षि निवासी वार्ड नं. 03 महर्षि मोहल्ला कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.3 महर्षि मोहल्ला श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाएं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में कैलाश महर्षि की भूमि, पश्चिम दिशा में आम रास्ता, उत्तर दिशा में कैलाश महर्षि की भूमि व दक्षिण दिशा में आम रास्ता अवस्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूर्वी भुजा 11 फुट 3 इंच पश्चिम भुजा 11 फुट 6 इंच, उत्तरी भुजा 27 फुट 9 इंच, व दक्षिणी भुजा 30 फुट 2 इंच कुल क्षेत्रफल 36.57 वर्गगज या 30.59 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.06.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

## अवैध देशी शराब के विरुद्ध कार्यवाही जारी

**पावटा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से जयपुर जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर मुखबिर की प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम लाडाकाबास बिजली ग्रेड के पास अवैध देशी शराब बेचने की गुप्त सूचना पर 39 पव्वे देशी शराब के जप्त कर सुण्डाराम पुत्र सरदारमल जाति गुर्जर उम्र 45 साल निवासी गोविंदपुरा धाबाई थाना भाबरु को 19/54 राजस्थान आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है।

### नन्दघर पर खाद्य दिवस मनाया

**निवाई।** बहड पंचायत में नंद घर पर विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। बच्चों को पोषण के बारे में बताया। उन्हें कहा कि हमें संतुलित भोजन का सेवन करना चाहिए साथ ही साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए और कहा कि भोजन को व्यर्थ में नही फैंकना चाहिए उतना ही भोजन लेना चाहिए जितना हम खा सके क्योंकि व्यर्थ के भोजन से किसी गरीब का पेट भरेगा इसीलिए हम सभी को भोजन की गुणवत्ता को पहचानना चाहिए सभी बच्चों को और समुदाय के लोगों को संदेश दिया गया।

### कला वर्ग का शत-प्रतिशत परिणाम

**श्रीमाधोपुर।** हांसपुर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का इस सत्र में कला वर्ग का 100 प्रतिशत परिणाम रहा । कक्षा 12 में 55 छात्र पंजीकृत थे जिनमें प्रथम श्रेणी से 21 छात्र, द्वितीय श्रेणी- 26 ,तृतीय श्रेणी से 8 छात्र उत्तीर्ण हुऐ है ।पिछले वर्षों का यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। कोमल सैनी 88 प्रतिशत प्राप्तांक कर के टॉपर रही। तीनों सब्जेक्ट इतिहास ,राजनीति विज्ञान ,हिंदी साहित्य कठिन विषय होने के बावजूद बेहतर परीक्षा परिणाम रहा ।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.) चौमूँ (जयपुर)**
क्रमांक- 75-80 दिनांक- 07.06.2022
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें/कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदादाता/बोलीदाता फर्मो/व्यक्तियों से दिनांक 15.06.2022 को प्रातः 11.30 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बंद लिफाफे में निविदायें/बोली आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. सं. | कार्य/व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | ठेके हेतु प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| 1 | जल एवं प्रकाश व्यवस्था के संचालन हेतु | एक वर्ष | निविदा |
| 2 | जलपान ठेलों पर जलपान व्यवस्था हेतु | एक वर्ष | खुली नीलामी |

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष खोला जायेगा। तथा नीलामी बोली उसी दिन दोपहर 2.00 बजे आयोजित की जायेगी। निविदा/नीलामी से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण शर्ते व जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है। NIB- DAM2223A0153
सचिव प्रशासक

## जोहड व नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी असंवेदनशील

- जोहड़ नालों की सफाई के लिए करीब 22 लाख के टेंडर लगाए
- लेकिन यह सबको मालूम है कि बिना अतिक्रमण हटाए नालों की सफाई नहीं हो सकती

**किशनगढ़ बास।** अलवर जिले के किशनगढ़ बास में जोहड़ नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी संवेदनशील क्यों नहीं है। ऐसा कौन सा दबाव है जो अधिकारी को बार-बार कार्रवाई करने से रोक देता हैं।

अधिकारी यह बात अच्छे से जानते हैं की बिना अतिक्रमण हटाए जोहड़ व नालों की सफाई नहीं कराई जा सकती है। वैसे मानसून को देखते हुए नगर पालिका ने जोहड़ नालों की सफाई के लिए करीब 22 लाख के टेंडर लगाए है। सफाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। लेकिन नाला सफाई के टेंडर लगाने के पीछे अधिकारी की मंशा क्या है यह तो वहीं जाने लेकिन यह सबको मालूम है कि बिना अतिक्रमण हटाए नालों की सफाई नहीं हो सकती है।

मानसून नजदीक है 15 से 20 जून के बीच मौसम विभाग ने अच्छी बारिश होने के संकेत दिए हैं। मानसून को देखते हुए नालों की सफाई कार्य शुरू प्रारंभ हो चुका है पर सफाई उनी नालों की जा रही है जिन पर अतिक्रमण नहीं है। लेकिन जिन नालों की सफाई को लेकर नगर पालिका करीब 4 माह से लगी है और अतिक्रमण के चलते साफ नहीं हो सके हैं उन्हें कैसे साफ कराएंगे यह सबसे बडी चिंता का विषय है।शहर में चौतरफा बने गंदे पानी निकासी के नाले अतिक्रमण के चलते अवरुद्ध है। सबसे ज्यादा चिंता इस वक्त नगर पालिका को गंज रोड पर बने नालों व खैरथल रोड स्थित जोहड़ को लेकर हो रही है। बताया जाता है कि खैरथल रोड व किले के चौतरफा बनी खाई में शहर के गंज रोड मुख्य बाजार पुलिस थाना न्यायपालिका अस्पताल एसडीएम परिसर सहित अधिकांश भागों का पानी जोहड़ में पहुंचता है। अगर मानसून आने से पहले जोहड़ व गंज रोड पर नालों की सफाई नहीं कराई गई तो हालत आने वाले समय में और भी गंभीर हो सकते हैं यह बात अधिकारी अच्छे से जानते हैं लेकिन फिर भी नजरअंदाज कर रहे हैं।

सच यह है कि करीब 26 साल से शहर के लोग नालों और जोहड़ पर से अतिक्रमण हटाए जाने का इंतजार कर रहे हैं। अतिक्रमण की समस्या तो शहर में 26 साल से भी पुरानी है परंतु इसका एहसास 1996 में बाढ़ का पानी मुख्य बाजार में भरने से व्यापारियों को हुआ था जब बाढ़ का पानी दुकानों और मकानों में प्रवेश कर गया। उस दौरान व्यापारियों का बड़ा नुकसान हुआ। बाढ़ के पानी से हुए नुकसान का जायजा लेने आए मंत्री जिला कलेक्टर ने नालों पर हो रहे पक्के निर्माणों को जिम्मेदार ठहराते हुए नालों पर से अतिक्रमण हटाए जाने के लिए कहा।

लेकिन सच यह भी है कि 1996 से अब तक 26 सालों में नालो व जोहड़ पर से अतिक्रमण हटने की जगह अति कर्मियों की संख्या बढ़ी है जिसे हटा पाना अब प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर है। ऐसा नहीं है की 26 साल के दौरान बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए शहर के लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण रोकने के लिए गुहार नहीं की। लेकिन कार्रवाई सिर्फ कागजी बन कर रह गई। करीब 3 महीने से गंज रोड के लोग सड़क पर बहते गंदे नाले के पानी से परेशान है। बदबू से जीना दुर्लभ हो रहा है और अधिकारी से बार-बार कह रहे हैं सहाब हमें बता दो खुद तोड़ देंगे पर पानी आगे निकाल दो पर कोई सुनवाई नही कर रहा है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की अधिकारी अतिक्रमण को लेकर कितने संवेदनशील है।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)**
क्रमांक- न.पा.म./2022/638 दिनांक-6.6.2022
**सार्वजनिक सूचना**
भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 12.08.2021 को अधिसूचना जारी कर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 प्रकाशित किये गये है। उक्त अधिसूचना में 01 जनवरी 2022 से पॉलजीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलजीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण बिक्री और उपयोग निषेध किया गया है, एकल प्रयोग की श्रेणी में निम्नलिखित वस्तुओं को शामिल किया गया है, जो निम्न प्रकार है-
1. प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडीयाँ, प्लास्टिक के झंडे, कैडी स्टीक, आइसक्रीम की डंडीयाँ, पॉलजीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री।
2. प्लेटे, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रो, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्ट्रिर।
उक्त अधिसूचना द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माईक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक कैरी बेग का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। उक्त प्रतिबंध सीवरों एवं सैफ्टिक टैंकों की चोकिंग की समस्या को कम से कम करने के लिये आवश्यक है। अतः नगरपालिका मण्डावरी के समस्त आम नागरिकों/व्यवसायों/संस्थाओं इत्यादि को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। सूचित रहे।
प्रशासक एवं अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मण्डावरी (दौसा)

## 'औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा के मापदण्डों की सख्ती से पालना हो'

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित जिला संकट स्थिति समूह की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में व्यापक दुर्घटना परिसंकट कारखाने (एमएएच यूनिट्स) स्थापित है इनमें बड़ी दुर्घटना होने की आशंका रहती है, इसलिए संबंधित विभाग औद्योगिक इकाइयों पर प्रभावी निगरानी रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित विभाग इस प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करे कि जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में गंभीर औद्योगिक दुर्घटना नहीं होवे। उन्होंने फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग के उप मुख्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि जिले का ऑफ साइट प्लान पुन: रिन्यू कर अपडेट करावे। इसके दायरे में आने वाली नई एमएएच यूनिट्स को शामिल करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि औद्योगिक इकाइयों का वर्गीकरण करें जिसमें यह उल्लेख रहे कि इन औद्योगिक इकाइयों में क्या-क्या संसाधन उपलब्ध है। इन औद्योगिक इकाइयों में किस प्रकार की दुर्घटना हो सकती है इनकी रोकथाम के लिए क्या-क्या सावधानी एवं उपकरणों की आवश्यकता रहेगी की सूची बनाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि एमएएच यूनिट्स की सेफ्टी से संबंधित आंतरिक एवं बाहरी ऑडिट समयबद्ध रूप से होवे इसकी जांच करे। साथ ही इन औद्योगिक इकाइयों के सुरक्षा उपकरणों की वर्तमान स्थिति, उनकी कार्यशीलता आदि की जांच करे। जिन इकाइयों में सुरक्षा उपकरण मापदण्डों के अनुरूप नहीं मिले उन इकाइयों के विरूद्ध कार्रवाई करे। बैठक में एडीएम प्रथम अखिलेश कुमार पिपल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती सरिता सिंह, फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग के उप मुख्य निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ. ओ.पी मीना तथा एमएएच यूनिट्स के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित जिला संकट स्थिति समूह की बैठक आयोजित हुई।

### सरपंच ने किया छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सम्मान

**फागी, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के समीप पंवालिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित ज्ञानदीप विद्या मन्दिर सी.से. स्कूल की छात्रा गीता सिंह ने 12 वीं कला वर्ग में 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया तथा विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर विद्यालय पहुंचकर शाला निदेशक अनवर हुसैन सहित स्कूल के सभी अध्यापकों को ग्राम पंचायत पवालिया सरपंच रामराज चोधरी ने बधाई दी है। इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं व विद्यालय के अध्यापकों को ग्राम पंचायत के सरपंच रामराज चौधरी ने कहा कि धन्य हो ऐसे माता-पिता को जिन्होंने ऐसी लाडली को जन्म दिया,जिसने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर स्थानीय सरपंच रामराज चौधरी ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)**
Email ID-mandawari.jaipur@gmail.com
क्रमांक- न.पा.म./2022/642 दिनांक- 06.06.2022
**आम सूचना**
माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट संख्या 6 पर शहरों में आमजन के लिये रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना'' लागू करने की घोषणा की गई है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य के शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों को उनकी मांग पर प्रत्येक परिवार प्रतिवर्ष 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। नगर पालिका मण्डावरी क्षेत्र में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जो परिवार उक्त योजना के तहत 100 दिवस का रोजगार लेना चाहता है वह निर्धारित आवेदन निशुल्क नगर पालिका कार्यालय के कार्मिक से प्राप्त कर पूर्ति कर उन्हीं को जमा करायें। आवेदन फॉर्म के अन्तर्गत जनआधार व बैंक खाता होना आवश्यक है यदि किसी परिवार का जनआधार नहीं बना है तो वह नजदीकी ई-मित्र से आवेदन कर रसीद क्रमांक से भी रोजगार हेतु आवेदन कर सकता है। अतः नगर पालिका मण्डावरी क्षेत्र के आमजन 100 दिवस के रोजगार हेतु अधिक से अधिक आवेदन करें। सूचित रहे।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मण्डावरी

## संक्षिप्त

### 4 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत के कारण 4 घंटे बिजली बाधित रहेगी पावर हाउस फीडर से जुड़े क्षेत्रों की प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार मीना ने सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए बताया कि बुधवार 8 मई को 33/11 केवी जीएसएस 220 केवी के सामने चाकसू से निकलने वाले 11 छांदेल फीडर की विद्युत सप्लाई प्रात: 8 से 12 बजे 4 घंटे तक बरसात से पहले होने वाले मरम्मत कार्य ( पेड़ की छटाई इत्यादि) के लिए बंद रखी जाएगी जिसमें बीड़पिनारपुरा, छांदेल, केशोपुरा, गणेशपुरा, भगवानपुरा आदि गांवों की विद्युत सप्लाई बंद रखी जाएगी।

### संत रामशरण दास को चादर ओढाई

**मालपुरा, (निसं)।** डुंगरीकलां पंचायत मुख्यालय पर आयोजित नवकुण्डात्मक शतचण्डी महायज्ञ एवं चामुण्डा माता मूर्तिप्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत मंगलवार को संत विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। चामुण्डा माता मंदिर की महन्त रामशरण दास महाराज राहोली वाले को संतों ने महन्त घौषित कर चादर ओढाई। इस दौरान सरपंच शंकर लाल भडाना, सीआर प्रतिनिधि राजाराम गुंजा, विद्वान संतों सहित डुंगरीकलां व आस-पास के गांवो से पहुंचें ग्रामीणों ने संतो का आशीर्वाद लिया।

### सरकारी स्कूल की बेटियों ने किया नाम रोशन

**फुलेरा, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान का कक्षा 12 वीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें कस्बे के हलवाई बाजार, रेलवे स्टेशन के निकट स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता वर्मा ने बताया कि विद्यालय की विद्यार्थी छात्राओं ने विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। इसी क्रम में आगे बताया कि विद्यालय की निशा सैनी ने 87.60, छवि कुमावत ने 87 तथा माही कुमावत ने 86.60प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

### छात्रा का सम्मान किया

**कोटपूतली।** 12 वीं विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणामों में कस्बे के दिल्ली दरवाजा निवासी शाह समाज की बालिका खुशबू बानो पुत्री हनीफ खान द्वारा 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान मुख्तयार खान भण्डारी, आसीन खां, जिया लाल, शफी मौहम्मद, लीला खां, एड. शहजाद, जाहिद खान व जमील अहमद आदि द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

### राजदीप ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किये

**देवली, (निसं)।** 12 वीं कक्षा के छात्र राजदीप वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने गांव पनवाड़ का नाम रोशन किया । छात्र राजदीप वर्मा को साइंस मैथ्स में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। राजदीप सीकर शहर के प्रिंस स्कूल के अध्यनरत छात्र हैं। राजदीप को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर किसान माता पिता ने बेहद खुशी जाहिर की है।

# राजस्व पटवारी 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी
- आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों पर भी तलाशी जारी

**जयपुर, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर नगर द्वितीय इकाई द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुये राहुल त्रिवेदी राजस्व पटवारी पटवार हल्का बस्सी नागा, तहसील जोबनेर, जिला जयपुर को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर नगर द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी पत्नी एवं छोटे भाई की पत्नी के नाम बक्शीश नामा का नामान्तकरण तस्दीक करने की एवज में राहुल त्रिवेदी राजस्व पटवारी पटवार हल्का बस्सी नागा, तहसील जोबनेर, जिला जयपुर द्वारा 10



आरोपी राहुल त्रिवेदी।

हजार रूपये की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जयपुर नगर द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उप अधीक्षक पुलिस अभिषेक पारीक द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुये राहुल त्रिवेदी पुत्र रमाकान्त त्रिवेदी निवासी 57, महाराजा कॉलोनी, तीन दुकान, मुरलीपुराद जयपुर हाल राजस्व पटवारी पटवार हल्का बस्सी नागा, तहसील जोबनेर, जिला जयपुर को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि परिवादी द्वारा आज ही एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायत प्रस्तुत की थी, जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुये एसीबी टीम द्वारा आज ही ट्रैप कार्यवाही को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

### बाल श्रमिक बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया

**टोंक, (निसं)।** बालश्रम एवं बचपन बचाओ एक्शन मंथ चल रहे अभियान की कार्यवाही में एक नाबालिक को भेड़ चराने की बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया। अभियान की कार्यवाही में एक न्बाल श्रमिक बंधुआ मजदूर बूंदी जिले का निवासी छोटू मीना निवासी मोलाईपुरा की मां को 30 हजार रुपए सालाना तय कर बालक से भेडे चरवाई जाने की मुखबीर सूचना पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट टोंक प्रभारी ब्रजमोहन देवराज मय टीम व चाइल्ड टीम से राहुल गजरा व निसार अहमद ने जाकर मगरा माल पालडी के पास इलाका थाना मेहंदवास से छोटू लाल मीणा निवासी मोलाईपुरा द्वारा चरवाईं जा रही भेडों से बालक बाल श्रमिक को दस्तयाब कर नियोक्ता के विरुद्ध अभियोग दर्ज थाना मेहंदवास करवाया। बालक को शिक्षा व पुनर्वास हेतु बाल कल्याण समिति सदस्य गौरव मधुकर के समक्ष पेश किया। बालक करीब 12 वर्ष का है, जिससे 7 महीने पूर्व से बंधुआ बनाकर रख रखा था।

### प्रमुख शासन सचिव सहकारिता जिले के दौरे पर रहीं

**दौसा, (निसं)।** प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा मंगलवार को दौसा जिले के दौरे पर रहीं तथा जिले में जारी सहकारिता आंदोलन के तहत् सम्पादित किये जा रहे कार्यकलापों की समीक्षा की।

प्रमुख शासन सचिव ने सहकारिता द्वारा वर्ष 2021.22 के दौरान जिले के किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण वितरण के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करने पर संतोष व्यक्त करते हुए वर्तमान में जिले के किसानों को खरीफ फसल हेतु वितरित किये जा रहे अल्पकालीन गण के वितरण की गति तेज करने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने जिले में स्थित खरीद केन्द्रों में किसानों को आ रही समस्याओं का राजफैड के अधिकारियों से सम्पर्क कर अविलम्ब समाधान करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही प्राथमिक भूमि विकास बैंक को दीर्घकालीन गणों की वसूली में प्रगति लानेए ईकाई विशेष लेखा परीक्षक को जिले की सहकारी समितियों का वर्ष 2021-22 हेतु ऑडिट शीघ्र पूर्ण करने एवं प्रबन्ध निदेशक, दौसा सीसीबी को राज्य सरकार की बजट घोषणा अन्तर्गत स्वीकृत गोदामों को शीघ्र पूर्ण कर किसानों की सुविधा हेतु प्रारम्भ किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

# पीने के पानी के लिए तरसते नासरपुर के ग्रामीण, टैंकर के पीछे भागते नजर आये

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** तहसील बहरोड के जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के नकारापन से परेशान कस्बे के नजदीकी ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा के गांव नासरपुर के ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे पीने के पानी के अभाव में पानी के टैंकर के पीछे भागते नजर आए।

अलवर जिले के बहरोड़ तहसील की रामसिंहपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम

- पिछले 4 महीनों से गांव में पानी की समस्या बनी हुई है

नासरपुर में पिछले 4 महीनों से गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या के मामले में जब बहरोड के एईएन सहायक अभियंता रामकिशोर यादव से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह समस्या ग्राम पंचायत की होती है परंतु सरपंच, सचिव और पटवारी के सर्वे के आधार पर रिपोर्ट देने पर गर्मी की वजह से ही पीने के पानी की व्यवस्था करने की बात कही गई, परंतु जब जेजेएम योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत पारित हुए बोर के फेल हो जाने पर उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया



जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के नकारापन से परेशान बहरोड के नजदीकी ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा के गांव नासरपुर के महिला, पुरुष और बच्चे पीने के पानी के अभाव में पानी के टैंकर के पीछे भागते नजर आए।

कि यदि कोई बोर ट्राई करने में असफल हो जाता है तब भी उसकी कुछ मात्रा में निर्धारित नियमों के अनुसार भुगतान करने की व्यवस्था की गई है जिसका पैसा ठेकेदार को कांट्रेक्टर को दिया जाता है लेकिन जब उनसे जल जीवन मिशन के मामले में आगे की बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों का प्रपोजल नहीं भेजा गया था पहले प्राथमिकता उनको देने के बाद में लगभग दो-तीन माह से ज्यादा समय भी लग सकता है। वहीं एक्स ई एन मुख्य अभियंता का मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया।

# सुविधाओं के अभाव में भी बोर्ड परिणामों में दिखाया दम



**लालसोट मंडावरी, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में सीनियर सेकेंडरी कला वर्ग के जारी परिणामों में अभावग्रस्त सुविधाओं के बीच सरकारी एवं निजी स्कूलों में अध्ययनरत बालक बालिकाओं ने उच्चतम स्तर पर अच्छे प्रतिशत के साथ परिणाम देकर यह संदेश दिया है कि अगर पढ़ने की लगन व मेहनत करने का जज्बा हो तो कुछ भी असंभव नहीं है।

नगर पालिका क्षेत्र स्थित राज गौरव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा रक्षा मीना जिसके उपर से मां का साया उठ गया एवं पिता द्वारा भी उसे सहयोग नहीं किया गया था। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार शर्मा किशोरपुरा ने बताया कि बाद भी छात्र रक्षा मीणा ने अभावग्रस्त सुविधाओं के बीच सीनियर सेकेंडरी कला वर्ग में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मिसाल कायम की है। इसी तरह विद्यालय की छात्र शाहिद खान ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं एवं विद्यालय की छात्रा शाहिदा बानो ने 88.20 अंक प्राप्त कर अल्पसंख्यक समुदाय में शिक्षा अर्जन करने को लेकर मेहनत करने का संदेश दिया है। इसी तरह सवासा ग्राम पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र सोनू वर्मा ने कुछ ही माह पहले खुद के पिता को एक हादसे में खो दिया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित बढ़ाएं ने बताया कि इस पारिवारिक संकट के बीच भी छात्र सोनू वर्मा द्वारा 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम देकर राजकीय स्कूल परिवार का नाम रोशन किया है। इसी तरह विद्यालय की छात्रा कल्पना मीणा ने 93.80 एवं मनीषा सैनी द्वारा 91.80 व रेखा मीणा द्वारा 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

# सरकारी स्कूलों का दबदबा, छात्राओं ने मारी बाजी

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व नर्मदा देवी बिहारी लाल जोशी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं का परिणाम सबसे अव्वल पर रहा है।

इन स्कूलों का बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस बारे में प्रधानाचार्य जय सिंह यादव ने बताया कि विद्यालय परिसर में कला संकाय, विज्ञान संकाय, जीव विज्ञान संकाय होने से छात्र-छात्राओं को हर साल की तरह शत-प्रतिशत परिणाम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अंदर प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिणाम में विद्यालय परिसर में एक बार फिर लडकियों ने बाजी मारी है। विद्यालय का कला संकाय का परिणाम 99.21 प्रतिशत रहा जिसमें छात्र भूपेश शर्मा ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं कॉमर्स का परिणाम 100 प्रतिशत रहा जिसमें मीनाक्षी सोनी ने 75.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, एग्रीकलचर का परिणाम 100 प्रतिशत रहा जिसमें राज बाला गुर्जर ने 84.80 अंक प्राप्त किये, मैथ्स का परिणाम 98.85 प्रतिशत रहा जिसमें काजल सैनी ने 92.6० प्रतिशत अंक प्राप्त किये, बायो का परिणाम 92.60 प्रतिशत रहा जिसमें अंजू, डूडिया ने 83.80 अंक प्राप्त किये।

वहीं नर्मदा देवी बिहारी लाल जोशी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का कला वर्ग का परीक्षा परिणाम 100० प्रतिशत रहा जिसमें छात्रा रितु शेखावत ने 88.40 प्रतिशत, खुशबू सैनी 86.80 प्रतिशत, काजल यादव ने 85.80 प्रतिशत, नेहा स्वामी 80.20 प्रतिशत मनीषा कंवर 78प्रतिशत, कुमकुम बाल्मीकि 76.8० प्रतिशत, नेहा शेखावत ने 76.8० प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित परिवार व गांव का समान बढाते हुए नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या विजया कौशिक सहित भागीरथ मल बुनकर, राजेश गुर्जर, रामनिवास यादव, मधुसूदन शर्मा, लक्ष्मी चंद्रोह ,रमेश, तेजभान, योगेश, रूपचंद, राजेंद्र धनवाडिया ने विधार्थियो को शुभ कामनाएं दी।

# लालसोट में पट्टा प्रकरण को लेकर 22 दिन से चल रहा धरना प्रदर्शन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी किया गया पट्टा पिछले 22 दिन से चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इस धरना प्रदर्शन को 22 दिन करीब का समय बीत जाने के बाद स्थानीय शहर वासियों के बीच एक बड़ा चर्चा का विषय भी बन चुका है।

विभिन्न माध्यमों से नगरपालिका के सामने चल रहे पूर्व पालिका अध्यक्ष का दिनेश मिश्र के पट्टा प्रकरण को लेकर धरना प्रदर्शन को लेकर भी शहरवासी इसमें गुण अवगुण को लेकर चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। नगरपालिका के पट्टा प्रकरण को लेकर स्थानीय शहर वासियों के बीच चर्चा का विषय है कि आखिर किन बिंदुओं एवं मांगों को लेकर धरना शुरू किया गया था। क्या जिन बिंदुओं एवं विषयों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था उन विषयों को समाधान करने की




उपखंड मुख्यालय पर पट्टा प्रकरण को लेकर नगर पालिका के पास धरना प्रदर्शन करते लोग।

पावर नगर पालिका में मौजूदा समय में है या नहीं है। चर्चा का विषय है कि एक बार नगर पालिका पट्टा जारी करती है तो विधिवत उस जारी किए गए पट्टे को न्यायालय स्तर पर ही निरस्त कराया जा सकता है।

धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा पट्टा प्रकरण को लेकर विभिन्न सक्षम स्तर तक दस्तक देते हुए इसमें कार्रवाई की मांग की। चर्चा का विषय है कि मामला स्वायत शासन विभाग तक पहुंचा है अगर वहां से राहत नहीं मिलती है एवं पट्टा गलत तरीके से जारी किया गया है तो न्यायालय में दस्तक देनी चाहिए। दूसरी ओर लालसोट नगरपालिका गेट पर जारी

- अब लोगों के बीच बना चर्चा का विषय

अनिश्चितकालीन धरनास्थल पर पार्षदों व आमजन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई जिसके तहत पट्टा निरस्त प्रकरण की अबतक की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा कर आगामी की जानें वालीं कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गई।वहीं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी द्वारा बताया गया कि पट्टे प्रकरण कि जांच होने तक पट्टे बनाने से संबन्धित दोनों अधिकारी अधिशासी अधिकारी व जेईएन को पट्टे की जांच होने तक हटाएं जाने की मांग पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया ऐसे में आज से क्रमिक अनशन पर रहने का फैसला लिया है। इस दौरान अनिल बैनाड़ा, एडवोकेट प्रेमस्वरूप लामड़ा, भानू प्रकाश चतुर्वेदी उर्फ सोनू बिनोरी, प्रतिपक्ष नेता चिराग जोशी, रामावतार जोरवाल, सुरेश सैनी बनास्यां, संजय कोराका, जगदंबा बौहरा, राकेश जोशी, जयसिंह मंडावरी, कन्हैयालाल सैनी, हंसराज मंडावरा, प्रकाश मीणा, विनोद कोराका, एडवोकेट अनुप माठा, बृजमोहन सैनी, मनोज पिनारा, अभिषेक जोशी, घनश्याम लालपुरा, विशाल गौतम, मुकेश टीसी, पुनीत बोहरा, मीठालाल सैनी, खल्ली सैनी आदि धरने मौजूद रहे। वहीं पूरे प्रकरण को लेकर पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्र ने कहा कि अगर कहीं नगर पालिका द्वारा पट्टा नगर पालिका द्वारा गलत जारी किया गया है तो न्यायालय के रास्ते खुले हुए हैं इस तरह अनावश्यक बेवजह नगरपालिका के बाहर धरना प्रदर्शन कर संबंधित लोग हंसी के पात्र बने हुए है।

### प्रायोगिक फाईलें जमा करवाने की अन्तिम तिथि 11 तक

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्नात्तक स्तर के विज्ञान, कला संकाय व स्नात्तकोतर पूर्वाद्ध एवं उतरार्द्ध की सभी छात्राओं को अपने सम्बंधित प्रायोगिक विषय वनस्पति, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, कम्प्यूटर, आनन्दम्, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल की प्रायोगिक फाईलें व रिकॉर्ड जमा करवाने की अन्तिम तिथि 11 जून तक निर्धारित की गई है। प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रायें 11 जून तक प्रायोगिक फाईलें जमा करवाकर सम्बंधित विषय की सूची में अपना हस्ताक्षर करें, तभी उनकी उपस्थिति प्रायोगिक परीक्षा में मान्य होगी। निर्धारित समयावधि में रिकॉर्ड महाविधालय में जमा नहीं करवाने पर सम्बंधित परीक्षार्थी को प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित घोषित कर दिया जायेगा। स्वयंपाठी छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा प्रवेश पत्र, परीक्षा शुल्क व विकास समिति शुल्क की रसीद भी जमा करवानी होगी।

## सार-समाचार

### टोंक इमाम के खिलाफ झूठा प्रचार करने वाले पर कार्रवाई की मांग



**टोंक, (निसं)।** टोंक इमाम के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत प्रचार प्रसार कर छवि धूमिल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुस्लिम समाज ने टोंक एसपी को ज्ञापन सौंप कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बाबा नजिफ खान के नाम की एक फेसबुक आईडी है, जिस पर उसने टोंक मोलवी सईद की फोटो लगाई हुई है, फोटो के साथ उसने कई आपत्तिजनक बातों का झूठा प्रचार किया जा रहा है, जबकि इन बातों का मौलवी सईद से कोई संबंध नहीं है। जिससे इमाम की छवि धूमिल हो रही है, सोशल मीडिया पर वाइरल इस मैसेज से टोंक के मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त है। मुस्लिम समाज के लोगों ने एसपी से मिलकर झूठा प्रचार प्रसार करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मौके पर मोलवी सईद साहब,मोईनउद्दीन निजाम, मोलवी खिजर, एडवोकेट शुजाअत अली, मुफ्ती आमिर, सोहेल खान मौजूद रहे।

### राजेश मालपानी अध्यक्ष नियुक्त



**टोंक, (निसं)।** टोंक जिला वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा वैश्य समाज के माहेश्वरी समाज के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. राजेश मालपानी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, टोंक जिला वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय, जिला महामंत्री महेन्द्र दुसाद खंडेलवाल लाला, कोषाध्यक्ष मनोज जैन एडवोकेट, टोंक ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कासलीवाल एडवोकेट आदि ने माला व साफा दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर डॉ. राजेश मालपानी ने वैश्य समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की बात कही।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन

**टोंक, (निसं)।** 8 साल बेमिसाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर जन कल्याण कारी योजनाओं को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा सम्मेलन का आयोजन श्री वीर तेजाजी लाइब्रेरी छान में किया गया। जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा नन्दलाल छान के संयोजन में जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा टोंक राजेंद्र सेनी(बबलू टेंकर) की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष बीजेपी राजेन्द्र पराणा, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा एवं प्रभु बाडोलिया ने प्रधानमंत्री की जन हितेषी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मेहन्दवास मण्डल अध्यक्ष किशन गोपाल जाट, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक श्योजी लाल सैनी भरनी, मुखर्जी मण्डल महामंत्री शंकर लाल विजय, विनयसिंह ताखर जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, रामकल्याण, हेमराज पुरी, देवराज, नवल, कुम्भाराम, आशा राम एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रिंकू एवं प्रियंका ने किया नाम रोशन

**चाकसू, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं कला वर्ग





के परीक्षा परिणाम में चाकसू उपखंड क्षेत्र में छात्राओं ने छात्रों से अधिक अंक प्राप्त कर बाजी मारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूंटोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्रा रिंकू शर्मा ने चाकसू उपखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में सर्वाधिक 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मिशाल कायम की। वहीं निजी विद्यालय में अध्यनरत छात्रा अंजली चौधरी ने सर्वाधिक 92.40 प्रतिशत व कादेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्रा प्रियंका चौधरी ने 92 प्रतिशत, अन्नू प्रजापति ने 91.40 प्रतिशत परिणाम देकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। कादेड़ा सरकारी विद्यालय में अध्यनरत छात्रा प्रियंका चौधरी ने सफलता का श्रेय माता पिता व अध्यापकों को दिया।

### चाकसू की बेटी का सहायक प्रोफ़ेसर पद पर चयन

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू क्षेत्र की एक होनहार बालिका की मेहनत रंग लाई एवं आरपीएससी द्वारा घोषित परिणाम में कॉलेज शिक्षा केमेस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। समाचार मिलते ही बधाइयों का क्रम जारी हो गया। पूनम शर्मा पुत्री महेश कुमार शर्मा ,वार्ड न.8 कस्बा चाकसू का आर पी एस सी के द्वारा जारी परिणाम मे असिस्टेंट प्रोफेसर (केमेस्ट्री, कालेज एजुकेशन)के पद पर प्रथम प्रयास मे चयन हुआ है। वर्तमान मे पूनम राजस्थान युनिवर्सिटी मे केमिस्ट्री से पी.एच.डी कर रही है। बचपन से ही पूनम मेघावी छात्रा रही है।पूनम का पूर्व मे भी आरपीएमटी, सीपीएमटी मे मेडिकल मे चयन हो चुका है। चाकसू तहसील की पहली बहिन का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है।

### इंपल्स ग्लोबल स्कूल का परिणाम शानदार

**दौसा, (निसं)।** इंपल्स ग्लोबल सीनियर सैकेंडरी स्कूल दौसा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के कला विज्ञान व कृषि विज्ञान वर्ग में शानदार परिणाम दिया है। निदेशक डॉ. इन्द्रजीत शर्मा ने बताया कि इम्पल्स ग्लोबल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा रीना शर्मा, रक्षिता कंवर, प्रिंसी शर्मा, कुसुम मीना, प्रतिभा शर्मा, निशांत शर्मा, भाविका मीणा, संजना मीणा, निखिल पूनिया, ममता मीणा, पिंकी मीणा, रेखा गुर्जर, रितु गुर्जर, पायल कंवर, योगेश बैरवा, पूजा गुर्जर, पंकज फुलवरिया, दिव्यांश जैमन ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये है। संस्था के निदेशक डॉ इंद्रजीत शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व भण्डारा 10 को

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में माँ सरस्वती की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं भण्डारा 10 जून को आयोजित किया जाएगा। आचार्य राकेश शर्मा, कालूराम जाट, महावीर शर्मा, जयपाल मीणा, सन्दीप सनवाल आदि ने बताया कि चौंमू निवासी भामाशाह महादेव प्रसाद यादव द्वारा विधालय में माँ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना करवाई गई है। मूर्ति का अनावरण श्री श्री 108 श्रीमंत रामलखन दास जी महाराज सीकर के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव होगें। विशिष्ठ अतिथि विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर, जबकि अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव करेगें। इस मौके पर गायक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जायेगी।

### भाजयुमो की हुई बैठक

**मालपुरा (निस)** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे मंगलवार को डिग्गी मे हुई बैठक मे केन्द्र सरकार के 8 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर आगामी 13 जून को मालपुरा मे निकाले जाने वाली विकास तीर्थ बाईक रैली को लेकर चर्चा एवं योजना बनाई गई। बैठक मे जिलाध्यक्ष ने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर विकास तीर्थ बाईक रैली मे 75 बाईक शामिल की जायेगी। बाईक रैली के आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक मे मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा के सातो मंडल अध्यक्षो की उपस्थिति रही।



भारत में फुटबॉल के परिदृश्य में काफी बदलाव आ रहा है और अब खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके है। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि खिलाड़ियों को सही तरीके से मौके मिल सके।

- बाइचुंग भाटिया

भारत के पूर्व फुटबाल कप्तान, भारत में फुटबॉल खेलों के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ कोलिन डि ग्रैंडहोम**



न्यूज़ीलैंड के ऑल-राउंडर कोलिन डि ग्रैंडहोम एड़ी की मांसपेशी फटने के कारण इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। हेनरी निकोल्स के कवर के रूप में बुलाये गये माइकल ब्रेसवेल को डी ग्रैंडहोम की जगह टीम में शामिल किया गया है। लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन के दूसरे सत्र में गेंदबाज़ी करते हुए डी ग्रैंडहोम की एड़ी में चोट आई थी, जिसके बाद वह टेस्ट मैच से बाहर हो गये थे। अब एमआरआई स्कैन में सामने आया है कि उनकी एड़ी की मांसपेशी फट गयी है। न्यूज़ीलैंड के हेड कोच गैरी स्टेड ने कहा है कि डी ग्रैंडहोम को ठीक होने में 10-12 हफ्ते का समय लगेगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल इतिहास में पहला मैच फ्रांस और मैक्सिको के बीच खेला गया, जिसमें फ्रांस 4-1 से जीता था।

## यूएस ओपन बैडमिंटन रद्द

कुआला लंपुर, 7 जून। यूएस ओपन वर्ल्ड टूर सुपर 300 टूर्नामेंट को कोरोना वायरस से उड्ढी 'संगङ्गनात्मक पेचीदगियों' के कारण रद्द कर दिया गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह टूर्नामेंट इस साल 4-9 अक्टूबर के बीच होने वाला था। बीडब्ल्यूएफ ने यहां एक बयान जारी कर कहा, कोविड-19 से उबरते हुए उठी संगठनात्मक पेचीदगियों के कारण यूएसए बैडमिंटन ने फैसला किया है कि इस साल वह अपना टूर्नामेंट आयोजित नहीं कर सकेंगे। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 7-12 जून के दौरान होने वाले इंडोनेशिया मार्स्टर्स सुपर 500 के साथ इस सप्ताह जकार्ता में फिर से शुरू हुआ है।

## जीएमआर यूएई टी-20 लीग के लिए बनायेगा 'टीम दुबई'

दुबई, 7 जून। आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर स्पोट्‌र्स ने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली इंटरनेशनल टी20 लीग की 'टीम दुबई' बनाने की मंगलवार को घोषणा की। क्रिकेट, कबड्डी और खो-खो में हाथ आज़मा चुके जीएमआर स्पोट्‌र्स ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। जीएमआर स्पोट्‌र्स ने ट्वीट किया, क्रिकेट मनोरंजन दुबई की सबसे ऊंची इमारत के बराबर होने वाला है। जीएमआर समूह छह जनवरी 2023 से 12 फरवरी 2023 के दौरान यूएई में होने वाली इंटरनेशनल टी20 लीग में टीम दुबई बनाने की घोषणा कर गौरवान्वित है। छह टीमों की इस फ्रेंचाइज़ी लीग में रिलायंस इंडस्ट्रीज़, कोलकाता नाइट राइडर्स, कैपरी ग्लोबल, जीएमआर, लांसर कैपिटल और अडानी स्पोट्‌र्सलाइन ने टीमें खरीदी हैं।

## भारतीय टीम में शामिल हुए फिजियो कमलेश जैन

नयी दिल्ली, 7 जून। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व फिज़ियो कमलेश जैन सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हुए। करीब 10 साल तक नाइट राइडर्स के साथ रह चुके जैन को हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नितिन पटेल की जगह नियुक्त किया था। पटेल बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शामिल हो गये हैं। क्रिकबज़ के अनुसार, बीसीसीआई सूत्रों ने जैन की नियुक्ति की पुष्टी की है। चेन्नई से आने वाले फिज़ियो सोमवार को नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में देखे गये थे, जहां भारतीय टीम ने करीब तीन घंटे तक नौ जून को दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले मैच के लिये अभ्यास किया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे की आमदनी सरकार को भेंट करेगा श्रीलंका क्रिकेट

कोलंबो, 7 जून। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने फैसला किया है कि अपने देश को आर्थिक संकट से निकालने में मदद करने के लिये वह ऑस्ट्रेलिया दौरे की टिकट बिक्री से होने वाली आमदनी सरकार को दान देगा। एसएलसी के सचिव मोहन डि सिलवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन राणासिंघे की अपील के बाद कार्यकारी समिति ने यह फैसला लिया। डि सिल्वा ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि यह दौरा हमारे देश के लिये न सिर्फ क्रिकेट के मोर्चे पर, बल्कि इस दौरान होने वाले विदेशी मुद्रा राजस्व के कारण आर्थिक मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण है। एसएलसी ने निर्णय लिया है कि वह पूरी आमदनी को लोगों के हित के लिये दान करेगा। 52 दिवसीय घरेलू दौरे पर आस्ट्रेलिया की मेजबानी करके श्रीलंका 25 लाख डॉलर कमाएगा। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच मंगलवार को यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## कर्नाटक बनाम यूपी के दूसरे दिन कुल 21 विकेट गिरे

कुर्नूल, 7 जून। आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के अलुर में कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के बीच चल रहे रणजी ट्रॉफ़ी क्वार्टरफाइनल के दूसरे दिन कुल 21 विकेट गिरे। मुकाबले के दूसरे दिन मंगलवार को जब कर्नाटक पहली पारी में बल्लेबाज़ी करने उतरी तो वह सात विकेट के नुकसान पर 213 रन बना चुकी थी। टीम ने अंतिम तीन विकेट गिरने तक 40 रन जोड़े और पहली पारी में 253 रन बनाये।

# राहुल द्रविड़ ने टीम में हार्दिक की वापसी पर खुशी जताई



नई दिल्ली, 7 जून। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ दक्षिण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ जून से शुरू हो रही घरेलू टी20 श्रृंखला के लिये स्टार आलराउंडर हार्दिक पांड्या की वापसी पर खुशी ज़ाहिर की। पांड्या ने पिछले महीने समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में चैंपियन बनी नवोदित गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व किया था। द्रविड़ ने मंगलवार शाम यहां अरुण जेटली स्टेडियम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, पूरे आईपीएल में हार्दिक का नेतृत्व प्रभावशाली रहा। नेतृत्व समूह का हिस्सा बनने के लिए आपको नेता नामित करने की आवश्यकता है। हमारे दृष्टिकोण से, हम हार्दिक के कौशल, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करना चाहते हैं।

आईपीएल में अपनी तेज़ रफ़्तार गेंदबाज़ी से सबका ध्यान आकर्षित करने वाले उमरान मलिक के बारे में पूछे जाने पर, द्रविड़ ने कहा, वह तेज़ हैं और हर सत्र के साथ सुधार कर रहे हैं। उन्हें बहुत कुछ सीखना है। हमें खेल के समय के बारे में यथार्थवादी होना होगा क्योंकि हमारे पास एक बड़ी टीम है।

जम्मू-कश्मीर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल में 152-157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाज़ी कर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारत के ऑल-फॉर्मेट कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को पांच मैचों की श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। रोहित की गैर-मौजूदगी में केएल राहुल टीम की कमान संभालेंगे और रिषभ पंत उप-कप्तान रहेंगे। द्रविड़ ने रोहित की गैर-मौजूदगी पर कहा, रोहित हमारे सभी प्रारूप के खिलाड़ी हैं। हर किसी के हर समय उपलब्ध रहने की उम्मीद करना नासमझी होगी। हम चाहते हैं कि वे भी फिट और तरोताजा रहें। कई बार हमें अपने बड़े खिलाड़ियों को आराम देना होगा।

राहुल की धीमी बल्लेबाज़ी के बारे में द्रविड़ ने कहा, हम अच्छी शुरुआत की तलाश कर रहे हैं। हम अपने शीर्ष 3 को जानते हैं। अगर यह उच्च स्कोरिंग खेल है, तो हम चाहते हैं कि वे उस स्ट्राइक रेट को बनाए रखें, लेकिन मुश्किल मैच भी होंगे। हमारे पास वह शीर्ष 3 खिलाड़ी हैं जो समय आने पर प्रदर्शन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2022 के दौरान ओपनिंग करते हुए धीमी रफ़्तार से पारी को बढ़ाने के लिये केएल राहुल को आलोचना का सामना करना पड़ा था। टीम में लंबे समय के बाद वापसी कर रहे दिनेश कार्तिक के बारे में द्रविड़ ने कहा, दिनेश की भूमिका टीम में स्पष्ट है। पारी के अंतिम हिस्से में वह अपनी छाप छोड़ सकते हैं। उन्हें इसी कारण से टीम में शामिल किया गया है।दिनेश कार्तिक हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल 2022 में फॉर्म में रहे और उन्होंने बल्ले से बहुमूल्य योगदान देते हुए डेथ ओवरों में फिनिशर की भूमिका निभाई थी। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में मेजबान आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से पहले लगातार 13 टी20 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे। श्रृंखला का पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नौ जून को खेला जाएगा।

## हॉकी का 5 एस फॉर्मेट पसंद आया : रहील

नयी दिल्ली, 7 जून। पहला एफआईएच हॉकी 5एस खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के युवा फॉर्वर्ड मोहम्मद रहील ने मंगलवार को कहा कि उन्हें हॉकी के छोटे फॉर्मेट में खेलना बहुत पसंद आया। पांच मैचों में 10 गोल करने वाले 25 वर्षीय रहील को टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा गोल करने के लिये प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।

टूर्नामेंट में भारत के अटैक की अगुवाई करने वाले रहील ने कहा, सबसे पहले, भारत के लिये खेलना बहुत अच्छा एहसास है। मैं खुश हूं कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका। यह बेहतरीन अनुभव था और मैंने खेल के इस फॉर्मेट को बहुत पसंद किया।

राउंड-रॉबिन स्टेज में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। भारत ने टूर्नामेंट की शुरुआत 4-3 की जीत के साथ की और पहले दिन के दूसरे मैच में पाकिस्तान के साथ 2-2 का ड्रॉ खेला। इसके बाद रविवार को भारत ने मलेशिया और पोलैंड को क्रमश: 7-3 और 6-2 से हराया।

पांचों मैचों में भारत के लिये गोल करने वाले रहील ने पोलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में दो गोल किये। भारत ने यह मुकाबला 6-4 से जीता। टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए रहील ने कहा, यह एक नया अनुभव था। मुकाबले तेज़ रफ़्तार थे लेकिन हमने हर मैच के साथ अपने खेल में सुधार किया और कई गोल दागे। हमने पेरीमीटर बोर्ड्स का ज्यादा प्रयोग करना शुरू किया और उससे हमारे मैच को समाप्त करने के तरीके में सुधार आया। हम एक टीम के तौर पर काफी अच्छा खेले। पहला हॉकी 5एस जीतना बेहतरीन एहसास है।

राहील ने 'प्रति टीम पांच खिलाड़ी' प्रारूप में शामिल रोमांच पर बल देते हुए इस आयोजन को सभी प्रतिभागी टीमों के लिए एक यादगार अनुभव बनाने का श्रेय एफआईएच को दिया। उन्होंने कहा, हॉकी 5एस शुरू करने के लिए एफआईएच को श्रेय जाता है। यह लुसाने में एक सुंदर सेट-अप था, हमने वास्तव में इसका आनंद लिया। हम इतने लंबे समय के बाद दर्शकों से भरे मैदान में खेल रहे थे, इसलिए इसने इस अनुभव को और अधिक यादगार बना दिया।

## सुवेद पारकर का दोहरा शतक, मुंबई का विशाल स्कोर

कुर्नूल, 7 जून। सुवेद पारकर (252) के दोहरे शतक और सरफ़राज़ ख़ान (153) के शतक की बदौलत मुंबई ने उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को दूसरे दिन पहली पारी आङ्ग विकेट पर 647 रन पर घोषित कर दी। दूसरे दिन बल्लेबाज़ी करने उतरे सुवेद और सरफ़राज़ ने चौथे विकेट के लिये 267 रनों की साझेदारी की। सरफ़राज़ के 153 रन पर आउट होने के बाद विकेटकीपर आदित्य तारे भी एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गये, मगर सुवेद ने शम्स मुलानी के साथ 106 रन की साझेदारी कर पारी को आगे बढ़ाया। शम्स (59) के आउट होने के बाद सुवेद ने तनुष कोटियान (28) और तुषार देशपांडे (20 नाबाद) के साथ भी क्रमश: 53 रन और 44 रन की साझेदारी की। अंतत:, सुवेद मुंबई के आङ्गवें विकेट के रूप में कुनाल चंदेला के हाथों रन आउट हो गये और मुंबई ने अपनी पारी 647 रन पर घोषित कर दी। उत्तराखंड के लिये दीपक धपोले ने तीन विकेट लिये, जबकि अग्रिम तिवारी, स्वप्निल सिंह, मयंक मिश्रा और कमल सिंह ने एक-एक विकेट हासिल किया। दूसरे दिन की समाप्ति तक उत्तराखंड ने महज़ 39 रन बनाकर दो विकेट खो दिये हैं। कप्तान जय गोकुल बिस्ता शून्य रन पर और मयंक मिश्रा चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये हैं।

## अंडमान की सेलेस्टिना ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए जीता तीसरा स्वर्ण

नयी दिल्ली, 7 जून। अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सेलेस्टिना चेलोब्रोय ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मंगलवार को नयी दिल्ली के आईजी वेलोड्रोम में साइक्लिंग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया। साइक्लिंग के सितारों के गढ़ अंडमान-निकोबार से आने वाली 19 वर्षीय सेलेस्टिना ने सोमवार को अपने पहले दो स्वर्ण पदक, टीम स्प्रिंट (टीना माया के साथ) और व्यक्तिगत स्प्रिंट 200 मीटर स्पर्धाओं में जीते थे। उन्होंने इवेंट के दूसरे दिन अपने ही 2020 खेलो इंडिया गेम्स के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए केरिन 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। सेलेस्टिना का प्रदर्शन और भी अधिक सराहनीय है क्योंकि कंधे की चोट के कारण उन्हें साइकिल चलाने से ब्रेक लेना पड़ा था और इस साल के खेलो इंडिया गेम्स में उनके हिस्सा लेने पर सवाल बने हुए थे। उन्होंने कहा, मैं जयपुर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लगी चोट से उबर चुकी हूं।

## पोकरबाजीडॉटकॉम ने द एशियन पोकर टूर के साथ अपनी खास साझेदारी का विस्तार किया

नई दिल्ली, 7 जून। भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ीडॉटकॉम ने एशिया में पोकर इवेंट्स के प्रमुख ब्रैंड एशियन पोकर टूर के साथ अपनी एक्सक्लूसिव इंडिया पार्टनरशिप को अगले दो वर्ष के लिए बढ़ाकर अपने सफल सहयोग को बरकरार रखा है। इस भागीदारी के तहत पिछले 2 सालों में पोकरबाजी ने तीन सफल एपीटी इंडिया ऑनलाइन इवेंट्स की मेजबानी की। इस साझेदारी का विस्तार एपीटी इंडिया के अगले ऑनलाइन संस्करण के साथ किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 1 जुलाई 2022 से होगी। इसका विस्तृत विवरण ब्रैंड की ओर से कल जारी किया जाएगा। यह इवेंट जनवरी 2022 में हुए पिछले संस्करण की तुलना में ज्यादा विशाल और भव्य होने की संभावना है। इस साझेदारी से पोकर के भारतीय खिलाड़ियों कोपोकर बाज़ी डॉटकॉम की मेजबानी में आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता पोकर बाज़ी डॉटकॉम में भाग लेने की इजाजत मिलेगी और वह सम्मानित एपीटी ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

## अक्षदीप और बरोका की बदौलत दिल्ली चैलेंजर्स ने जीता रघुबीर क्रिकेट खिताब

नयी दिल्ली, 7 जून। मैन ऑफ द मैच अक्षदीप नाथ के शानदार नाबाद शतक (नाबाद 107, 94 गेंद, 14/4, 3/6), राजेश शर्मा (60), तेजस सिंह बरोका (3/48), प्रशांत भाटी (2/43) के शानदार खेल की बदौलत मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड में खेले गए 45वें अखिल भारतीय रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल में दिल्ली चैलेंजर्स ने प्लेयर्स क्रिकेट अकादमी को मंगलवार को 5 विकेट से हारकर शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सनत सागंवान ने आज भी शानदार 54 रन और ध्रुव सिंह ने 65 रनो का योगदान दिया पर अपनी टीम को हार से न बचा सके। जीतने वाली टीम को 2 लाख 50 हजार रुपए का इनाम और पराजित टीम को 1 लाख 50 हजार रुपए का इनाम दिया गया। टूर्नामेंट का पुरस्कार रोहन जेटली (डीडीसीए के अध्यक्ष ), डॉ विजय दत्ता (प्रिंसिपल मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड), पवन गुलाटी और अंतराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी द्वारा वितरित किये गए। सेमीफाइनलिस्ट टीमों को 50 -50 हजार रुपए दिये गए।

## महाराष्ट्र की संयुक्ता ने लयबद्धा जिम्नास्टिक्स में जीते सभी 5 स्वर्ण

अम्बाला, 7 जून। महाराष्ट्र की संयुक्ता काले ने चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तहलका मचाते हुए मंगलवार को लयबद्ध जिम्नास्टिक्स में सभी पांच स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर लिया जबकि अंडमान की सेलेस्टिना ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए तीसरा स्वर्ण जीता। संयुक्ता की क्लीन स्वीप की बदौलत महाराष्ट्र (24 स्वर्ण, 22 रजत, 17 कांस्य) हरियाणा (23 स्वर्ण , 20 रजत, 29 कांस्य ) को दूसरे स्थान पर छोड़कर पदक तालिका में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा के लड़कों को आज कबड्डी और वॉलीबाल के फ़ाइनल में अपने प्रशंसकों की उम्मीदों के विपरीत हार का सामना करना पड़ा। 16 वर्षीय संयुक्ता ने अपनी क्लीन स्वीप के बाद कहा, मैं जानती थी कि मुझे स्पोर्ट्स में जाना है लेकिन मुझे पता नहीं था कि किस खेल में। मैंने टेनिस, फुटबॉल और क्रिकेट सहित कई लोकप्रिय खेलों में हाथ आजमाए लेकिन मेरी तलाश लयबद्ध जिम्नास्टिक्स पर आकर ख़त्म हुई और उसके बाद मैं किसी और खेल के बारे में नहीं सोच सकी। संयुक्ता का अब सपना भारतीय टीम में जगह बनाना और 2024 के पेरिस ओलम्पिक में पदक जीतना है। उन्होंने कहा, पहले राष्ट्रमंडल खेल, फिर एशियाई चैंपियनशिप, विश्व चैंपियनशिप और अंत में पेरिस ओलंपिक्स। इस बीच अंडमान की सेलेस्टिना ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए जीता तीसरा स्वर्ण: अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सेलेस्टिना चेलोब्रोय ने यूथ गेम्स में अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए नयी दिल्ली के आईजी वेलोड्रोम में साइक्लिंग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया।

## धोनी से प्रेरित होकर उनके पदचिन्हों पर चलना चाहता हूं : प्रिटोरिस

नयी दिल्ली, 7 जून। एमएस धोनी की बदौलत ड्वेन प्रिटोरियस को विश्वास होने लगा है कि वह क्रिकेट के मैदान पर कुछ भी कर सकते हैं। इस सीज़न में धोनी के साथ समय गुज़ारने के बाद प्रिटोरियस को लक्ष्य का सफल पीछा करने के लिए ज़रूरी शांत स्वभाव और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है।

भारत के ख़िलाफ़ नौ जून को शुरु होने वाली टी20 सीरीज़ से पहले प्रिटोरियस ने कहा, ''मैंने उनसे जो सबसे बड़ी बात सीखी है, वह है कि वह क्रीज़ पर कितने शांत हैं और खुद से दबाव हटाकर गेंदबाज़ पर डालने की कितनी कोशिश करते हैं। उन्होंने मुझे महसूस कराया है कि डेथ ओवर्स के समय बल्लेबाज़ अधिक दबाव में नहीं होता है, जबकि वास्तव में गेंदबाज़ अधिक दबाव में होता है।''

उन्होंने आगे कहा, ''एक गेंदबाज़ के रूप में, आप तब भी मैच हार सकते हैं यदि आपको अंतिम तीन गेंदों पर 18 रन का बचाव करना है और एक बल्लेबाज़ के रूप में आप इसे जीत सकते हैं। यह मेरे लिए एक नई मानसिकता थी। वह ज़्यादा उत्तेजित नहीं होते। वह बहुत आशावादी हैं, उन्हें विश्वास है कि



वह कुछ भी कर सकते हैं।'' प्रिटोरियस और धोनी के बीच सबसे यादगार साझेदारी 21 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ डीवाई पाटिल स्टेडियम में 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हुई।

जब प्रिटोरियस जब बल्लेबाज़ी करने आए तब चेन्नई को जीत के लिए 26 गेंदों में 50 रनों की दरकार थी। बुमराह ने उनका यॉर्कर के साथ स्वागत किया लेकिन अगले दो मौक़ों पर प्रिटोरियस ने चौका जड़ दिया। प्रिटोरियस जब पवेलियन लौटे तब चेन्नई को जीत के लिए पांच गेंदों में 17 रन चाहिए थे और धोनी ने इस मैच को चेन्नई के नाम कर दिया।

इस मुक़ाबले में प्रिटोरियस ने देखा कि धोनी गेम को कैसे अंत तक लेकर जाते हैं। ख़ुद प्रिटोरियस का मानना है कि वह भी ज़रूरत पड़ने पर इस भूमिका को निभा सकते हैं। प्रिटोरियस ने कहा, ''मैं इस शांत स्वभाव और आत्मविश्वास को अपने खेल में आत्मसात करना चाहता हूं जिसकी बदौलत खेल को किसी भी स्थिति से जीता जा सकता है।'' हालांकि इस सीज़न में चेन्नई के खेमे में जश्न के अवसर नहीं थे।

गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में जाने के बाद चेन्नई अंक तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही। निराशाजनक परिणाम के बावजूद प्रिटोरियस ने कहा कि उनके खेमे में आत्मविश्वास नहीं डगमगाया है। प्रिटोरियस ने कहा, ''सीएसके फ्रैंचाइज़ी के बारे में अच्छी बात यह है कि यह बहुत अनुभवी है। हम सभी समझते हैं कि क्रिकेट हमेशा आपके हिसाब से नहीं चलता है।

# अपनी ही सलाह पर अलम करने का प्रयास कर रहे हैं ब्रॉड

लंदन, 7 जून। एशेज़ के बाद नाटकीय रूप से टीम से बाहर किए जाने के बाद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने जो एक चीज़ सीखी है वह है अगले मैच से अधिक किसी भी बात के बारे में ना सोचना। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ ट्रेंट ब्रिज में शुक्रवार से शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले ब्रॉड की ख़ुद को यह सलाह है कि वह इस मुक़ाबले को अपने घरेलू मैदान पर अपने आख़िरी टेस्ट मुक़ाबले के तौर पर ना देखें। हालांकि नॉटिंघम में अगले साल इंग्लैंड टीम का कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं है लेकिन न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ 2-0 की अजेय बढ़त लेने की ताक में लगी इंग्लैंड टीम के सदस्य ब्रॉड और जेम्स एंडरसन साथ में लय में आने का लुत्फ़ उङ्गा रहे हैं जिन्हें वेस्टइंडीज़ दौरे पर टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

ब्रॉड ने कहा, ''होबार्ट के बाद और सर्दियों के दौरान मेरी सोच में काफ़ी परिवर्तन आया है। मैं बहुत आगे की सोचने का प्रयास नहीं कर रहा हूं। मेरा ध्यान सिर्फ़ हर हफ़्ते का आनंद उङ्गाने और अगले हफ़्ते के लिए ख़ुद को वापस तैयार करने पर है। जिमी (एंडरसन) इस वर्ष 40 के हो रहे हैं। चार साल पहले, 2018 में क्या वह यह सोच रहे थे कि ओल्ड ट्रैफ़र्ड में वह अपना आख़िरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं? संभवत: नहीं। इस तरह की सोच सिर्फ़ आपसे उस हफ़्ते के आनंद को छीन लेती है। इस सीज़न की शुरुआत मैंने यह सोच कर नहीं की कि मुझे आगे इंग्लैंड की शर्ट पहनने का अवसर मिल पाएगा या नहीं। मैं सिर्फ़ और सिर्फ़ हर दिन का लुत्फ़ उङ्गा रहा हूं।''

न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पांच विकेटों से जीत दस टेस्ट मैचों के बाद आई थी और यह नए कप्तान बेन स्टोक्स और टेस्ट के नए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ नए दौर में प्रवेश करने की शुरुआत थी। इससे पहले इंग्लैंड पिछले साल अगस्त महीने में हेडिंग्ले में भारतीय टीम के ख़िलाफ़





जीत दर्ज की थी। पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद इंग्लैंड खेमे के माहौल के बारे में ब्रॉड ने कहा, ''एक टीम के तौर पर यह हमारे लिए मज़ेदार हफ़्तों में से एक था।

आरामदायक माहौल, जिस तरह से हम एक टीम के रूप में बात कर रहे थे। जिस तरह से हमने टारगेट को भेदा वह हमारी मानसिकता को दर्शाता है। चीज़ें हमारे पक्ष में गईं, नो बॉल इसे एक अलग खेल बना देता है।'' ब्रॉड उस नो बॉल की बात कर रहे थे जो कॉलिन डि ग्रैंडहोम ने सिर्फ़ एक रन के निजी स्कोर पर खेल रहे स्टॉक्स को फेंकी थी और वह उस गेंद पर बोल्ड हो गए थे। ब्रॉड पहली बार स्टोक्स की कप्तानी में खेल रहे थे। उन्होंने नए दौर में प्रवेश कर रही इंग्लैंड टीम के संबंध में कहा,'' जीत के साथ स्टोक्स-मैकुलम दौर की शुरुआत हमारे लिए काफ़ी बड़ी है। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करना एक समूह के तौर पर हमारे लिए काफ़ी अच्छा है। मुझे नहीं लगता कि लॉर्ड्स में आने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इनकार कर सकता है कि उसने लुत्फ़ उङ्गाया। हम इसे ट्रेंट ब्रिज तक ले जाना चाहते हैं।'' ब्रॉड ने पूर्व कप्तान जो रूट के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों पर बात करते हुए कहा, ''जो ने जब कप्तानी छोड़ी तो मेरी उनसे बात हुई थी। मैंने उन्हें बताया था कि वह एक कप्तान के तौर पर मेरे लिए कितना मायने रखते थे और उनकी कप्तानी में खेलना कितने सम्मान की बात थी। मैंने उन्हें कहा था कि वह अब बिना किसी दबाव के खेल सकते हैं और मुझे उम्मीद है कि वह अगले कुछ साल भरपूर आनंद लेते हुए खेलेंगे। जो और मैं बहुत अच्छे मित्र हैं, मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो पेशे और रिश्तों को अलग रखता है। मैं किसी से इसलिए ख़फ़ा नहीं हो सकता कि उसने मुझे टीम में क्यों नहीं चुना, यह बेहद दयनीय है।''

ब्रॉड इस महीने 36 वर्ष के होने वाले हैं, रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद वह कप्तानी के लिए एक विकल्प हो सकते थे अगर टीम में उनकी जगह सुरक्षित होती। हालांकि न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट के दौरान वह मैदान के भीतर और बाहर कप्तान की भूमिका में ज़रूर नज़र आए। उन्होंने लॉर्ड्स में मौजूद दर्शकों के जोश को तब बढ़ा दिया जब उन्होंने तीसरे दिन अपनी तीन गेंदों से मैच में नाटकीय मोड़ ला दिया। ब्रॉड ने शतकवीर डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजने पर मजबूर किया, डि ग्रैंडहोम के विरुद्ध लेग बिफ़ोर की असफल अपील के दौरान उन्हें रन आउट करवाने के बाद ब्रॉड ने काइल जेमीसन को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया।

लॉर्ड्स टेस्ट में अपने प्रदर्शन को लेकर ब्रॉड ने कहा, ''कल मैं शायद अपने अनुभव का भरपूर उपयोग यह सोचकर कर पा रहा था कि टीम को यहां क्या चाहिए। हालांकि इससे अधिक दबाव आता है लेकिन मुझे यह दबाव काफ़ी पसंद है।'' लोग कहते हैं कि देश में ट्रेंट ब्रिज और एजबैस्टन में टेस्ट का सबसे अच्छा माहौल होता है। लॉर्ड्स में वास्तव में दिलचस्प जीत के बाद, यह देखना चाहिए कि जो लोग ट्रेंट ब्रिज की ओर जा रहे हैं, उनमें आने वाले समय को लेकर बहुत उत्साह है।

## भारत से शुरू होगा ओलंपियाड का मशाल रिले

चेन्नई, 7 जून। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड से प्रत्येक ओलंपियाड में मशाल रिले को शामिल किया जाएगा। फिडे ने कहा कि ओलंपिक-शैली की परंपरा के अनुसार, मशाल रिले हमेशा शतरंज की जन्मभूमि भारत से शुरू होगी। इसके बाद मशाल मेजबान शहर तक पहुंचने से पहले सभी महाद्वीपों में यात्रा करेगी।

बयान में कहा गया कि समय की कमी के कारण, इस साल शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले केवल भारत में ही चलेगी। फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कविच ने कहा, यह पहल शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने और दुनिया भर में प्रशंसकों के समर्थन को बढ़ाने में मदद करेगी। ओलंपिक खेलों की परंपरा के अनुरूप, ओलंपियाड के अगले संस्करण से मशाल सभी महाद्वीपों में फिडे के सदस्य देशों का दौरा करते हुए अंतत: शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन से पहले मेजबान देश और शहर पहुंचेगी।

शतरंज ओलंपियाड का आगामी संस्करण 28 जुलाई से 10 अगस्त तक महाबलीपुरम में होने वाला है। इस ऐतिहासिक आयोजन को पहले ही 187 देशों की ओपन और महिला वर्गों में रिकॉर्ड 343 टीमें मिल चुकी हैं। भारत शतरंज के इतिहास में लगभग 100 वर्षों में पहली बार ओलंपियाड की मेजबानी करेगा। ओलंपियाड के निदेशक भरत सिंह चौहान ने कहा, ओलंपिक के लिए जो महत्व एथेंस का है वही भारत का शतरंज समुदाय के लिए होगा।

# 'राज्यसभा चुनाव को लेकर नैतिक रूप से हार मान चुके अशोक गहलोत'

## विधायकों की जासूसी के लिए उनके घरों पर पुलिस का पहरा बिठा रखा है, पुलिस प्रशासन का जमकर दुरूपयोग किया जा रहाः डॉ. पूनिया

- **कांग्रेस के विधायक अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोलते हैं, खिलाफ बयान देते हैं तो यह उनके स्वयं के नेतृत्व की कमजोरी है, भाजपा पर झूठे आरोप मढ़ने से आप दोषमुक्त नहीं हो सकतेः डॉ. सतीश पूनिया।**
- **राजस्थान की जनता 2023 में जनविरोधी कांग्रेस सरकार को हमेशा के लिए नमस्कार कर हमेशा के लिये सत्ता से बाहर कर देगीः डॉ पूनिया।**

जयपुर, 7 जून (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक भ्रष्टाचार को लेकर तथा विकास कार्य नहीं होने इत्यादि को लेकर मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखते हैं तो यह चिट्ठी कांग्रेस के विधायकों से भाजपा नहीं लिखवाती, आपकी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण कांग्रेस के विधायक ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखते हैं। उन्होंने कहा कि "हॉर्स ट्रेडिंग और एलीफैंट ट्रेडिंग की जनक कांग्रेस है, राजस्थान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जहां अशोक गहलोत ने अपनी अल्पमत की सरकार को बचाने के लिए बसपा के विधायकों को बिना उनकी राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से कई बार मर्ज किया, क्या यह अलोकतांत्रिक व अनैतिक नहीं है?

उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की सरकार को गिराने की कभी कोशिश नहीं की। मुख्यमंत्री की तानाशाही कार्यशैली से नाराज होकर उनके खुद के विधायक ही उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हैं, खुद के विधायक ही नाराज होते हैं और इनके ही विधायक सरकार के मुखिया को चिट्ठी लिखते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी हठधर्मिता के कारण अपने विधायकों से मिलना भी पसंद नहीं करते। अब राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के विधायक ही मुख्यमंत्री के खिलाफ बयान दे रहे हैं तो क्या यह कांग्रेस के अंदर अंतरकलह और अंतर्विरोध नहीं है, क्या यह सब भाजपा करवा रही है?

पिछली बार राज्यसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने पीसीसी चीफ और डिप्टी सीएम को पद से बर्खास्त किया और अपनी ही पार्टी के विधायकों पर राजद्रोह के केस लगवाए, क्या यह कांग्रेस के विधायकों की मुख्यमंत्री की मनमर्जी कार्यशैली के खिलाफ आक्रोश नहीं था?

मुख्यमंत्री को अपनी कुर्सी बचाने से ज्यादा किसी बात की चिंता नहीं है, बहन बेटियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर जब मीडिया सवाल करता है तो पल्ला झाड़ लेते हैं और नमस्कार कर चले जाते हैं, अब यही राजस्थान की जनता, बहन बेटियां, किसान और युवा 2023 में जनविरोधी कांग्रेस पार्टी कि सरकार को हमेशा के लिए नमस्कार कर सत्ता से बाहर करेंगे। कांग्रेस की सरकार डगमगा रही है और गिरने को तैयार है तो इसमें भाजपा का लेना देना नहीं है।

## राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक

नई दिल्ली, 7 जून। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के परिवार से मिलने मंगलवार को राहुल गांधी मूसा पहुंचे। इस दौरे के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक का मामला देखने को मिला है। उनका काफिला सही रूट की तलाश में करीब 20 मिनट तक भटकता रहा।

एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल गांधी का काफिला संगरूर रोड के बजाय अर्बन एस्टेट बाईपास रूट पर चला गया था। पटियाला पुलिस की सतर्कता

- **गायक सिद्धू मूसेवाला के घर जाते समय सही रूट की तलाश में राहुल गांधी का काफिला करीब 20 मिनट तक अनजान रूट पर भटकता रहा।**

से काफिले वापस सही रास्ते पर आया और फिर आगे बढ़ा। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता दिल्ली से चंडीगढ़ हवाई मार्ग से पहुंचे थे। फिर आगे का रास्ता सड़क मार्ग के जरिए हुई।

राहुल गांधी अपने नेता मूसेवाला के परिवार से मिलने के लिए पंजाब पहुंचे थे।

# तो क्या बीटीपी के समर्थन के लिए सरकार सामान्य वर्ग के खिलाफ फैसला लेने को तैयार है?

## काकर डूंगरी मामले में दर्ज मुकदमों की फिर से जांच की बात करना इसी संकेत को दर्शा रहा है

- **बीटीपी की शर्त भी यही थी कि, पहले यह मुकदमे वापस लिए जाएं, फिर हम वोट देंगे।**
- **दूसरी ओर सरकार को अभी भी अपनों पर भरोसा नहीं, इसी के चलते परिवाद के बाद अब निर्वाचन अधिकारी को भी ज्ञापन दिया।**

उदयपुर, 7 जून (निसं)। राजस्थान में राज्यसभा चुनाव काफी रोचक होता नजर आ रहा है। जहां सरकार पहले यह दावा कर रही थी कि 126 विधायक उनके साथ है। वही अब वह अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त होने के डर से एसीबी में मामला दर्ज कराती है और सरकार की ओर से निर्वाचन अधिकारी को भी इस बाबत ज्ञापन दिया जाता है। यानी कि सरकार का या तो यह दावा गलत है या फिर सरकार को अपने ही खेमे पर विश्वास नहीं है।

दूसरी ओर राजस्थान सरकार ने राज्यसभा चुनाव में बीटीपी के 2 विधायकों का समर्थन हासिल करने के लिए सोमवार देर रात को उसके दोनों विधायकों से उदयपुर के ताज अरावली में मुलाकात की। बताया जाता है कि बीटीपी विधायकों की सबसे प्रमुख मांग यही थी कि कांकर डूंगरी आंदोलन में जो 67 मुकदमे दर्ज किए गए थे, उन्हें वापस लिया जाए। सरकार की ओर से आश्वासन भी दिया गया है कि यह मुकदमे वापस लिए जाएंगे। हालांकि सरकार के ऐसा करने पर वागड़ क्षेत्र के अन्य वर्ग आगामी समय में कांग्रेस के खिलाफत में खड़े हो सकते हैं। इसका कारण यह है कि यह लड़ाई सामान्य वर्ग तथा आदिवासियों के बीच भर्तियों को लेकर ही थी। इस आश्वासन के बावजूद बीटीपी के विधायक बाड़ेबंदी में नहीं रह कर बाहर ही रहेंगे।

देर रात मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बीटीपी के दोनों विधायकों से हुई बातचीत के बाद मंगलवार को होटल ताज अरावली के बाहर आकर राजस्थान के गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि अक्सर बड़ी घटनाओं में निर्दोष युवाओं पर भी मामले दर्ज हो जाते हैं, ऐसे में कांकर डूंगरी प्रकरण में दर्ज मुकदमों पर पुनर्विचार होगा।

# 'यह कोई सीरियल बनाने जैसा काम नहीं, जहां सब कुछ खुद ही तय कर लेते हैं'

## पायलट ने सुभाष चन्द्रा के बयान पर कटाक्ष किया

- **चन्द्रा ने कहा था कि, सचिन पायलट के पास यह मौका है, आज चूक गए तो 2028 तक सी.एम. नहीं बनेंगे।**
- **चन्द्रा का दावा-कांग्रेस के 8 विधायक क्रॉस वोटिंग करेंगे, अन्य पार्टियों के 4 विधायक मुझे वोट देंगे।**
- **चन्द्रा ने यह भी कहा कि, अशोक गहलोत भी मेरे मित्र हैं, मेरे प्रतिनिधि ने उनसे बात की थी।**

जयपुर, 7 जून (कासं)। राजस्थान के राज्यसभा चुनावों में भाजपा के समर्थन से निर्दलीय के रूप में राज्यसभा उम्मीदवार बनने वाले सुभाष चंद्रा ने कांग्रेस सहित अन्य वोट में सेंध लगाने का दावा करते हुए कहा कि 30 भाजपा विधायकों के अलावा कांग्रेस के 8 विधायक क्रॉस वोटिंग करेंगे। दूसरी पार्टियों के चार विधायक भी मुझे वोट करेंगे,तथा दो ऐसे विधायक हैं जो ना कांग्रेस को और ना भाजपा को वोट देंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक इसलिए क्रॉस वोटिंग करेंगे, क्योंकि ये विधायक अपने ही राज में परेशान हो रहे हैं। एक तरह से जलालत महसूस कर रहे हैं।

सुभाष चंद्रा ने कहा कि सचिन पायलट के पास यह मौका है, आज यह मौका चूक गए तो 2028 तक सीएम नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि पायलट कांग्रेस के जुझारू नेता हैं। उनके पिता से मेरे बहुत अच्छे संबंध थे। चंद्रा के इस दावे पर सचिन पायलट ने भी जवाब देते हुए कहा कि 10 तारीख को वोटिंग से पहले अच्छा है कि भाजपा के समर्थन से निर्दलीय आने वाले विनम्रता से अलग हो जाएं,क्योंकि यह काम टीवी सीरियल बनाने जैसा नहीं है, जहां सब कुछ आप ही तय करते हैं।

दूसरी ओर चंद्रा ने यह भी कहा कि जिस तरह से अशोक गहलोत हाईकमान को आंख दिखाते हैं, उसी तरह सचिन पायलट को भी अब स्टैंड लेना चाहिए। राज्यसभा चुनावों में उनके पास मौका है, अगर वे समर्थन करते हैं तो 2023 में उनके सीएम बनने के चांस बनते हैं, नहीं तो 2028 तक कोई चांस नहीं है। सुभाष चंद्रा ने कहा कि कल तक गाली देने वाले विधायक अचानक सीएम के प्लेन में कैसे आ गए, मैने चुनाव आयोग को इस बारे में शिकायती पत्र दिया है।

## कस्टम विभाग 42 हजार किलो ड्रग्स नष्ट करेगा

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता)। वित्त मंत्रालय की एजेंसी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) बुधवार को लखनऊ,पटना और मुंबई समेत देश भर में 14 जगह कुल करीब 42,000 किलोग्राम मादक द्रव्य नष्ट करेगी।

वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सी.बी.आई.सी. वित्त मंत्रालय

- **देश के विभिन्न स्थानों से बीते एक साल में इतनी बड़ी संख्या में यह ड्रग्स बरामद हुई है।**

के विशिष्ट सप्ताह के कार्यक्रमों के सिलसिले में कल मादक औषधि विध्वंस दिवस का आयोजन किया है। इसके तहत देश भर में 14 जगहों पर 42 हजार किलोग्राम के करीब जब्त मादक द्रव्यों को नष्ट किया जाएगा।

विज्ञप्ति के अनुसार लखनऊ, मुंबई, मुंद्रा/कांडला, पटना और सिलीगुड़ी में मादक द्रव्य नष्ट करने की कार्रवाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण डिजिटल माध्यम से देखेंगी।

# चीफ ऑफ डिफैन्स स्टाफ के चयन के दायरे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रूप से प्रभावित होगा तथा पदस्थ उच्च पदाधिकारियों को या तो ससम्मान समायोजित किया जायेगा या फिर उन्हें पद त्याग करना होगा। थल सेना, वायु सेना तथा नौ सेना जैसे उच्च स्तरों वाली संरचना में इस प्रकार के गतिरोध तनाव जन्य एवं संकटपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं।

सेनाओं के सर्वोच्च पदों के क्षेत्र में पार्श्व से प्रवेश करते समय सरकार को बहुत अधिक सावधानी एवं सतर्कता बरतनी होगी। ऐसे कदमों से सर्वोच्च अधिकारियों का मनोबल प्रभावित नहीं होना चाहिये तथा उनमें तनाव एवं मनमुटाव जैसी भावनाएं पैदा नहीं होनी चाहिये। ऐसे अतिवादी सुधार लाने से पहले, वैकल्पिक समायोजन तथा पदों के ढ़ाँचे या स्तरों पर गहन विचार किया जाना परमावश्यक है।

इसके साथ ही, संकटकालीन स्थितियों के लिये असाधारण प्रतिभाओं के चयन की आवश्यकता को भी कम करके नहीं आँका जा सकता। विभिन्न दिशाओं, जैसे चीन की ओर से हमारी सुरक्षा व्यवस्था को मिल रही चुनौतियों के चलते, सेनाओं के व्यवस्थापन में मौलिक एवं अभिनव सोच की जरूरत बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है।

इन दिनों, सेना एवं सुरक्षा अधिक से अधिक विज्ञान-आधारित एवं विज्ञान-केन्द्रित होती जा रही हैं। नया हथियार-तंत्र विकसित हो रहा है, जो नवीनतम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित है। अत्यधिक दक्ष एवं कुशल टैक्नोक्रेट उस हथियार तंत्र को बहुत दूर बैठकर संचालित एवं नियंत्रित करते हैं। चीन, जो हमारा सबसे बड़ा सैन्य खतरा है, इस प्रकार के नये हथियार एवं क्षमताएं विकसित करने में लगा हुआ है।

चीन द्वारा प्रदर्शित उसकी नवीनतम एवं आधुनिक क्षमता के अन्तर्गत, हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल तैनात किये जा रहे हैं, जिनकी गति, ध्वनि से भी ज्यादा तेज है तथा इतनी नीचाई पर उड़ते हैं कि राडारों की पकड़ में भी नहीं आ सकते लेजर-बेस्ड गाइडेड मिसाइलें तथा व्हीकल अब हमले करने एवं बचाव करने के काम भी लिये जा रहे हैं।

शक्तिशाली टैंकों को ध्वस्त करने में ड्रोन्स की उपयोगिता यूक्रेन युद्ध में दिखाई दे रही हे। इस युद्ध में ड्रोन्स को काम मे ले रहे यूक्रेनियन सेनाओं ने रूस के करीब एक हजार टैंक नष्ट कर दिये हैं।

गुप्तचर-व्यवस्था एक और ऐसा हथियार है। जिसका उपयोग चमत्कारिक सफलताओं के लिये किया जा रहाहै। रूस की ब्लैक सी कमान के फ्लैगशिप के बारे में अमेरिकन जासूसी के कारण ही, यूक्रेन ने केवल दो मिसाइले दाग कर ही फ्लैगशिप को डुबो दिया था। आधुनिक युद्ध कला, सेना एवं सुरक्षा मामलों में, सैन्य प्रमुख इतना सर्मा होना चाहिये कि वह इन तीनों प्रकार की सेनाओं से परे, अन्य साधनों से आने वाली चुनौतियों पर विचार कर सके तथा संयुक्त सैन्य पड़ाव डाल सके, जनमें तीनों सेनाओं को काम में लेने के अलावा, तकनीक आधारित युद्ध कला युक्त कुछ और भी फलदायी संकट शत्रु के सामने खड़े किये जा सकें।

हमारे सैन्य ढ़ाँचों में इस प्रकार की बहुआयामी क्षमताओं को काम में लेने में युवा मस्तिष्क ज्यादा उपयुक्त एवं निपुण हो सकते हैं। नये चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति करने के अलावा, सरकार के लिये यह भी जरूरी है कि वह विज्ञान-आधारित सैन्य सेवा की एक पृथक शखा स्थापित करे।

इस सेवा के लिये कुछ प्रतिष्ठित वैज्ञानिक भर्ती किये जाने चाहिये तथा उन्हें रक्षा-सुरक्षा की तकनीकें विकसित करने के नये-नये तरीकों के आँकलन एवं सुझाव देने पर, सैन्य सेवाओं के इन-हाउस स्टाफ के साथ चर्चा करते रहना चाहिये। समय बदल रहा है तथा सेना को समय के साथ कदम मिलाते हुये चलना होगा।

आज सेना का काम केवल बाहुबल तक सीमित नहीं है। अब शारीरिक ताकत के साथ दिमागी ताकत भी जयरी है।

## मस्कट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसके पति का पासपोर्ट कंपनी ने जब्त कर लिया है जो कि ओमान ट्रेडिंग कंपनी में ब्रांच मैनेजर थे। कंपनी हुंडई की वितरक है। उसके पति का पासपोर्ट गैर कानूनी तरीके से तब जब्त कर लिया गया जब उन्होंने अपने मातहत कार्यरत ओमानी स्टाफ को निकाल दिया था।

मीना ने अपनी अपील में कहा उसके पति व उसके परिवार को खतरा है इसलिए उसने अपने 13 साल के बेटे और 7 साल की बेटी को स्कूल भेजना भी बंद कर दिया है।

उसने लिखा है कि हम डर में जी रहे है। उसने कहा कि वह तकनीकी रूप से भारत लौट सकती है पर वह अपने पति की सुरक्षा के लिए वहीं रूकना चाहती है। क्योंकि वे पहले से ही भारी अवसाद में है।

वैसे यह नई बात नहीं है खाड़ी देशों में नौकरी कर रहे भारतीयों से वहां की कम्पनियां पासपोर्ट जमा करवाने के लिए कहती है और फिर अगर वे नौकरी छोड़ना चाहें या बदलना चाहें तो उन्हें परेशान करती हैं।

# 'सत्येंद्र जैन के परिसरों से 2.85 करोड़ कैश व 1.8 किलो सोना बरामद हुआ'

## ई.डी. ने सत्येंद्र जैन एवं उनके करीबी दोस्तों के परिसरों पर छापेमारी के बाद यह वक्तव्य दिया

- **दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को 30 मई को ई.डी. ने मनी लॉण्डरिंग के मामले में गिरफ्तार किया था और वे इस समय ई.डी. की हिरासत में हैं। उन्हें निचली अदालत ने 31 मई को नौ जून तक के लिए ई.डी. की हिरासत में भेजा है।**

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने मंगलवार को बताया कि उसने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और अन्य के ठिकानों पर छापे डालकर 2.85 करोड़ रुपये नगद, 1.80 किलोग्राम वजन के सोने के कुल 133 सिक्के और दस्तावेज तथा डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए हैं।

ई.डी. ने एक बयान में कहा कि छापे की यह कार्रवाई सोमवार को की गयी। इसमें नगदी और सोने के अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। ई.डी. ने कहा है कि जब्त नगदी और सोने के स्त्रोत की जानकारी उसे नहीं दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि सत्येंद्र जैन को 30 मई को एजेंसी ने धन शोधन निवारक अधिनियम (पी.एम.एल.ए.), 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था और वह इस समय ई.डी. की हिरासत में हैं। उन्हें निचली अदालत ने 31 मई को नौ जून तक के लिए ई.डी. की हिरासत में भेजा है। ई.डी. ने कहा है कि इस कार्रवाई में सत्येंद्र जैन/पूनम जैन और उन्हें धन शोधन की कार्रवाई में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वाले या उसमें भाग लेने वाले अंकुश जैन, वैभव जैन, नवीन जैन और सिद्धार्थ जैन (मेसर्स राम प्रकाश ज्वैलर्स प्रा. लि. के निदेशक), जी.एस. मथरू (प्रूडेंस स्कूल चलाने वाले लाला शेर सिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट के चेयरमैन), योगेश कुमार जैन (निदेशक/ राम प्रकाश ज्वैलर्स प्रा. लि.), मेसर्स लाला शेर सिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट के ठिकानों पर तलाशी ली गयी। ई.डी. ने कहा है कि जांच में पता चला है कि मेसर्स लाला शेर सिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट के एक व्यक्ति ने सत्येंद्र जैन की कंपनी से उनके साथियों को जमीनों के हस्तांतरण के लिए दिखावे के सौदों की प्रविष्टियां दर्ज कीं।

# 'हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है तो नाम से शिकायत दर्ज करानी चाहिए'

## पायलट कैम्प के विधायक ने महेश जोशी पर कटाक्ष किया

जयपुर, 7 जून (कासं)। राजस्थान में हो रहे 4 सीटों के राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपने सभी विधायकों को उदयपुर के ताज अरावली की बॉड़ेबंदी में पहुंचाने में लगी है और कुछ

- **"खरीद-फरोख्त का दावा है तो शिकायत में नाम लिखना चाहिए, ताकि पता लग सके कि कौन ऐसा कर रहा है।"**

बीमार विधायकों सहित चार पांच मंत्रियों के अलावा सभी विधायक उदयपुर पहुंच भी चुके हैं। सरकार अपने पास 126 विधायकों के समर्थन का दावा कर रही है लेकिन राजस्थान के सरकारी मुख्य सचेतक ने पहले एसीबी में खरीद-फरोख्त को लेकर परिवाद दायर किया तो अब निर्वाचन अधिकारी को भी शिकायत दी है। इन परिवाद और शिकायतों को लेकर सचिन पायलट खेमे के विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने सवाल किया है कि आखिरकार कौन खरीद-फरोख्त कर रहा है इस बारे में नाम भी बताया जाना चाहिए।

सोलंकी ने कहा कि में बीते 7 दिन से घर पर हूं, मुझसे न किसी ने संपर्क किया और न ही किसी तरीके की हॉर्स ट्रेडिंग का प्रयास हो रहा है। अगर किसी को शिकायत दर्ज करानी हो तो उसे नाम के साथ शिकायत दर्ज करवानी चाहिए, ताकि कम से कम किस की शिकायत हो रही है कि किसके ऊपर शक है उसकी जांच तो हो सके।

## राज्यसभा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रही है और उन्हें हॉर्स ट्रेडिंग की संभावना नजर आती है। आयोग से कालेधन के उपयोग को रोकने का अनुरोध किया गया है। कांग्रेस की ओर से राज्य के जलदाय मंत्री एवं सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी ने शिकायत दी है, जबकि भाजपा की ओर से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता राजेन्द्र राठौड़ और प्रतिपक्ष के सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शिकायत दर्ज करवाई है।

## कांग्रेस को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाली सड़क पर निर्मित इस मुख्यालय में नहीं जाना चाहती। कांग्रेस के इस भवन के दो मुख्य द्वार हैं, जिनमें से एक दीनदयाल मार्ग तथा दूसरा कोटला रोड पर खुलता है। कांग्रेस चाहती है कि इस भवन का पता बदलकर 2, कोटला रोड कर दिया जाये। लेकिन अधिकारीगण कोटला रोड पर मुख्य द्वार रखे जाने के विरूद्ध हैं। यह नया भवन, जिसे फिलहाल इंदिरा गांधी भवन के नाम से जाना जाता हैं, में इस समय दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मुख्यालय है। पार्टी पहले तो यह चाहती थी कि उसका मुख्यालय संसद के नज़दीक हो तथा इसलिये राजीव गांधी ने 1984 में सरकार से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मार्ग पर भूमि आवंटित करा ली थी। उस जगह एक आधुनिक किस्म का भवन, जिसे जवाहर भवन नाम दिया गया था, बनवा लिया था, लेकिन पार्टी मुख्यालय के रूप में इस भवन को खारिज कर दिया क्योंकि इसका अग्र भाग कांच का होने के कारण, यह नेताओं के लिये असुरक्षित था। इस समय यह भवन राजीव गांधी फाउण्डेशन का मुख्यालय है। जवाहर भवन के पीछे, बँगला नं. 5, रायसीना रोड, इंडियन यूथ कांग्रेस तथा नैशनल स्टुडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एन.एस.यू.आई.), जो कांग्रेस की विद्यार्थी शाखा है, का मुख्यालय है। सरकार इसे खाली करने के लिये अनेक नोटिस भेज चुकी है। इसके अलावा, कांग्रेस का एक कार्यालय 15, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर भी है। यह भी सरकारी बँगला है, जो कांग्रेस का वॉर रूम है तथा इसका उपयोग रणनीतिक मीटिंगों के लिये होता है।

## '91 के "प्लेसेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चाहिए। याचिकाकर्ता काबोत्रा ने कहा कि केन्द्र ने कोर्ट की न्यायिक पुनरावलोकन के उपाय का अपनी विधायी शक्तियों से अतिक्रमण किया है जो कि संविधान की आधारभूत विशेषता है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया हिंदू, जैन, बौद्धो और सिखों को पहुंचाई गई चोट बहुत बड़ी है और 1991 अधिनियम के सैक्शन्स 2, 3, और 4 ने कोर्ट के पास जाने का अधिकार छीन लिया और इस प्रकार न्यायिक समाधान का अधिकार खत्म हो गया है।

याचिका के अनुसार केन्द्र नाराज हिंदुओं, जैन, बौद्धों और सिखों के लिए अपैलेट कोर्ट्स, संवैधानिक अदालतों का दरवाजा बंद नहीं कर सकता ना ही हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से आर्टिकल 226 और 32 के तहत दी गई शक्तियां छीन सकता है। इसने दावा किया कि एक्ट ने हिंदू, जैन, बौद्ध और सिखों के धर्म स्थलो पर अतिक्रमण के खिलाफ न्याय पाने के अधिकार को यह एक्ट बाधित करता है।

याचिका में एक्ट के सैक्शन 2,3, 4 को रद्द करने और असंवैधानिक करार देने की अपील की है क्योंकि यह समानता के अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता व अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के अधिकार का उल्लंघन करता है और प्राचीन और एतिहासिक पूजा स्थलों पर विदेशी हमलावरों के कब्जे को वैध ठहराता है। इसने कहा कि कानून का क्रियान्वयन करते हुए केन्द्र ने भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या को इससे अलग रखा था पर भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा को नहीं, दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार है।

# 'औरंगज़ेब की सेना अकबर की सेना से काफी ज्यादा विशाल थी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विवेक की झलक उनके द्वारा किए गए मुगल साम्राज्य के आकलन से मिलती है। अकबर और औरंगज़ेब ने साम्राज्यों की तुलना करते हुए वे कहते हैं कि "ऐसा क्या था जिसने अकबर के शासन को इतना शानदार और समृद्ध बना दिया, जबकि उसकी सेना की संख्या औरंगज़ेब की सेना की संख्या से कम थी।" वह एक सवाल खड़ा करते हैं और बाद में उसका उत्तर देते हैं कि "औरगज़ेब ने नैतिक कारकों की पूर्णतः उपेक्षा की। उसने अपनी प्रजा की भावनाओं की परवाह नहीं की।"

महमूद के आकलन में औरंगज़ेब एक बड़े राजनेता थे। उनकी राज-कार्य पद्धति सैन्य अनुशासन और शारीरिक शक्ति की सफलता पर निर्भर थी। वह "सौहार्दपूर्ण तरीकों" की क्षमता को तवज्जो देने में विफल रहे, जिन पर उनके पूर्वजों का भरोसा था। खासतौर पर अकबर ने अपने प्रशासन में यही रीति अपनाई थी।

सर सैयद अहमद के पुत्र महमूद ने अपने 53 वर्ष के लघु जीवन में ना केवल अरबी, फारसी, संस्कृत, अंग्रेजी और लैटिन भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि कैम्ब्रिज युनिवर्सिटी के क्राइस्ट कॉलेज से डिग्री लेन के बाद बैरिस्टर बनने के लिए कानून की शिक्षा भी पूर्ण थी। वर्ष 1879 में जब उन्होंने भारतीय सिविल सेवा में कार्यभार ग्रहण किया, उससे पहले ही वह इण्डियन एविडैन्स एक्ट पर एक कमैन्ट्री लिख चुके थे और मोहम्मडन एंग्लो ओरिएन्टल (एम.ए.ओ.) कॉलेज की नींव डाल चुके थे जो बाद में जाकर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बना।

और 19वीं शताब्दी में महमूद शायद ऐसे पहले जज बने जिन्होंने न्यायिक स्वतंत्रता का समर्थन कर औपनिवेशी शक्तियों का विरोध किया। पुस्तक के लेखक वर्ष 1857 के विद्रोह के बाद मची उथल-पुथल के समय के

- **उनका कहना था, जिन हिन्दू कानूनों व फिलॉसफी की सदियों से विवेचना होती आयी है तथा स्थापित है, उनका आधुनिक सोच के अनुसार विश्लेषण करना सही नहीं है।**
- **सैय्यद अहमद इलाहाबाद के आनंद भवन के प्रथम मालिक थे तथा बाद में यह बंगला 1900 में मोतीलाल नेहरू ने मुरादाबाद के राजा परमानंद से खरीदा था।**

ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का जिक्र करते हुए उल्लेख करते हैं कि यह एक बदला हुआ भारत था, जिसकी मनोदशा में प्रबल बदलाव की जरूरत थी क्योंकि इस विद्रोह के बाद ब्रिटिश हुकूमत स्वयं को स्वीकार बनाने और विश्वास बहाल करवाने के प्रयत्न कर रही थी।

पुस्तक में कहा गया है कि वह हाई कोर्ट में सिर्फ एक अस्थायी न्यायाधीश थे, लेकिन उन्होंने बड़े जोश और निर्भीकता से विरोधी प्रकृति के निर्णय लिखे क्योंकि वह ऐसे जज थे जिनमें ब्रिटिश जजों की तुलना में ज्यादा बुद्धि थी। औपनिवेशिक भारत के एक भारतीय जज के रूप में उन्हें कभी-कभी दोहरा अन्तःकरण रखते हुए मिसाल देनी पड़ती थी और ब्रिटिश इण्डिया में एक भारतीय जज के रूप में सोचना पड़ता था। अतः उन पर आए अधिक सोच के दबाव को कोई समझ सकता है। 19वीं शताब्दी की अंतिम तिमाही के दिनों में महमूद के बारे में सोचा जाए तो यह वह समय था साम्राज्यवादी व्यवस्था में अधीनता को एक महज अंदाज में लिया जाता था।

हाईकोर्ट जज के अपने छह वर्ष के छोटे कार्यकाल और वर्ष के न्यायिक करियर में वह प्राचीन हिंदू व मुस्लिम विधियों तथा इंग्लैण्ड के विधान से सीधे लिए गए सामान्य कानूनों में एकरुपता का सूत्रपात कर सकते थे। ये विधियां मूलपाठों में आ गई हैं और उनके द्वारा दिए गए कई निर्णय देश के न्यायिक इतिहास व व्यवहार में बने हैं। यहां तक कि उनके विरोधी निर्णयों को भी विश्वभर के समकालीन अधिनियमों और विधियों में मौलिक माना जाता है।

पेशेवर उपलब्धियों के अलावा उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था और वह न्यायिक स्वतंत्रता के स्तंभों को खड़ा करने, शिक्षा के जरिए सशक्तीकरण करने और उस सहिष्णुता के लिए दृढ़ रहकर आधारभूत कार्य करते रहे जो स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान "भारत के विचार" के रूप में विकसित हुई और बाद में संविधान में प्रतिष्ठापित हुई।

बायोग्राफी में जो अन्य मजेदार तथ्य प्रकाश में आया है वह है भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आलीशान आवास "स्वराज भवन" था, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह रहा है। यह आवास मूल रूप से जस्टिस महमूद का था। उन्होंने इलाहबाद हाई कोर्ट से इस्तीफ देने के बाद इसे मुरादाबाद के राजा प्रेमानंद को बेच दिया था और उनसे मोतीलाल नेहरू ने इसे वर्ष 1900 में खरीद लिया था।

लेखकों ने उनके जीवन वृत्त और उपलब्धियों को वर्तमान पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत कर सराहनीय कार्य किया है, अन्यथा वह अपने पूर्वजों की उपलब्धियों से बेखबर रह जाती, लेकिन इसके साथ ही दोनों लेखक महमूद की कमजोरियों पर चूक या अनदेखी ना करने के प्रति भी सावचेत रहे हैं। उन्होंने बताया है कि वह शराब के आदी थे और संभवतः इसी वजह से उनका शानदार जीवन समय पूर्व ही समाप्त हो गया।

## सोनिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के समक्ष अपने खराब स्वास्थ्य के कारण प्रस्तुत नहीं हो पाएंगी। इसलिए उन्होंने दूसरी तारीख मांगी है। पार्टी सूत्रों ने कहा, वो वायरल इन्फैक्शन से मुक्त नहीं हुई हैं और टैस्ट में कोविड-19 के लिए अभी नैगेटिव आना बाकी है। ई.डी. ने उन्हें दिल्ली के अपने मुख्यालय पर प्रस्तुत होने के लिए कहा था।

सोनिया गांधी के साथ, 2 जून को उनके पुत्र राहुल को भी ई.डी.के समक्ष प्रस्तुत होने का सम्मन दिया गया था। राहुल की इस प्रार्थना पर कि, 5 जून तक वो विदेश में हैं, ई.डी. ने उन्हें 13 जून को ई.डी. के समक्ष प्रस्तुत होने के नए सम्मन जारी किए थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908